CMYK

सूर्योदय : 6:36
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 29.5
न्यूनतम : 14.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-247 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 26 फरवरी 2026
08 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# इजराइल पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

■ बेन गुरियन एयरपोर्ट पर पत्नी सारा के साथ पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने किया भव्य स्वागत



**यरूशलम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बुधवार को इजराइल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री मोदी की नौ वर्षों में इजराइल की यह दूसरी यात्रा है। जुलाई 2017 में इस देश की उनकी पहली यात्रा के दौरान भारत-इजराइल संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया था।

नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से गले लगाकर अभिवादन किया। इसके बाद तेल अवीव से 20 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित हवाई अड्डे पर मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी आज इजराइल की संसद को संबोधित करेंगे और नेतन्याहू के साथ वार्ता करेंगे। दोनों नेता गुरुवार को व्यापक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इजराइल यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा था कि उन्हें विश्वास है कि यह यात्रा भारत और इज़राइल के बीच स्थायी संबंधों को और सुदृढ़ करेगी तथा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी।

मोदी ने कहा, भारत और इज़राइल के बीच एक मज़बूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के वर्षों में उल्लेखनीय विस्तार और गतिशीलता देखी गई है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चाओं को लेकर आशान्वित हूं जिनका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश के साथ लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों नेता पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री की यह यात्रा पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत-इजराइल संबंध मजबूत हुए हैं, जिनमें रक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और नवाचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है, जिसमें इजराइल भारत को कई सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियार प्रणालियां मुहैया करा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, 'मैं उन भारतीय प्रवासी समुदाय के लोगों से बातचीत करने का भी बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, जो लंबे समय से भारत-इजरायल की खास दोस्ती को बढ़ावा दे रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरी यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत करेगी, रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य तय करेगी। इसके साथ ही, एक मजबूत, इनोवेटिव और खुशहाल भविष्य के लिए हमारे साझा विजन को आगे बढ़ाएगी।

पिछले साल नवंबर में, भारत के रक्षा सचिव की इजराइल यात्रा के दौरान, रक्षा सहयोग पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे। दोनों पक्षों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों में भी लगातार प्रगति देखने को मिल रही है। दोनों पक्षों ने सितंबर में आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक द्विपक्षीय निवेश समझौते (बीआईए) पर हस्ताक्षर किये थे।

### 7 सितंबर, 1950 को भारत ने इजरायल को मान्यता दी और उसी दिन मेरा जन्म हुआ : पीएम मोदी

इजरायली संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मेरा जन्म उसी दिन हुआ था जिस दिन भारत ने इजरायल को ऑफिशियली मान्यता दी थी, 17 सितंबर, 1950 को। मैं भारत के लोगों की तरफ से हर उस जान और हर उस परिवार के लिए गहरी संवेदनाएं रखता हूं जिनकी दुनिया 7 अक्टूबर को हमास के बेरहम आतंकवादी हमले में तबाह हो गई। हम आपका दर्द समझते हैं, हम आपके दुख में शामिल हैं। भारत इस समय और आगे भी पूरे भरोसे के साथ इज़राइल के साथ मजबूती से खड़ा है। इजरायली संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कोई भी वजह आम लोगों की हत्या को सही नहीं ठहरा सकती। कोई भी चीज आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकती। भारत ने भी लंबे समय तक आतंकवाद का दर्द सहा है। हमें 26/11 के मुंबई हमले और इजरायली नागरिकों समेत बेगुनाहों की जान जाने की याद है। आपकी तरह, हमारी भी आतंकवाद के लिए ज़ीरो टॉलरेंस की एक जैसी और बिना किसी समझौते वाली पॉलिसी है, जिसमें कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं है।

## तुच्छ राजनीति कर रहे राहुल गांधी : पीयूष गोयल

■ गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से किया समझौता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी देश की प्रगति को अस्थिर करने के लिए तुच्छ राजनीति कर रहे हैं और भारत विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं।

गोयल ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी परिवार 'कम्प्रोमाइज्ड' (समझौता कर चुका) परिवार है और कांग्रेस एक 'कम्प्रोमाइज्ड' राजनीतिक दल है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया है और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई। गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी ने भारत विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर राष्ट्र हित से समझौता किया है। उन्होंने कहा, गांधी नकारात्मक राजनीति का चेहरा बन गये हैं। सोनिया गांधी को लेकर उन्होंने दावा किया कि शैडो पावर यानी यूपीए के दौरान असली अथॉरिटी प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर काम करती थी। नेशनल हेराल्ड के मामले में पार्टी फंड का इस्तेमाल परिवार के कंट्रोल वाली एंटिटी को एसेट्स ट्रांसफर करने के लिए किया गया था। इसके अलावा, चीन और सोरोस नेटवर्क सहित विदेशी डोनर्स से जुड़े फाउंडेशन ने चिंताएं पैदा कीं। एक अन्य पोस्ट में गोयल ने लिखा, राहुल के भ्रामक बयानों पर भारी कांग्रेस का इतिहास। वो जितना भूलने की कोशिश करें, लेकिन जनता पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रहित के साथ किए गए समझौते को भूल नहीं सकती।



8 रमज़ान 26.02.2026

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 05:09 | 06:07 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 05:03 | 06:17 |

# सिंगापुर दौरे के बाद जापान पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

■ पहले दिन 11 हजार करोड़ के एमओयू साइन



**लखनऊ।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ सिंगापुर दौरे के बाद जापान दौरे पर हैं। पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड ने एमओयू किया है। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं।

**सीको एडवांस जापान :** सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है, जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है। इसके अतिरिक्त ओ एंड ओ ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को लेकर समझौता किया। पहले दिन हुए इन समझौतों को भारत और जापान के बीच औद्योगिक सहयोग को नई गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

**कुबोता कारपोरेशन कंपनी :** वर्ष 1890 में कुबोता कारपोरेशन कंपनी स्थापित की गई थी। यह जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है। इसका मुख्यालय ओसाका में है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार से उपस्थिति को मजबूत कर रही है।

**स्पार्क मिंडा समूह की मिंडा कारपोरेशन :** मिंडा कारपोरेशन, स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है और यह ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधीकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है।

### जापान में प्रवासी भारतीयों से मिले सीएम योगी



**लखनऊ।** 'पहले यूपी में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी। जब प्रवृत्ति डकैती की हो तो प्रदेश भी अंधेरे में रखा जाता है। लेकिन, हमने तय किया कि प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है तो उसे उजाले में लाना होगा। हम सूर्यपुत्र हैं, हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए।' जापान में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने इसी सधे व स्पष्ट अंदाज में प्रदेश के 'अंधेरे से उजाले' तक के परिवर्तन की यशगाथा को सबके सामने रखा। उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और निवेश के नए अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यूपी दंगों की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है और यही परिवर्तन भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

## भारत विश्व बंधु की भूमिका निभाने वाला देश : शिवराज सिंह

**अयोध्या।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे अस्तित्व और आस्था के केंद्र हैं।

रामलला के दर्शन को उन्होंने अपना परम सौभाग्य बताया। राम मंदिर अयोध्या में दर्शन-पूजन का कार्यक्रम तय है। हनुमानगढ़ी में हनुमान जी के दर्शन और सरयू पूजन भी करेंगे। दिल्ली में किसान मेले के शुभारंभ के बाद अयोध्या के कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, 'अन्नदाता ही जीवनदाता है, उसकी सेवा मेरा पहला कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। भारत को 'वसुधैव कुटुंबकम' के संदेश के साथ विश्व बंधु की भूमिका निभाने वाला देश बताया।

# बीएसपी विधायक के घर इनकम टैक्स का छापा

■ मंत्री दिनेश प्रताप ने जताई नाराजगी



**लखनऊ।** बीएसपी विधायक उमाशंकर सिंह के घर लखनऊ में बुधवार को इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा। उमाशंकर सिंह बीएसपी के इकलौते विधायक हैं। वह कैंसर से पीड़ित हैं। दो बार उनका ऑपरेशन हो चुका है। लखनऊ स्थित आवास में वह आइसोलेशन में रहते हैं।

50 से ज्यादा अफसर पुलिस टीम के साथ उनके घर पर कार्रवाई कर रहे हैं। डॉक्टर और नर्स के भी आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। गोमतीनगर में उनका आवास और दफ्तर है।

आयकर विभाग की इस कार्रवाई पर योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के घर मेरी बेटी ब्याही है। उनके घर में आज आयकर विभाग की टीम छापा मार रही है। देश-प्रदेश के राजनेता, आयकर सहित सभी संस्थाओं को पता है कि उमाशंकर सिंह दो वर्ष से अधिक से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उनके लिए धनार्जन नहीं सांसें बचाने में ही सारा समय और धन व्यय हो रहा है। आज अपने आवास में आइसोलेशन में रह रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन एक घंटे के लिए भी नहीं जा सके। इस समय उनके घर पर नर्स या डॉक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं है। यदि उनके जीवन को कोई हानि होती हैं तो ये संवेदनहीन संस्थाएं जिम्मेदार होंगी। इस प्रकार की परिस्थितियों में दुर्लभतम अपराधों में भी न्यायालय दया के आधार पर याचिका स्वीकार करके दोष मुक्त कर देते हैं।

## फरवरी का वेतन फरवरी में ही जारी करने के आदेश

**लखनऊ।** होली पर्व के मद्देनज़र उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत दी है। शासन ने निर्देश जारी करते हुए फरवरी 2026 का वेतन तथा पेंशन/पारिवारिक पेंशन 28 फरवरी 2026 को ही आहरित एवं वितरित करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

वित्त विभाग के वित्त (लेखा) अनुभाग-1 की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, 1 मार्च 2026 को सामान्य अवकाश तथा 2 मार्च 2026 को होलिका दहन के सार्वजनिक अवकाश के कारण वेतन भुगतान की नियमित तिथि प्रभावित हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल की स्वीकृति से यह निर्णय लिया गया है।

# भाजपा ने कटवाए हिंदुओं के वोट : अखिलेश

■ इंडिया गठबंधन में रहने को लेकर तोड़ी चुप्पी



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण) में भाजपा वाले मुस्लिम भाइयों के कागज ढुंढवा रहे थे। अब वे डाटा देख रहे हैं तो हिंदू भाई ज्यादा कागज ढूंढ रहे हैं। भाजपा ने हिंदुओं पर संकट पैदा कर दिया है। याद रहे अगर वोटर लिस्ट में नाम है, तभी भारत के नागरिक हैं। भाजपा ने नोटिस देकर तमाम हिंदू भाइयों के वोट कटवा दिए हैं।

अखिलेश ने बुधवार को उन्नाव और कानपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार ने शंकराचार्य पर झूठा मुकदमा लगवा दिया। जिसने झूठा मुकदमा कराया है, उसके भाजपा नेताओं से संबंध हैं। उसकी फोटो भाजपा के कई नेताओं के साथ है। उन्होंने कहा कि भाजपा का चरित्र सभी ने देखा है। जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज बंद करने के लिए अधिकारियों के माध्यम से न जाने क्या-क्या कराते हैं। राजनीतिक विरोध पर भी अधिकारियों के माध्यम से झूठे मुकदमे लगवाते हैं। अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से हमारा गठबंधन, इंडिया गठबंधन है, जो आगे भी रहेगा। भाजपा ने हरियाणा में सबसे बड़ा स्लॉटर हाउस खुलवाए हैं। अगर भाजपा सरकार में शामिल ओबीसी, एससी-एसटी के मंत्रियों को लग रहा है कि इनके साथ भेदभाव हो रहा है तो सरकार छोड़कर चले आएं।

### बसपा विधायक के यहां छापे पर कहा, भाजपा को खुश कर देने वालों के यहां नहीं पड़ता छापा

बसपा विधायक उमा शंकर सिंह के यहां इनकम टैक्स के छापे पर अखिलेश यादव ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि उमाशंकर सिंह विधायक हैं, उनके घर छापा पड़ा। वह कारोबारी हैं और उनकी मदद होनी चाहिए। जो भाजपा को खुश कर देता है, उस पर छापा नहीं पड़ता है। उमा शंकर के यहां छापा इसलिए पड़ा, क्योंकि कुछ लोग जापान गए हैं। अगर जापान न जाते तो सूचना लीक हो जाती और छापा नहीं पड़ता।

## विवाद : एनसीईआरटी बुक के चैप्टर को लेकर भड़के मुख्य न्यायाधीश

# किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं

■ चीफ जस्टिस ने लिया स्वत: संज्ञान



**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की कक्षा आठ की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार संबंधित अध्याय पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस पर कड़ी नाराजगी और चिंता जताते हुए कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ये एक सोची समझी साजिश प्रतीत होती है। मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा। कानून अपना काम करेगा। पीठ के दूसरे न्यायाधीश जस्टिस जोयमाल्या बाग्ची ने कहा कि पुस्तक संविधान के मूलढांचे के विरुद्ध प्रतीत होती है। ये कड़ी टिप्पणियां सुप्रीम कोर्ट ने तब की जब बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जोयमाल्य बाग्ची की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया।

सिब्बल ने कहा कि इस संस्था का सदस्य होने के नाते उन्हें यह जानकार बहुत दुख हुआ कि एनसीईआरटी कक्षा आठ के छात्रों को न्यायिक भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ा रही है। यह अध्याय पूरी तरह निंदनीय है। सिब्बल ने किताब की प्रति दिखाते हुए कहा कि पुस्तक उनके पास है। इसके बाद चीफ जस्टिस ने बताया कि उन्होंने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया गया है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मुझे इसकी पूरी जानकारी है। कृपया एक दिन इंतजार करें। बार और बेंच सभी चिंतित हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी संस्था को बदनाम करने उसकी गरिमा को धूमिल करने की अनुमति नहीं देंगे। किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा : सिब्बल**

चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें मालूम है कि इससे कैसे निपटना है। सिब्बल ने कहा कि यह आपत्तिजनक है कि बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। जबकि लोगों को न्यायपालिका पर अटूट भरोसा है।

अभिषेक मनु सिंघवी ने एनसीईआरटी द्वारा चयनात्मक दृष्टिकोण अपनाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एनसीईआरटी ने मान लिया है कि कहीं और भ्रष्टाचार नहीं है। पाठ्यपुस्तक में नौकरशाही, राजनीति, सार्वजनिक जीवन और अन्य संस्थानो में भ्रष्टाचार का कोई जिक्र नहीं है। ये सिर्फ न्यायपालिका को ही निशाना बनाती है।

यह मामला एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की नयी पुस्तक से जुड़ा है जिसमें एक अध्याय न्यायपालिका के बारे में है। पाठ्यपुस्तक के अनुसार भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या की कमी, न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं।

### एनसीईआरटी हटाएगा विवादित कंटेंट जिम्मेदार लोगों पर गिर सकती है गाज

**नई दिल्ली।** सामाजिक विज्ञान की आठवीं कक्षा की नई पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भष्ट्राचार शीर्षक नाम से शामिल की गई विषयवस्तु पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी ) ने अब पाठ्यपुस्तक से इस विषयवस्तु को हटाने का निर्णय लिया है। साथ ही कहा है कि इसे पढ़ाया जाना छात्रों के हित में नहीं है। लेकिन इसका जवाब नहीं है कि अगर छात्रों के हित में नहीं है तो इसे जोड़ा क्यों गया। अब एनसीइआरटी से लेकर शिक्षा मंत्रालय तक लोगों के हाथ पांव फूले हैं।

# ईरान का अमरीका पर पलटवार

■ ट्रंप के मिसाइल दावों को बताया बड़ा झूठ



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल शक्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए थे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने वाशिंगटन के बयानों को 'एक के बाद एक बोला गया झूठ' करार दिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिक्रिया देते हुए बघाई ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और हालिया नागरिक अशांति में हताहतों की संख्या को लेकर अमेरिका जो कुछ भी कह रहा है, वह पूरी तरह मनगढ़ंत और 'बड़े झूठ' का दोहराव है। उन्होंने अमेरिका पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया।

इससे पहले ट्रंप ने कांग्रेस (संसद) में दिये एक भाषण में दोहराया कि वह ईरान के मुद्दे पर 'सभी विकल्प' खुले रख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कूटनीति विफल रहती है, तो वह 'सीमित युद्ध' से भी पीछे नहीं हटेंगे। ट्रंप ने कहा, 'हमारी नीति का मुख्य स्तंभ यह है कि हम ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।' इस भाषण में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान ने ऐसी मिसाइलें विकसित कर ली हैं जो यूरोप और विदेशी अमेरिकी ठिकानों के लिए खतरा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अब ऐसी मिसाइलों पर काम कर रहा है, जो जल्द ही अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम होंगी। अमरीका के राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि पिछले साल जून में अमेरिकी हवाई हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट कर दिया था। ट्रंप का कहना है कि ईरान को चेतावनी दी गई थी कि वह अपने कार्यक्रम दोहराए नहीं, लेकिन वह अपनी 'बड़ी महत्वाकांक्षाओं' के साथ इसे फिर से शुरू कर रहा है।

CMYK

अवधनामा



# कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के तहत ऑनलाइन बुकिंग शुरू

## जनसेवा केंद्रों से भी कर सकेंगे आवेदन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्रों की बुकिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र ने बताया कि इच्छुक किसान 25 फरवरी से 4 मार्च तक (कटऑफ तिथि) कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं बुकिंग सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (स्क्रू) एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू योजनाओं के अंतर्गत की जा रही है। जनपद के सभी विकासखंडों में शेष बचे लक्ष्यों के अनुरूप कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरणों के लिए किसान आवेदन कर सकेंगे किसान अपने लैपटॉप, डेस्कटॉप अथवा किसी भी जनसेवा केंद्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर से ओटीपी प्राप्त कर कृषि यंत्रों की बुकिंग कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## 28 फरवरी को आईटीआई लखीमपुर में लगेगा शिक्षुता मेला

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लखीमपुर खीरी में 28 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 3:30 बजे तक शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित अधिष्ठान एवं कम्पनियां प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक एवं तकनीकी बायोडाटा के साथ संस्थान परिसर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं अभ्यर्थियों को मेले में प्रतिभाग के दौरान अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उनकी छायाप्रति भी अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी, जिससे चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। संस्थान प्रशासन ने अधिक से अधिक अभ्यर्थियों से मेले में पहुंचकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद। खीरी टाउन के पट्टी रामदास इलाके के कई लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से स्टेडियम स्थित कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला, सरकार विरोधी नारे लगाए और बाद में डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वर्तमान सरकार आलोचना और सही सुझावों को दबाने का काम कर रही है। उसके विरोध में आवाज उठाने वालों को परेशान किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दर्ज मुकदमें को लेकर कांग्रेसियों में ऊबाल



**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर झूठी एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करते हुए महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को परेशान किए जाने की भाजपाई सरकार की नीति का हम विरोध करते है। त्यागी ने कहा कि शिकायतकर्ता एक ऐसा झूठा व्यक्ति है, जिसके विरुद्ध अनेकों अपराधिक मामले दर्ज हैं। संतों का चोला धारण कर यह शंकराचार्य के विरुद्ध यौन शोषण की शिकायत दर्ज करता है और शासन द्वारा शिकायत की जांच के लिए एक ऐसे अधिकारी को बिठा दिया जाता है, जो शिकायतकर्ता का परम मित्र है। पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, सत्यम भूरियांन सैनी व प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने संतों को प्रताड़ित करने वाली इस भाजपा सरकार की नीति को सनातन विरोधी बताया। गणेश दत्त शर्मा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 ने हमें धार्मिक स्वतंत्रता और देश के सभी धार्मिक संप्रदायों को धार्मिक मामलों के प्रबंधन का मौलिक अधिकार प्रदान किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि शंकराचार्य को जिस तरह मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान से रोका गया, वह हमारी संवैधानिक धार्मिक आजादी का सरासर उल्लंघन है। प्रदर्शनकरियों में जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, सतपाल बर्मन, गौरव वर्मा, इमरान कुरैशी, अनुज शर्मा, अक्षय चौधरी, दुष्यंत राणा, हरिओम मिश्रा, अमरदीप जैन, इकराम खान, सौरव भारद्वाज, प्रभजीत सिंह, नसीब खान, जमाल अहमद, गुलशेर अल्वी, मोहम्मद ताल्हा, राकेश वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, मौहम्मद शाहनवाज, रेखा धीमान, शर्मिष्ठा सिंह, शहनाज बेगम, उपमा सिंह, साजिद अली, वतन सिंह राणा, मनोज शर्मा, शाहबाज अली आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के अंतर्गत युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गोल्डेन जुबली हॉल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) के तत्वावधान में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के अंतर्गत युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गोल्डेन जुबली हॉल में बुधवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगोष्ठी के साथ रंगोली, चित्रकला एवं लोकनृत्य प्रतियोगिताओं के साथ भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का सजीव प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के निदेशक श्री अतुल द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को इस प्रकल्प के



महत्त्व से परिचित कराया सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा क्रमशः प्रियांशी ने नेपाली नृत्य, वर्षा, कोयल एवं पूनम ने थारू जनजातीय नृत्य तथा लवी ने कजरी नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार, विभाग प्रभारी राजनीति शास्त्र ने भारत-नेपाल संबंधों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राजनयिक आयामों पर विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान देते हुए कहा कि भारत-नेपाल संबंधों की शक्ति उनकी सांस्कृतिक निरंतरता में निहित है और विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए।इसके पश्चात नैना गुप्ता द्वारा कत्थक शैली में होली नृत्य तथा जनजातीय होली नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत-नेपाल की मित्रता हमारी साझा लोकसंस्कृति की जीवित पहचान है, और ऐसे आयोजन इस संबंध को और सुदृढ़ करते हैं कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) हेमन्त कुमार पाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि यह महोत्सव हमारी सांस्कृतिक एकता को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त सेतु है तथा भारत और नेपाल के मध्य प्रेम एवं सौहार्द को और प्रगाढ़ बनाता है।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रंगोली, चित्रकला एवं लोकनृत्य प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र तथा विशिष्ट प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।कार्यक्रम की संयोजक प्रो. ज्योति पंत (अर्थशास्त्र विभाग) रहीं, जिनके कुशल निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## सपा सुप्रीमों अखिलेश से भेंट कर आगामी चुनाव को लेकर की चर्चा

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव से पार्टी नेताओं ने आगामी 2027 के होने वाले चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की, जिस पर उन्होंने सभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव मंगलवार को चंडीगढ़ के जीरकपुर में एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। इस दौरान सपा कार्यालय प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी, पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा, वरिष्ठ सपा नेता ऋषभ त्यागी ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान फैसल सलमानी व अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव को जनपद की स्थिति से अवगत कराया और 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जी जान से जुट जाये। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता जीत का लक्ष्य निर्धारित कर चुनाव की तैयारी में लगे।

# शंकराचार्य पर कथित अभद्रता तथा उत्पीड़न को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** कांग्रेसियों द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के खिलाफ कथित अभद्रता और उत्पीड़न के मामले में विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार कांग्रेसी,जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर एवं नगर अध्यक्ष मुन्नालाल सागर के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समीप स्थित अंबेडकर पार्क पर एकत्रित हुए और उनके द्वारा यहां शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेटर ओंमकार सिंह ने कहा कि वर्तमान




भाजपा सरकार सही बात सुनना नहीं चाहती जो उन्हें सही सुझाव देता है उनकी बात को दबाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार की हटधर्मिता के चलते उनके विरुद्ध मुखर होकर अपनी बात रखने वाले ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी एवं उनके शिष्यों को अनायास परेशान एवं प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या के पुण्य अवसर पर पुलिस द्वारा उन्हें व उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका गया,उनके साथ आये बटुकों की चोटी खींच कर उन्हें अपमानित करते हुए थाने में लेजाकर प्रताड़ित करने का कार्य सरकार की सह पर किया गया,वहीं अब शंकराचार्य, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी है।जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कहा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 धार्मिक स्वतंत्रता तथा धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन का मौलिक अधिकार प्रदान करते हैं। शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है, जिसकी मान्यता एवं परंपरा ऐतिहासिक धार्मिक परिपाटियों द्वारा निर्धारित होती है। उन्होंने इस मामले में एफ.आई.आर. दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की पृष्ठभूमि, उनकी परिस्थितियों तथा संभावित प्रेरक तत्वों का निष्पक्ष परीक्षण एवं पारदर्शी जांच की मांग की है।

## यादव जी की लव स्टोरी पर रोक को लेकर,सौंपा गया ज्ञापन

### यादव उत्थान समिति के लोग जुलूस की शक्ल में पहुंचे

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** आगामी 27 फरवरी को रिलीज होने वाली फिल्म÷यादव जी की लव स्टोरी÷ को लेकर यादव उत्थान समिति द्वारा विरोध जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सौंपा गया है।

समिति के लोग जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव के नेतृत्व में बुधवार को जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे थे।जुलूस में शामिल लोग÷यादव जी की लव स्टोरी नहीं चलेगी नहीं चलेगी÷ जैसे नारे लगा रहे थे। ज्ञापन में फिल्म के बारे में आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा गया है कि फिल्म में दिखाए गए कथानक से यादव समाज की भावनाएं आहत हुई




हैं,जिससे समाज में भारी आक्रोश है। समिति का कहना है कि आगामी दिनों में रिलीज होने वाली इस फिल्म में जाति विशेष की लड़की एवं धर्म विशेष के लड़के के मध्य प्रेम प्रसंग को कृत्रिम व बनावटी तरीके से दर्शाया गया है,जिससे यादव समाज में भारी आक्रोश है।समिति द्वारा ज्ञापन के माध्यम से फिल्म निर्माता संदीप तोमर निर्देशक अंकित भड़ाना फिल्म की हीरोइन प्रगति तिवारी सहित फिल्म के हीरो विशाल मोहन के विरुद्ध विधिक कर्यवाही की मांग करते हुए फिल्म पर रोक को न्याय हित में आवश्यक बताया गया है।हालांकि,टाइम्स नाउ की खबर के मुताबिक फिल्म का नाम बदलने को लेकर देश की

सर्वोच्च अदालत में विश्व यादव परिषद के चीफ की ओर से दायर याचिका को बुधवार को अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में जगमोहन यादव,मोनू यादव, उर्वेश यादव, सुखवीर यादव, प्रेम यादव,बंटी यादव,बृजेश यादव, विजय शर्मा, केशव शाक्य, भानु यादव, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

## चार लाख की अवैध स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार लाख रूपये कीमत की 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस ने नशा तस्कर का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुखबीर सिंह व रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर मेहरबान पुत्र इलियास निवासी ग्राम महेश्वरी कलाँ थाना चिलकाना को ग्राम बहादरा से दबकोरा की तरफ जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पुलिस लाइन सभागार में किया गया पीस कमेटी की बैठक का आयोजन



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस परेड ग्राउंड सभागार में होली एवं रमजान के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं एडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में गणमान्य नागरिक, धर्मगुरुओं एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह एवं एडीएम ई अरूण कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जनपद में पूर्व की भांति इस वर्ष भी होली व रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है।पुलिस अधीक्षक नगर को सोशल मीडिया पर निगरानी हेतु नामित किया गया।बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए,संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन से निगरानी कराई जाएगी। बैठक में बताया गया कि जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावी है। इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। नगर निकाय व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जिन मार्गों पर होली होती है उन मार्गों का पहले ही निरीक्षण कर गढ्डे इत्यादि यदि कहीं हो तो उन्हें ठीक कराया जाए।विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्युत के झूलते व लटकते तार यदि कहीं हो तो उन्हें दुरुस्त किया जाए। बैठक में अन्य संबंधित विभागों को भी निर्देशित किया गया है।बैठक मेंसभी समुदायों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया है। इस मौके पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर स्वास्थ्य मिशन से जुडे कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े कर्मचारियों ने आज 'समान कार्य-समान वेतन' दिलाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपते हुए समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र कुमार, मंडल संयोजक एमपी सिंह चावला,जनपद संयोजक शुभम मानिक, जनपद सह संयोजक अभिषेक वर्मा, मुकेश कुमार और अनुज कुमार के नेतृत्व में सभी कर्मचारी एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप कुमार तथा बाद में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों को 'समान कार्य-समान वेतन' और मूलभूत सुविधाएं दिलायी जाये। इस मौके पर देवेंद्र कुमार, स.एमपी सिंह चावला, शुभम मानिक, अभिषेक वर्मा, मुकेश कुमार, अनुज कुमरार, विनीत चौहान, सचिन, विकास, सुधीर, ओम प्रकाश, मुद्दसिर, आशुतोष, सजनीत, पुनीत सहित काफ़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी एवं आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहे।

# केंद्रीय तथा प्रभारी मंत्री द्वारा की गई विकास कार्यों की समीक्षा

## अधिकारियों को दिए निर्देश




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री द्वारा बुधवार को यहां पहुंचकर विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उनके द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने बुधवार को एनआईसी सभागार में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व सम्बंधित अधिकारियों के साथ जनपदीय विकास कार्यों की सीएम डैशबोर्ड पर प्रगति की समीक्षा की।इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार कर उसको सफलतापूर्वक सम्पादित करने के लिए कहा। अधिकारियों से कहा कि वह जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल आवश्यक रूप से रिसीव करें।

प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने व धरातल पर कार्यों को चेक करने के लिए कहा तथा शिकायतों की पुनरावृत्ति ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा।भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अधिकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन प्राप्त करें तथा आम जनता से बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित करें।जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि जो भी दिशा निर्देश जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए हैं उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।इससे पहले पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस आगमन पर प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्र,सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला आदि मौजूद रहे।

## दो बाईको की भिडन्त में एक की मौत, दो गंभीर

**सहारनपुर।** कोतवाली मंडी क्षेत्रान्तर्गत मंडी समिति रोड पर देर रात दो बाइकों की हुयी आमने-सामने की जोरदार भिड़न्त में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मण्डी क्षेत्रान्तर्गत निर्यात निगम चौकी के समीप दो बाईको की आपस मे जोरदार भिडन्त हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाईकों के परखच्चे उड गए और हादसे के बाद बाईक सवार युवक उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। जिनको गंभीर चोटें आई। सूचना मिलते ही थाना मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। उपचार के दौरान पुल कम्बोहान निवासी नवाज ने दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य युवकों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# विधायक ने किया नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों का स्वागत, जतायी खुशी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान विधान सभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेन्द्र निम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही विश्व का एक मात्र ऐसा लोकतांत्रिक राजनीतिक दल है, जिसमें एक सामान्य कार्यकर्ता भी पदासीन हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के साथ ही पात्र लोगो तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करेंगे। विधायक देवेन्द्र निम आज यहां चन्द्र नगर स्थित अपने आवास पर आयोजित रामपुर मनिहारान विधान सभा क्षेत्र के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रामपुर मनिहारान देहात मंडल के नवनियुक्त



अध्यक्ष संजय पंवार चेयरमैन, बलियाखेड़ी मण्डल अध्यक्ष किशोर भारती व नागल मण्डल अध्यक्ष हरीश त्यागी के मण्डल अध्यक्ष होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकारें देश व प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर करने का काम कर रही है। जिसकी बदौलत आज समाज के हर वर्ग में भाजपा की लोकप्रियता बढ़ी है और देश व प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने आशा जतायी कि नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों के नेतृत्व में भाजपा आगामी विधान सभा चुनाव में पुनः सफलता हासिल करेगी। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष संजय पंवार चेयरमैन ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जायेगा तथा घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश आम जन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराम धीमान एडवोकेट ने कहा कि विधायक देवेन्द्र निम के प्रयास से रामपुर विधान सभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य कराया जा रहा है।

# हमने अपने गुरु महाराज को धर्म की रक्षा के लिए वचन दिया है



**हमें बदनाम करने की साजिश रची जा रही है और यह सत्ता पक्ष में बैठे लोग कर रहे हैं : अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती**

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** केदार घाट स्थित विद्या मठ में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आज बुधवार को एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता की,जिसमें उन्होंने अपने ऊपर लगे यौन शोषण के आरोपों को सिरे से खारिज किया और इसके पीछे एक साजिश का आरोप लगाया। आरोपों को नकाराः उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों (स्रद्धक्र) को पूरी तरह 'फर्जी' और 'साजिश' करार दिया। उन्होंने उल्टा शिकायतकर्ता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि, उन्होंने आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा आरोप लगाने वाले के साथ पुलिस की मिलीभगत की ओर इशारा किया। उन्होंने उस कथित सीडी या साक्ष्य को सामने लाने की चुनौती दी, जिस पर आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ यह एक प्रोपेगेंडा मात्र है और इसमें गहरा साजिश छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमको अगर हमारे गुरु गद्दी में बैठाया है तो सनातन धर्म की रक्षा के लिए बैठाया है। धर्म के मामले में कभी समझौता मत करो यह शिक्षा दिया था। उन्होंने कहा मैंने अपने गुरु महाराज को वचन दिया हूँ।

पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'हम योगी आदित्यनाथ थोड़े न हैं कि अपने ऊपर लगे मुक़दमे हटवा लें '। हालांकि उनके वकील ने बताया कि, उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत (अग्रिम जमानत) के लिए याचिका दायर की है।

## षड्यंत्र के तहत शंकराचार्य और स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी मुकदमा दर्ज हुआ है : राघवेंद्र चौबे



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान और उत्पीड़न के आरोपों को लेकर वाराणसी में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। महानगर कांग्रेस कमेटी, वाराणसी ने बुधवार को प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि धार्मिक परंपराओं और संत समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। चेतगंज स्थित पार्टी कार्यालय से जारी बयान में महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे एडवोकेट ने आरोप लगाया कि अमावस्या के अवसर पर पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका। उनका कहना है कि इस दौरान पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किया गया और बाद में उन्हें थाने ले जाकर प्रताड़ित किया गया।

राघवेंद्र चौबे ने यह भी आरोप लगाया कि एक कथित षड्यंत्र के तहत शंकराचार्य और स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी समेत अन्य लोगों के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है। उन्होंने इसे संत समाज के सम्मान पर आघात बताया।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि एफआईआर दर्ज कराने वालों की पृष्ठभूमि की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराई जाए। उनका कहना है कि पूरे प्रकरण की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच ही सत्य को सामने ला सकती है। पार्टी का दावा है कि बिना निष्पक्ष जांच के इस मामले की सच्चाई स्पष्ट नहीं होगी और धार्मिक परंपराओं की गरिमा प्रभावित होती रहेगी। ज्ञापन पर राजेश्वर सिंह पटेल, फरासत हुसैन बाबू और राघवेंद्र चौबे के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन देने जाते समय एक बड़े जुलूस के रूप में कांग्रेस जन इकट्ठा हुए थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, जिले में दुर्घटनाएं रोकने के लिए दिए अहम निर्देश

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमे जिलाधिकारी द्वारा निम्न आदेश दिये गये। विद्यालय के वाहनों के फिटनेस का कार्य इस माह में शत-प्रतिशत पूर्ण करायें जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोबा को सख्ती से चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया।

जनपद के स्कूली वाहनों के चालकों का नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण,चरित्र वेरीफिकेशन,ड्राईविंग लाईसेन्स के सत्यापन की शत-प्रतिशत कार्यवाही इस माह में पूर्ण की जायें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग महोबा को निर्देशित किया गया कि झलकारी बाई तिराहा से परमानन्द तिराहे तक मार्ग में लगे विद्युत पोलों को शीघ्रता से शिफ्ट कराया जायें, जिससे उक्त मार्ग में फोरलेन का कार्य तीव्र गति से समय-सीमा में पूर्ण हो सके। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि चरखारी में तालाब के किनारे क्षतिग्रस्त पुलिया को ठीक कराया जायें।

## होली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, कई प्रतिष्ठानो के नमूने भरे



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिले में त्योहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर गठित हुई राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर मिठाई और खोया की दुकानों पर छापामारी की गई। इस दौरान पांच दुकानों से सैंपल लिए गए । तहसीलदार की मौजूदगी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा शहर के अलग-अलग इलाको में छापामारी अभियान चलाया गया जिससे मिलावटी दुकानदारो में हड़कंप मच गया।दरअसल होली का त्यौहार नजदीक आते ही खाद्य दुकानों में मिलावटखोरी रोकने के लिए प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है ।

जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा महोबा मुख्यालय के अलग-अलग इलाको में तहसीलदार की मौजूदगी में खो़या की दुकानों सहित मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की गई। इस छापामारी से दुकानदारों में हड़कम्प मच गया और छापामारी के दौरान टीम द्वारा पांच दुकानों से दूध,खो़या और मिठाई के सैम्पल लिए गए। जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है । मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकांत बाजपेयी ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से खो़या और मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की जा रही है जिसमे 3 दूध के सैम्पल और 2 खो़या के सैम्पल लिए गए हैं यह कार्यवाही होली तक चलती रहेगी ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत आज सायं 05.30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय फतेहगढ़ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिनांक 24.02.2027 तक प्राप्त फार्मो का के बारे में अवगत कराया कि अब तक कुल फार्म-6-53883, फार्म-7- 1324 तथा फार्म-8-15443 प्राप्त हुए हैं।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आलेख्य प्रकाशन अवधि में समस्त पात्र व्यक्तियो के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल कराने हेतु बूथ लेवल एजेंटों का सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया कि वर्तमान में समस्त विधानसभाओं में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान नो मैपिंग तथा लॉजिकल डिस्पेन्सरीज वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई का कार्य चल रहा है। राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया अब तक जारी नोटिस- 270358 के सापेक्ष 178647 मतदाताओ के नोटिस की सुनवाई पूर्ण की जा चुकी है। उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी से जिला संयोजक चुनाव प्रबन्धन मुकेश गुप्ता समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शाक्य एडवोकेट, बहुजन समाजपार्टी से रामरतन गौतम तथा आम आदमी पार्टी से जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ अचल प्रताप सिंह चित्रांशु शुक्ला उपस्थित रहे।

## थाना कुलपहाड़ व आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब पर बड़ी कार्रवाई



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा अवैध एवं कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के नेतृत्व में आबकारी विभाग एवं थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्रभावी एवं निर्णायक कार्यवाही की गई। अभियान के तहत कबूतरा डेरा मुढारी क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा सघन छापेमारी करते हुए लगभग 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर विधिवत सीज की गई तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त गोरा तालाब कबूतरा डेरा, बेलाताल (कुलपहाड़) क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण की सूचना पर दबिश दी गई। मौके पर लगभग 7000 लीटर अवैध कच्ची लहन को नष्ट कराया गया। साथ ही 350 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## राजा हरिश्चंद्र घाट और मणिकर्णिका घाट पर खेला जाएगा 'मसाने की होली'

**किसी व्यक्तिगत विरोध को काशी की जनता का विरोध नहीं मानते : कपाली बाबा**



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** काशी में हर वर्ष धार्मिक और निष्ठा के साथ 'मसाने की होली 'खेली जाती है। मगर इस वर्ष 27 फरवरी राजा हरिश्चंद्र घाट एवं 28 फरवरी मणिकर्णिका घाट को होने वाले चिता भस्म की होली पर रोक लगाने की मांग उठी है। काशी विद्वत परिषद और डोम राजा परिवार ने इसे 'अशास्त्रीय,' श्मशान की मर्यादा के विरुद्ध और हुड़दंग का कारण बताते हुए इसे रोकने के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। वही राजा हरिश्चंद्र घाट पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कपाली बाबा (पीठाधीश्वर) एवं महाकाल के पुजारी ने पत्र-प्रतिनिधियों को बताया कि,इस उत्सव को संगठित एवं उत्सविक स्वरूप लगभग 350 वर्ष पूर्व बाबा काल भैरव के तत्कालीन पीठाधिपति अघोरी उमानाथ तथा बाबा कीनाराम जी महाराज के प्रधान शिष्य बाबा बीजाराम एवं नाथ परंपरा के प्रसिद्ध संत योगी दीनानाथ के संयोजन में काशी की शैव संन्यासी परम्परा के साथ प्रारम्भ किया गया था। इन तथ्यों का उल्लेख परम्परागत प्रपत्रों एवं स्थानीय इतिहासकारों के अभिलेखों में प्राप्त होता है। श्री कपाली बाबा ने कहा कि,यह एक विशिष्ट और आध्यात्मिक महत्व है। यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि शिवत्व की अनुभूति और जीवन-मरण के दर्शन का अद्भुत संगम है। 'बम-बम' के जयघोष से गूंजती महादेव की नगरी में नागा साधु, किन्नर समुदाय, अघोर साधक तथा सामान्य श्रद्धालु एक साथ सम्मिलित होकर इस अलौकिक परम्परा को साकार करते हैं।काशी के घाटों पर होली के अवसर पर संत समाज की सहभागिता प्राचीन काल से रही है। उन्होंने यह भी कहा कि,मसाने की होली एक पवित्र धार्मिक आयोजन है। विगत वर्षों में इसमें कुछ अवांछित प्रवृत्तियों के प्रवेश की शिकायतें सामने आई थीं, किन्तु गत वर्ष से संत समाज एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से इसमें आवश्यक सुधार किए गए हैं, जिससे इसकी गरिमा और पवित्रता पुनः स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि,अतः काशी में मृत्यु नहीं मोक्ष है मसाने की होली हमे सिखाती है कि मृत्यु से भय कैसा महादेव स्वयं महाकाल है उनके सानिध्य में मृत्यु भी एक परम आनन्द है इसीलिए काशी में मृत्यु का भी उत्सव मनाया जाता है यह अध्यात्म की चरम पराकाष्ठा है।

वही मणिकर्णिका घाट पर 28 फरवरी को होने वाली चिता भस्म की होली के आयोजक गुलशन कपूर ने कहा कि,कोई ऐसा विरोध नहीं हो रहा है जिसके लिए यह लोक पर्व ना मनाया जाए। उन्होंने दो परिवार और सामाजिक संस्था पर निशाना साधते हुए कहा कि,यह विरोध समाज का नहीं है व्यक्तिगत विरोध है। हम हर वर्ष किस तरह इस वर्ष भी शांतिपूर्वक तरीके से होली खेलेंगे।

## गोरखपुर में कुआनो नदी में फिर मिला शव, इलाके में सनसनी



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर माफी गांव के सामने कुआनो नदी में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत और सनसनी का माहौल बन गया। लगातार नदी में शव मिलने की घटनाओं से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार सुबह ग्रामीणों ने नदी में एक शव उतराता देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान अमरजीत पुत्र चुन्नीलाल, निवासी दुघरा गांव, थाना उरूवा क्षेत्र के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

पुलिस का कहना है कि हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि मामला हादसा है, आत्महत्या है या फिर किसी अन्य कारण से जुड़ा हुआ है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## हाफिज इरशाद ने तरावीह में कुरआन-ए-पाक किया मुकम्मल, देश की सलामती के लिये मांगी गई दुआएं

**हाजी कुतुबशाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार-ए-अकदस में मंगलवार की रात में पढ़ा गया कुरान पाक**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** माह-ए-रमज़ान पर तरावीह में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शहर के हाजी कुतुबशाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार-ए-अकदस में चल रही तरावीह का मंगलवार की रात हाफिज इरशाद ने कुरान सुनाते हुए तरवीह मुकम्मल की। तरावीह में सैकड़ों की संख्या में रोज़ेदारों ने शिरकत करके तरावीह में कुरान को सुना। कुरान पूरा होने के बाद कमेटी के लोगों ने हाफ़िज़ की गुलपोशी करके उन्हें बधाई दी और अंत में मुल्क में अमन व अमान एवं भाईचारा के लिये दुआएं भी मांगी गई। इस मौके मुफ्ती साहब ने कुरान पर रोशनी डालते हुए मुस्लिमों से नेक राह पर चलकर जिंदगी गुजर बसर करने की अपील की।

हाजी कुतुबशाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार परिसर में छठवें रोजे को तरावीर पूरी होने के बाद मुफ्ती शमीउद्दीन साहब ने खिताब करते हुए कहा कि जो किताब दुनिया वालों के जरिए लिखी जाती हे उसमें शक की गुंजाइश है, लेकिन कुरान दुनिया वालों की किताब नहीं बल्कि अल्लाह पाक की तरफ से भेजी जाने वाली किताब है, इसमें शक नहीं किया जा सकता, क्योंकि अल्लाह ने कुरान के शुरू में ही बयान फरमादिया है कि ये कुरान वो किताब हे जिस में शक नहीं करना। उन्होंने बताया कि आज हमने कुरान पर अमल करना छोड़ दिया है इसीलिए परेशान हैं, अगर हम कुरान को पढ़कर उस पर अमल करेंगे तो हमारी दुनिया और आख़रित भी कामयाब हो जाएगी। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीन की तालीम दिलाए जाने पर जोर दिया।

हाफिज इरशाद ने खिताब करते हुए कहा कि कुरान अल्लाह का कलाम है, जो रमजान में नाजिल हुआ। कुरान सुनना और सुनाना सुन्नत है और रमजान के आखिरी दिनों तक तरावीह जारी रखनी चाहिए। तरावीह पूरी होने के बाद हाफिज की गुलपोशी करते हुए लोगों ने उन्हें फूलमाला से लाद किया। इसके बाद फातिहा और दुआ का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें अल्लाह से माफ़ी, जहन्नम की आग से पनाह, और ईमान की मजबूती के अलावा मुल्क की तरक्की और अमन चैन कायम रखने की दुआएं मांगी गई।

## सिलेंडर फटने से सात दुकाने जली, दमकल विभाग की टीम ने पाया काबू

**महोबा।** शहर के व्यस्त डाक बंगला चौराहे पर भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। इस अग्निकांड में आधा दर्जन से अधिक दुकानें और गुमटियां जलकर खाक हो गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

आग ने एक ढाबा, मोमोज की दुकान, चाय की गुमटी और प्राइवेट बस बुकिंग काउंटर समेत लगभग सात दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल की गाड़ियों के पहुंचने में कथित देरी के चलते आग और भड़क गई। इस दौरान एक दुकान में रखे छोटे गैस सिलेंडर में जोरदार विस्फोट हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। यातायात को रोककर बचाव कार्य शुरू कराया गया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने अग्निशमन विभाग की देरी पर नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल की गाड़ियां करीब आधे घंटे बाद पहुंचीं। अग्निकांड से कई गरीब परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि उनकी जमा-पूंजी और सारा सामान आग में जल गया।

स्थानीय निवासी प्रदीप के अनुसार, दुकानों के पीछे स्थित डाक बंगला मैदान में कुछ लोग चूल्हे पर खाना बनाते हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रोजगार योजना पर बैठक संपन्न हुई

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधान मंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की बैठक आयोजित की गई। विकसित भारत रोजगार योजना का उद्देश्य देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना तथा स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत उद्योगों एवं निजी प्रतिष्ठानों को नए रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को कार्य के अवसर प्राप्त हो सकें। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित विभागों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाये, योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार से जोड़ने तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जायेगी। योजना के अंतर्गत ऐसे प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहन दिया जायेगा जो नए कर्मचारियों की नियुक्ति करेंगे,इस योजना में प्रथम बार रोजगार कर रहे कर्मचारियों को एक माह का वेतन( 15000 तक) मिलेगा वही नियोक्ता को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिये प्रोत्साहन दिया जाएगा साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिये 02 साल के लिये विस्तारित लाभ दिया जाएगा,इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आजीविका मिशन नमो ड्रोन दीदी हेतु बैठक संपन्न हुई है

**फर्रुखाबाद ।** आज कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत नमो ड्रोन दीदी हेतु सीएलएफ चयन हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक की गई।

बैठक में जनपद के सभी 28 सीएलएफ के माध्यम से 28 ड्रोन दीदी एवं ड्रोन सहायक के चयन की स्वीकृति प्रदान की गई, ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन के माध्यम से फसलों में यूरिया , कीटनाशक , एवं अन्य उर्वरक आदि का छिड़काव करने का कार्य किया जाएगा, जिससे समय व श्रम की बचत होगी, चयनित ड्रोन दीदी को एन0आर0एल0एम0 द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान पर ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

# रोजा-नमाज के जरिए अल्लाह को राजी करने में जुटे रोजेदार

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** रोजेदार रोजा-नमाज के जरिए अल्लाह को राजी करने में जुटे हुए हैं। माह-ए-रमजान का सातवां रोजा रोजेदारों ने अल्लाह तआला की इबादत में गुजारा। जब दुआ में हाथ उठा तो दिल से यही सदा निकली 'या इलाही हर जगह तेरी अता का साथ हो, जब पड़े मुश्किल शहे मुश्किल कुशा का साथ हो'। तरावीह की नमाज जारी है। बाजार में चहल-पहल है। दिन व रात खुशगवार है। घर व मस्जिद में कुरआन-ए-पाक व दुरूद ओ सलाम पढ़ा जा रहा है। घरों में महिलाओं की जिम्मेदारी बढ़ गई है। इफ्तार व सहरी में दस्तरख्वान बेहतरीन खानों से सजा नजर आ रहा है। रहमत का अशरा जारी है। दस रोजा पूरा होने के बाद मगफिरत का अशरा शुरु होगा।



**रोजा रखने से इंसान तंदुरुस्त हो जाता है : हाफिज नजरे आलम**

मदरसा दारुल उलूम हुसैनिया दीवान बाजार के प्रधानाचार्य हाफिज नजरे आलम कादरी ने बताया कि रोजा रखने से इंसान तंदुरुस्त हो जाता है। हदीस शरीफ में है रोजा रखो सेहतयाब हो जाओगे। रमजान के पवित्र माह में रोजा रखने से पाचन क्रिया और अमाशय को आराम मिलता है। सालों-साल लगातार काम करने के कष्?ट से शरीर की इन मशीनरियों को कुछ दिनों तक आराम मिलता है। इस दौरान आमाशय शरीर के भीतर फालतू चीजों को गला देता है। यह लंबे समय तक रोगों से बचे रहने का एक कारगर नुस्खा है। उन्होंने बताया कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को खजूर बेहद पसंद थी। खजूर में शिफा है। खजूर से रोजा खोलना पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत है। खजूर जन्नत का फल है और इसमें जहर से भी शिफा है। खजूर खाने से न सिर्फ थकावट दूर होती है बल्कि गुर्दे की ताकत भी बढ़ती है।

**रमजान में की गई इबादत बहुत असरदार : मो. फैजान**

जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में कार्यरत मोहम्मद फैजान ने बताया कि इस्लाम धर्म में अक्सर आमाल किसी न किसी रूह परवर वाक्या की याद ताजा करता है। रोजा पिछली उम्मतों में भी था। मगर उसकी सूरत हमारे रोजों से जुदा थी। विभिन्न रवायतों से पता चलता है कि हजरत आदम अलैहिस्सलाम हर माह 13, 14, 15 को रोजा रखते थे। हजरत नूह अलैहिस्सलाम हमेशा रोजेदार रहते थे। हजरत दाऊद अलैहिस्सलाम एक दिन छोड़कर एक रोजा रखते थे। हजरत ईसा अलैहिस्सलाम एक दिन रोजा रखते और दो दिन न रखते थे। रमजान के महीने में की गई अल्लाह की इबादत बहुत असरदार होती है। इसमें खान-पान सहित अन्य दुनियादारी की आदतों पर आदमी संयम करता है। आदमी अपने शरीर को वश में रखता है साथ ही तरावीह और नमाज पढ़ने से बार-बार अल्लाह का जिक्र होता रहता है जिसके द्वारा इंसान की रूह पाक-साफ होती है।

### सदका-ए-फित्र एक आदमी की तरफ से 75 रुपए है : मुफ्ती आजहर

रमजान हेल्पलाइन नंबर 8604887862, 9598348521, 9956971232, 7860799059 पर बुधवार को सवाल ओ जवाब का सिलसिला जारी रहा। उलमा किराम ने कुरआन व हदीस की रोशनी में जवाब दिया।

**1. सवाल** : इस साल सदका-ए-फित्र की मिकदार कितनी है?

**जवाब** : शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी ने बताया कि गोरखपुर के मुसलमानों के लिए गेहूं की कीमत के ऐतबार से सदका-ए-फित्र की मिकदार एक आदमी की तरफ से 75 रुपए है, आप अपनी ताकत और तौफीक के मुताबिक जौ, खजूर या मुनक्का की कीमत भी 4 किलो 94 ग्राम का लिहाज करते हुए सदका-ए-फित्र निकाल सकते हैं।

**2. सवाल** : सदका-ए-फित्र किन पर वाजिब है?

**जवाब** : हर मालिके निसाब पर अपनी तरफ से और अपनी नाबालिग औलाद की तरफ से एक-एक सदका-ए-फित्र देना वाजिब है।

**सूचना**

मैं परमजीत चावला पुत्र श्री चरण सिंह चावला नि. गोपाल नगर सहारनपुर की कक्षा 10 की मार्क शीट और प्रमाण पत्र रोल नंबर 0230171 कहीं गुम हो गया है।

**सूचना**

मैं जमील पुत्र शरीफ अहमद निवासी ग्राम मानक मऊ थाना कुतुबशेर जि.सहारनपुर ने ग़लत संगत और आचरण के कारण अपने पुत्र मो. नदीम व पुत्रवधु श्रीमती हिना परवीन पत्नी मो. नदीम निवासी ग्राम मानक मऊ थाना कुतुबशेर जि. सहारनपुर को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे कुल वास्ता मतलब ख़त्म दिया है। भविष्य में अपने कु कृत्य हेतु दोनों पति पत्नी खुद ही जिम्मेदार होंगें।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ATM-LKO-JNH-Gen-48-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 13.03.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ATM-LKO-BOY-Gen-50-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 13.03.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | DBU-LKO-JNH-Gen-49-25-1 (DBU-Digital Banking Unit) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 13.03.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | DBU-LKO-BOY-Gen-49-25-1 (DBU-Digital Banking Unit) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 13.03.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

634/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तीर्थयात्रियों के लिए 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर बढ़ेंगी सुविधाएं



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** निर्माणाधीन 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर व्यापक विकास हो रहा है। इससे तीर्थयात्रियों को काफी सुगमता होगी। योगी सरकार रामनगरी को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन और तीर्थाटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परिक्रमा मार्ग अयोध्या की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है जो लगभग 40-45 किलोमीटर लंबा है। यह सरयू नदी के आसपास फैला हुआ है। यहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम की नगरी की परिक्रमा करते हैं। कार्तिक में परिक्रमा का विशेष महत्व होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस मार्ग को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, ताकि लाखों रामभक्तों को सुगम, सुरक्षित और आकर्षक अनुभव मिल सके। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड अयोध्या के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत 2124.53 लाख रुपये है। इस राशि से मार्ग पर विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें विश्राम गृह, स्तम्भ, कुण्डों का निर्माण, इण्टरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख, डारेक्शनल साइनेज, पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी का निर्माण शामिल है।

ये सुविधाएं तीर्थयात्रियों को विश्राम, दिशा-निर्देश, स्वच्छता और सौंदर्य का पूर्ण आनंद प्रदान करेंगी। विशेष रूप से मार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण कुण्डों और स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लक्ष्मी सागर कुण्ड, वैतर्णी कुण्ड, निर्मली कुण्ड, गिरिजा कुण्ड और विभीषण कुण्ड जैसे पवित्र स्थलों पर विशेष कार्य प्रस्तावित हैं। इन कुण्डों का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। साथ ही विघ्नेश्वर नाथ शिवमंदिर का भी विकास कार्य चल रहा है, जो मार्ग की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाएगा। इण्टरप्रिटेशन वॉल और शिलालेखों से रामायण की कथाओं और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी मिलेगी, जबकि डारेक्शनल साइनेज से यात्री आसानी से मार्ग का अनुसरण कर सकेंगे।

## जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने गौ हत्या पर रोक की मांग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार से इस विषय पर ठोस कदम उठाने की अपील की है।

जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने अपने पत्र में कहा है कि संविधान के नीति निदेशक तत्वों में वर्णित अनुच्छेद 48 के तहत उन्होंने कहा कि गौ हत्या का मुद्दा लंबे समय से जनभावनाओं से जुड़ा रहा है और अब इस पर स्पष्ट नीति बनाई जानी चाहिए।उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया है कि इस विषय पर संसद में चर्चा कराई जाए और सभी सांसदों का मत सार्वजनिक किया जाए। आचार्य ने कहा कि देशवासी यह जानना चाहते हैं कि कितने सांसद गौ हत्या पर रोक के पक्ष में हैं और कितने इसके विरोध में। गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करेगी और देशहित में निर्णय लेगी। वही परमहंस आचार्य के इस पत्र के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट पशु विकास दिवस के माध्यम से 'सर्वोत्तम सेवा' में अग्रणी, 1.55 लाख ग्रामीणों पर उत्पन्न किया सकारात्मक प्रभाव

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी प्रमुख पशु कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका पहल, पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। 'सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति' की थीम पर आधारित इस पहल ने पशुओं के स्वास्थ्य, परिवार के कल्याण एवं स्थायी प्रगति को बढ़ावा देकर समग्र ग्रामीण विकास के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया।2014 में लॉन्च किया गया पशु विकास दिवस पशु मालिकों को निःशुल्क वेटेरीनेरी सेवाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनकी स्वास्थ्यसेवा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करता है। पिछले सालों के दौरान यह पहल देश के सबसे बड़े एक दिवसीय पशु कल्याण प्रोग्रामों में से एक के रूप में उभरी है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 1.55 लाख से अधिक ज़िंदगियों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया है, जिसके तहत तकरीबन 1.4 लाख पशुओं का इलाज किया गया, 14,000 से अधिक लोगों को स्वास्थ्यसेवाओं में सहयोग दिया गया, इससे 30,000 से अधिक परिवारों को लाभ हुआ। इस पहल का संचालन 16 राज्यों में 510 एसएमएफजी ग्रामशक्ति शाखाओं में किया गया, जो ग्रामीण भारत में कंपनी की गहरी पहुंच को दर्शाता है।इस पहल के सफल समापन पर बात करते हुए श्री रवि नारायणन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ़ एक्ज़िक्टिव ऑफिसर, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ''सर्वोत्तम सेवा सर्वोच्च मानकों की सेवाएं उपलब्ध कराने के बारे में है- जहां सहानुभूति के साथ प्रभाव और इरादे का संयोजन गहरा प्रभाव उत्पन्न करता है। ग्रामीण भारत में पशुओं का स्वास्थ्य, परिवारों की सुरक्षा और आर्थिक प्रगति एक दूसरे के साथ गहराई से जुड़े हैं। पशु विकास दिवस पशुओं की देखभाल, आजीविका के सशक्तीकरण और समुदायों के कल्याण को समर्थन देकर इस सिस्टम को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल के ज़रिए हमारा उद्देश्य ऐसे स्थायी परिणामों का निर्माण करना है जो किसान के परिवार को सशक्त बनाएं और बुनियादी स्तर पर समावेशी विकास को बढ़ावा दें।''

## पताका यात्रा से गूंज उठी ब्रह्मपुरी, 166वीं फाल्गुनी रामलीला का भव्य शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शहर की ऐतिहासिक बड़ी ब्रह्मपुरी में आयोजित 166वीं फाल्गुनी रामलीला का शुभारंभ बुधवार को पारंपरिक पताका यात्रा के साथ हुआ। श्री नरसिंह मंदिर से विधि-विधान के साथ निकली यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह स्वागत हुआ, वहीं पीस कमेटी के नदीम इकबाल ने अपने साथियों के साथ पुष्पवर्षा कर गंगा-जमुनी संस्कृति की खूबसूरत मिसाल पेश की।

श्री नरसिंह मंदिर में सबसे पहले भगवान श्री गणेश और हनुमान जी का पूजन किया गया। पूजन कमेटी अध्यक्ष राजू मिश्रा, मुख्य अतिथि उद्यमी अभिनव कटरू और डॉ. विनोद पागरानी ने पंडित केशरी नंदन कौशिक के सानिध्य में विधिवत अनुष्ठान संपन्न कराया। पूजा के बाद पताका यात्रा शुरू हुई, जिसमें सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए।

यात्रा ब्रह्मपुरी, मलूकपुर चौराहा, मोहल्ला सौदागरान, सीताराम कूंचा, बड़े बाजार, गढ़ैया और छोटी ब्रह्मपुरी होते हुए मूंछों वाले हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां मंदिर प्रांगण में स्थित पीपल के वृक्ष पर पताका बांधकर भगवान से रामलीला आरंभ करने की अनुमति ली गई।

रामलीला कमेटी के प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि गुरुवार शाम से मंचन की शुरुआत होगी। पहले दिन की लीला को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कलाकारों में खासा उत्साह है।

पताका यात्रा में संरक्षक अनुपम कपूर, डॉ. विनोद पागरानी, युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना, नवीन शर्मा, देश दीपक शर्मा, राजीव खुराना, पंकज मिश्रा, अंशु सक्सेना, विवेक शर्मा, उमेश रस्तोगी, पंडित सुरेश कटिहा, रोहित अग्रवाल समेत कमेटी के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## थाना जहांगिराबाद में चल रहा 30 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप

### जागरूकता कार्यक्रम से मजबूत हुआ भरोसे का रिश्ता

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी के थाना जहांगीराबाद में छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तृतीय चरण के दूसरे दिन आयोजित विशेष सत्र में राम सेवक डिग्री कॉलेज के लगभग 30 छात्र-छात्राओं को थाना परिसर में आमंत्रित कर पुलिस कार्यप्रणाली की बारीकियों से अवगत कराया गया। यह आयोजन जनपदीय नोडल क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। प्रशिक्षक अनुराग उपाध्याय और अमरेश कुमार ने विद्यार्थियों को थाने की दैनिक कार्यप्रणाली, शिकायत पंजीकरण की प्रक्रिया तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में स्थापित महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली पर विशेष प्रकाश डाला गया। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि यह डेस्क महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और त्वरित सहायता का केंद्र है, जहां उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और सुलझाया जाता है। सत्र में साइबर सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को व्हाट्सऐप में टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय करने, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य युवाओं में विधिक जागरूकता बढ़ाना, अपराधों के प्रति सतर्कता विकसित करना और पुलिस-जन सहभागिता को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के दौरान खुले संवाद ने पुलिस और विद्यार्थियों के बीच विश्वास की नई नींव रखी है, जो एक सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही।

## लापता बच्ची को पुलिस ने सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया

अवधनामा सवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** बीती मगलवार को कस्बा जैदपुर में एक 3 वर्षीय बच्ची के मिलने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर मिशन शक्ति टीम थाना जैदपुर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त बच्ची को संरक्षण में लिया गया तथा मिशन शक्ति केन्द्र थाना जैदपुर टीम द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से अथक प्रयास कर बच्ची के परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तत्पश्चात ज्ञात हुआ कि उक्त बच्ची थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम टण्डनपूरवा मजरे टेरा की रहने वाली है। परिजनों से सम्पर्क कर बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा थाना जैदपुर मिशन शक्ति टीम का आभार प्रकट किया गया। जबकि क्षेत्र में भी जैदपुर पुलिस के इस सराहनीय कार्य की चर्चा हो रही है।

## भाजपा सरकार की तानाशाही से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन की अगुवाई शहर एवं जिला के तमाम कांग्रेसीगणो ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन के माध्यम से सम्बोधित कर बताया है कि वर्तमान सरकार तानाशाही की सारी सीमाये पार कर चुकी है। सरकार के क्रियाकलापो से महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को अति0 मजिस्ट्रेट शिवकुमार वर्मा को ज्ञापन देते हुये सादर अवगत कराना चाहते है कि वर्तमान भाजपा सरकार सही बात सुनाना व करना ही नही चाहती है जो सच बात कहे उसकी बात को दबाई जाती है। अपनी बात रखने वाले ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द सरस्वती एवं उनके शिष्यो को अनावश्यक परेशान व प्रताणित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## भारत स्काउट गाइड की सर्वोत्तम कैडेट रैली आयोजित, दी गार्ड आफ आनर



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** कंपोजिट विद्यालय चिलौकी मे बुधवार को ब्लाक स्तरीय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार को विद्यालय के बच्चो द्वारा गार्ड आफ आनर की सलामी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बीई ओ जैनेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों के कराने से बच्चों में मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक और सामाजिक गुणों का विकास होता है उन्होंने विद्यालय परिवार की भूरि-भूरि प्रशंसा की बच्चो ने स्काउट गाइड और बुलबुल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, एआरपी आशीष शुक्ला, सुरेश चंद्र, विश्वनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार सुमन वर्मा शालिनी स्वास्थ्य संगीता वर्मा ममता द्विवेदी गरिमा निहारिका सिंह राहुल कुमार रामहित वर्मा सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

## टोल प्लाजा बना मुसीबत, शहाबपुर में जल निकासी ठप

- लघु उद्योगों पर जलभराव की मार, कारोबार प्रभावित
- किसानों को आर्थिक नुकसान, जल निकासी बहाल करने की मांग तेज

*अवधनामा संवाददाता*





**बाराबंकी।** विकास की रफ्तार बढ़ाने के नाम पर बने टोल प्लाजा ने जहां राजस्व और आवागमन को गति दी है, वहीं ग्राम पंचायत शहाबपुर के लिए यह मुसीबत का सबब बन गया है। शहाबपुर में टोल प्लाजा निर्माण के बाद वर्षों से चली आ रही जल निकासी व्यवस्था ठप हो गई है, जिससे गांव में भीषण जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। बताया गया कि नवाबगंज तहसील के अंतर्गत आने वाली शहाबपुर, जनपद की दूसरी सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। यह बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है, जहां लघु एवं कुटीर उद्योग विशेषकर कपड़ा रंगाई, गमछा व स्टॉल निर्माण का बड़ा कारोबार होता है। घरेलू इकाइयों और छोटे कारखानों से निकलने वाले पानी की निकासी पूर्व में सड़क किनारे बनी नालियों और ह्यूम पाइपों के माध्यम से होती थी। ग्रामीणों का आरोप है कि नेशनल हाईवे 27C पर टोल प्लाजा निर्माण के दौरान तालाब और परती भूमि पर कार्य करते समय जल निकासी के प्राकृतिक मार्ग को बंद कर दिया गया। इतना ही नहीं, जल निकासी के लिए डाले गए ह्यूम पाइपों को भी मिट्टी से पाट दिया गया, जिसके अवशेष आज भी मौके पर देखे जा सकते हैं। परिणामस्वरूप गांव के किनारे बड़े पैमाने पर जलभराव हो रहा है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गांव में लंबे समय से भरे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है, जिससे आवागमन और आजीविका दोनों प्रभावित होते हैं।

ग्राम प्रधान श्रीमती अर्शीन ने बताया कि इस संबंध में 15 जुलाई 2023 से कई पत्र समाधान दिवस में दिए दिनाँक 21 फरवरी 2026 को फिर प्रार्थना पत्र देकर समस्या का हल निकालने का निवेदन किया।

लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतोंई के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि टोल प्लाजा निर्माण से बाधित जल निकासी को तत्काल पुनः चालू कराया जाए, ताकि गांव को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है।

## होली से पहले मिलावट पर बड़ा वारः 6 दुकानों पर छापे, घी-खोया-तेल के नमूने जब्त

*अवधनामा संवाददाता*
**सौरभ गुप्ता**

**बरेली।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश की टीम ने होली पर्व से ठीक पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए मंगलवार को बरेली में ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान घी, खोया, तेल, नमकीन और सौंफ सहित छह खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश और आयुक्त खाद्य सुरक्षा के आदेश के क्रम में यह कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में किया गया।

**इन प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने**

वीके ट्रेडर्स, शीशगढ़ - नमकीन का 1 नमूना

नूरी ट्रेडर्स, शीशगढ़ - वनस्पति व सौंफ के 1-1 नमूने

मुरादाबादी रजा दूध डेयरी, बहेड़ी - खोया का 1 नमूना

फौजी पनीर भंडार, सतीपुर चौराहा, पीलीभीत बाईपास रोड - घी का 1 नमूना

गोपाल घी स्टोर, नई बस्ती - रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का 1 नमूना

सभी नमूनों को विधिवत सील कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आमजन को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

होली जैसे प्रमुख त्योहार से पहले की गई इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## फैक्टरी में 'इनसाइड गेम'! 12 लाख की मशीनें गायब

**बरेली।** भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक बंद पड़ी फैक्टरी में अंदरूनी मिलीभगत से लाखों रुपये की मशीनें और उपकरण पार कर दिए गए। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने चौकीदार समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज ने पूरे खेल का खुलासा कर दिया है। इंडस्ट्रियल एरिया भोजीपुरा के प्लॉट नंबर 59 स्थित बरेली वुडेन क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड लंबे समय से बंद थी। कंपनी के निदेशक अनिल गंगवार के मुताबिक, जब वह दो अगस्त 2025 को यूनिट दोबारा शुरू करने पहुंचे तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए। फैक्टरी से कीमती मशीनें, उनके पार्ट्स और अन्य उपकरण गायब थे।

हैरानी की बात यह रही कि फैक्टरी के ताले और दरवाजों पर जबरन तोड़फोड़ के कोई निशान नहीं मिले। इससे साफ हुआ कि चोरी किसी बाहरी गिरोह ने नहीं, बल्कि अंदर की जानकारी रखने वालों ने की है।

फैक्टरी की सुरक्षा में रात में बेचेलाल और सोमपाल तथा दिन में अनुज यादव तैनात था। पूछताछ में सभी ने खुद को बेखबर बताया, जबकि फैक्टरी की चाबियां इन्हीं के पास रहती थीं। यहीं से शक गहरा गया।

## एसपी का औचक निरीक्षण, अभिलेख प्रबंधन व स्वच्छता पर दिए सख्त निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखा कक्षों, अभिलेख अनुभाग, नियंत्रण कक्ष तथा कार्यालय परिसर की समग्र व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में साफ-सफाई की स्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, सुरक्षा प्रबंध और तकनीकी उपकरणों की कार्यशीलता की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान पाया गया कि स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए अनावश्यक एवं पुरानी फाइलों का नियमानुसार निस्तारण किया जा रहा है, जबकि महत्वपूर्ण अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि नई फाइलों को श्रेणीबद्ध एवं सुसज्जित रूप में संधारित किया जाए, ताकि कार्य निष्पादन में पारदर्शिता बनी रहे और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। साथ ही अभिलेख प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया, जिससे किसी भी आवश्यक सूचना या दस्तावेज को शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## पत्नी की हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता )** थाना बृजमनगंज क्षेत्र में पत्नी की हत्या के प्रयास के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 10 फरवरी 2025 को अभियुक्त दिनेश प्रजापति पुत्र लाल बहादुर, निवासी तालही थाना पुरंदरपुर, अपनी पत्नी अनीता को लेहड़ा माता मंदिर दर्शन कराने के बहाने सुनसान जंगल क्षेत्र में ले गया, जहां उसने चाकू से गला काटकर हत्या का प्रयास किया और फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना बृजमनगंज में मुकदमा अपराध संख्या 167/25 धारा 109 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर घायल महिला को तत्काल अस्पताल भेजा गया। आरोपी घटना के बाद लगातार ठिकाने बदलते हुए मुंबई में छिपकर रह रहा था तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए मोबाइल नंबर भी बदलता रहा।

## रोटरी क्लब ने पॉलिथीन मुक्त शहर का लिया संकल्प



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा बुधवार शाम बाजार क्षेत्र में कपड़ा थैला वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 300 कपड़े के थैले आमजन को वितरित कर पॉलिथीन के उपयोग से बचने का संदेश दिया गया।

क्लब अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह अभियान सेवा के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दे रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से पॉलिथीन का बहिष्कार कर कपड़े के थैलों का उपयोग करने की अपील की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह संत ने कहा कि सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की भावना से प्रेरित यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगी। सचिव विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि प्लास्टिक मुक्त महाराजगंज की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में क्लब के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## शंकराचार्य प्रकरण की निष्पक्ष जांच को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** जगतगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवादित प्रकरण में पारदर्शी और न्यायिक निगरानी में जांच की मांग को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला एवं महानगर इकाई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कचहरी परिसर स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में एकत्रित हुए। वहां से शांतिपूर्ण मार्च निकालते हुए वे जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि यह मामला देशभर के श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि यदि किसी प्रकार के आरोप लगाए गए हैं तो उनकी जांच पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और न्यायिक पर्यवेक्षण में होनी चाहिए। किसी भी तरह की राजनीतिक भावना से प्रेरित कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## पीजी कॉलेज महराजगंज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय कस्बे में स्थित जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज महराजगंज में 27 एवं 28 फरवरी को दो दिवसीय महोत्सव रूपी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का विषय ÷भारतीय ज्ञान परंपरा, बौद्ध दर्शन एवं साहित्य संस्कृति और पाली के विशेष संदर्भ में÷ रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, हिंदुस्तानी अकादमी, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान तथा महाविद्यालय के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होगा। उद्घाटन सत्र में पद्मश्री आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी सहित कई कुलपति, पूर्व कुलपति और वैज्ञानिक बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। प्रथम दिवस पर संस्कृति विभाग से पंजीकृत कलाकार, गीतकार और नाटककार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। द्वितीय दिवस के समापन सत्र की अध्यक्षता लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक करेंगे। 28 फरवरी की सायंकाल भव्य कवि सम्मेलन में नीलोत्पल मृणाल, मनु वैशाली, डॉ विनम्र सेन सिंह सहित कई ख्यात कवि काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ विपिन यादव ने बताया कि आयोजन में देशभर के विद्वान, शोधार्थी और छात्र प्रतिभाग करेंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण अभियान की तैयारियों तथा स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार पौधारोपण की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पौधारोपण अभियान के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि गड्ढा खुदाई, पौधों की उपलब्धता, सिंचाई की व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी उपाय पहले से सुनिश्चित किए जाएं, ताकि अभियान के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) एवं एनएचएआई विभाग को भी निर्धारित स्थलों पर सघन प्लांटेशन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर लोक निर्माण खण्ड प्रथम, द्वितीय एवं प्रांतीय खण्ड के अधिशासी अभियंताओं तथा नगर पंचायत मनकापुर, धानेपुर एवं बेलसर के अधिशासी अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि समीक्षा बैठकों में विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है। यदि भविष्य में कोई विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में एमआरएफ (मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर को शीघ्र तैयार कराकर संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए एमआरएफ सेंटर की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे ईंट भट्ठों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। पर्यावरण मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में जनपद की छोटी नदियों की साफ-सफाई पर भी विशेष बल दिया गया। अधिशासी अभियंता ड्रेनेज खण्ड एवं डीसी मनरेगा को निर्देश दिए गए कि सभी छोटी नदियों की समुचित सफाई कर जल प्रवाह को सुचारु बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, एसडीओ वन विभाग सुदर्शन, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, एसीएमओ, खनन अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी का उपस्थित रहे।

## निरीक्षण में खरा उतरा बीआरसी खेसरहा, अभिलेख व प्रशिक्षण कार्य सराहनीय

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा संजय कुमार शुक्ल द्वारा बी0आर0सी0 (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) खेसरहा का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ल द्वारा शैक्षिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं, कार्यालय अभिलेखों, प्रशिक्षण रिकॉर्ड, योजनाओं की प्रगति तथा विभागीय पत्राचार की गहन समीक्षा की गई। सुव्यवस्थित अभिलेख तथा कार्यों के समयबद्ध निष्पादन पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। टीएलएम संकलन एवं निपुण भारत मिशन अंतर्गत संचालित गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं शिक्षक क्षमता विकास कार्यों की सराहना किया । निरीक्षण क्रम में उन्होंने प्राथमिक विद्यालय बेलवा लगुनुही का भी अवलोकन किया। छात्र-छात्राएं निर्धारित ड्रेस में उपस्थित मिले और पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालित पाया गया।

# विधायक निधि से 75 स्थानों पर लगेंगी मिनी हाईमास्ट लाइटें, विनय वर्मा ने किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने बुधवार को तहसील परिसर में विधायक निधि से मिनी हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य का शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन के बाद उन्होंने सामग्री लदे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक निधि से संचालित इस योजना के तहत 2 करोड़ 34 लाख 75 हजार रुपये की लागत से विधानसभा क्षेत्र के छह विकास खंडों के 75 स्थानों पर मिनी हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता उनकी प्राथमिकता है और जनता के धन का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होने से ग्रामीण व कस्बाई इलाकों में रात्रि के समय आवागमन आसान होगा और अपराध पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। विधायक विनय वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण करते हुए महापुरुषों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। चिल्हिया में शहीद भगत सिंह, बढ़नी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, ढेबरुआ में सोनेलाल पटेल और गणेशपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी, जिन्हें जयपुर से मंगाया जाएगा। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामबिलास यादव ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए शोहरतगढ़ में राजकीय नर्सिंग मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगा। एसपीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से विकास और सुरक्षा दोनों को बल मिलेगा। क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने पर्याप्त रोशनी को अपराध नियंत्रण में सहायक बताते हुए हाईमास्ट लाइटों के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाने का सुझाव दिया। उपजिलाधिकारी विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि ऐसे विकास कार्यों से कानून व्यवस्था और जन-जागरूकता मजबूत होती है। बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष दयासागर पाठक ने ग्रामीण न्यायालय स्थापना को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा।

# भारतीय मजदूर संघ ने दिया धरना किया प्रदर्शन, मांगो से संबंधित सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी रावेंद्र श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में श्रमिकों की समस्याओं से संबंधित 18 सूत्री मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।

जिलाध्यक्ष समरेंद्र प्रताप सिंह, जिलामंत्री आशुतोष यादव ने बताया कि ये मांगें संघ के 21वें अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर आधारित हैं। संघ ने सभी क्षेत्रों में श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के लागू करने की मांग की है। साथ ही इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में व्याप्त श्रमिक समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया है। त्रिपक्षीय तंत्र के पुनर्गठन तथा इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को शीघ्र आहूत करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। ज्ञापन में न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह करने, ईपीएफ और कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेतन सीमा में वृद्धि तथा बोनस भुगतान के अंतर्गत पात्रता सीमा संशोधित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा रसोइया, आशा, आंगनबाड़ी और ठेका श्रमिकों को स्थाई करने तथा सामान्य भर्तियों पर लगी रोक हटाने की मांग भी की गई है। संघ ने केंद्र सरकार से श्रमिक हित में त्वरित व सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, मनीष पांडेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, सुरेंद्र पाल, समीर सिंह, देवेंद्र यादव, हरीश यादव, वीरेंद्र मौर्य, विनय कुमार, देवेश राय, राहुल, अभिजीत, अनीता, रमावती आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा किया, शातिर चोर गिरफ्तार



**गोण्डा ।** थाना इटियाथोक पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए शातिर चोर चुनमुन चौहान पुत्र जयकरन चौहान निवासी ग्राम मल्लूसिंह पुरवा मौजा झाला तरहर थाना पयागपुर जनपद बहराइच को कुरासी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55,615/- नगद व सफेद व पीली धातु के आभूषण, घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाईकिल व चोरी करने के उपकरण बरामद किया गया।

दिनांक 22/23.02.2026 की रात्रि में सदाशिव बाजार, थाना इटियाथोक, जनपद गोण्डा में अज्ञात चोरों द्वारा तीन दुकानों में सेंध लगाकर चोरी की घटना कारित की गयी थी। राजकुमार पुत्र माता प्रसाद की दुकान/घर से सोने-चांदी के आभूषण व लगभग 30,000/- नकद, प्रशान्त कुमार पुत्र अनिल कुमार की दुकान से लगभग 6,000/- नकद तथा तवकीर खां पुत्र नजीर खां की पान की दुकान से पान सामग्री व लगभग 2,000/- नकद चोरी कर लिये गये थे। वादी राजकुमार पुत्र माताप्रसाद की लिखित तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक में अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए शातिर चोर चुनमुन चौहान पुत्र जयकरन चौहान निवासी ग्राम मल्लूसिंह पुरवा मौजा झाला तरहर थाना पयागपुर जनपद बहराइच को कुरासी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी व जेवरात, घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाईकिल व चोरी करने के उपकरण बरामद किया गया।

# नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण बीआरसी पर शुरू

**खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने किया प्रशिक्षण का शुभारंभ**

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन को लेकर शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को शुरू हुआ। समग्र शिक्षा के अंतर्गत तमाम जानकारी प्रशिक्षण में शिक्षकों को दी गई। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए दी जा रही जानकारी को सीखें और उसका पालन करें । यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है।

'आउट ऑफ स्कूल' बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समय-समय पर विभिन्न स्तरों (जैसे ब्लॉक या जिला स्तर) पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। प्रशिक्षक रामदयाल व दीपक ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, नोडल शिक्षकों को उन बच्चों (6-14 वर्ष) की पहचान करने, पंजीकरण करने और उन्हें उम्र-संगत कक्षा में नामांकित करने के लिए प्रशिक्षित करना है। जो स्कूल नहीं जा रहे हैं। प्रशिक्षक पवन श्रीवास्तव, इश्तियाक अहमद, शेष राम यादव ने बताया कि यह समग्र शिक्षा के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जाता है। शारदा कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में, इन बच्चों के लिए 'शारदा' स्कूल हर दिन आए कार्यक्रम के अंतर्गत पहचान, पंजीकरण, नामांकन और विशेष प्रशिक्षण की प्रक्रिया होती है। उन्होंने आगे बताया कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों का घर-घर सर्वे कर चिन्हीकरण करना। बच्चों को कक्षा 2 से 8 तक में नामांकित करना। बच्चों के लिए विशेष ब्रिज कोर्स तैयार करना। शारदा पोर्टल/ऐप पर डेटा अपलोड करना। इन बच्चों को विशेष प्रशिक्षण देकर अन्य बच्चों के समकक्ष लाया जाता है। इस मौके पर नसीम अहमद, नफीस हैदर रिजवी, तौकीर हसन रिजवी, सैय्यद इम्तियाज हुसैन रिज़्वी, अगेय कुमार गौतम, फजल अब्बास, धर्मराज दुबे आदि मौजूद रहे।

# गुटखे की कालाबाजारी के आगे प्रशासन नतमस्तक छोटे व्यापारी परेशान

**अवधनामा संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** गुटखा, तंबाकू और सिगरेट के थोक कारोबारी खुलेआम मनमानी पर उतर आए हैं। पैकिंग पर छपे प्रिंट मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे छोटे फुटकर व्यापारियों का मुनाफा लगभग खत्म हो गया है। फुटकर दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक तय कीमत से अधिक देने को तैयार नहीं, जबकि थोक व्यापारी बढ़े हुए भाव पर ही माल थमा रहे हैं। इससे उनके कारोबार पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। गुटखा की कालाबाजारी करने वालों पर प्रशासन भले हाथ डालने से बच रहा हो, लेकिन लोगों का पारा चढ़ने लगा है। लोगों ने कहा कि माना गुटखा सही चीज नहीं है, लेकिन यह भी सच है कि तमाम लोग इसका सेवन करते हैं। इसी का लाभ उठाकर व्यवसायी कालाबाजारी कर रहे हैं। गुटका पैकेट पर अंकित दर से दोगुना दरों पर बिक्री से लोगों की जेब कट रही है। प्रशासन का इस मामले में चुप्प रहना मिलीभगत का संकेत दे रहा है। केंद्र सरकार द्वारा तीन माह पहले तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत टैक्स वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसका फायदा उठाते हुए बड़े एवं थोक व्यापारियों ने पुराने रेट पर भारी मात्रा में स्टॉक खरीदकर गोदामों में डंप कर लिया। जबकि स्थिति यह है कि नए प्रिंट रेट वाले पैकेट अभी बाजार में आए ही नहीं, लेकिन कीमतें पहले ही मनमाने ढंग से बढ़ा दी गई हैं।

छोटे दुकानदारों के अनुसार195 का पान मसाला कमला जो 240 रुपए में छोटे दुकानदारों को मिल रहा है। 150 रुपये वाला पान मसाला अब 200 रुपये। 75 रुपये वाला पैकेट 110 रुपये। 550 रुपये वाला पैकेट 700 रुपये। 45 रुपये वाली सिगरेट 65-70 रुपये में बेची जा रही है।

# जालसाजी करने के आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-026/2026 धारा 319(2),318 (4),338, 336(3),340(2),3(5),61(2) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त-हरीराम पुत्र छोटेलाल निवासी मनोहरजोत थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को मिश्रौलिया ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया गया। लाल देवी पत्नी अवधेश कुमार तिवारी नि0 ग्राम वीरपुर सूबेदार थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि उसे उसके पिता राम अनोखे से वर्ष 2012 व 2014 में विधिवत बैनामा के माध्यम से समस्त कृषि भूमि प्राप्त हुई थी, जो खतौनी में दर्ज है तथा उस पर उसका वैध कब्जा है।

उक्त बैनामे की मन्सूखी हेतु पूर्व में छोटे लाल द्वारा दीवानी वाद दायर किया गया था, जो विचाराधीन है। छोटे लाल की मृत्यु के पश्चात हरीराम पुत्र छोटे लाल निवासी मनोहर जोत थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कथित रूप से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर प्रार्थिनी के स्थान पर किसी अन्य का अंगूठा निशान लगाकर भूमि का फर्जी बैनामा कराने का प्रयास किया तथा रजिस्ट्री कार्यालय में प्रस्तुत किया। रजिस्ट्री से इन्कार होने पर जिला रजिस्ट्रार/ ए0डी0एम0 न्यायालय में अपील दायर की गयी, जो दिनांक 10.12.2025 को नियत है।

प्रार्थिनी का कथन है कि उसने कोई दस्तावेज निष्पादित नहीं किया, न कोई धनराशि प्राप्त की और न ही किसी कागज पर अंगूठा लगाया है। विपक्षीगण द्वारा षड्यंत्रपूर्वक जालसाजी कर संपत्ति हड़पने का प्रयास किया गया है। वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 25.02.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त हरीराम पुत्र छोटेलाल निवासी मनोहरजोत थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को मिश्रौलिया ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर मारपीट मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर।** जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कालेपुर महुअल की एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर ग्राम समाज की खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, पीड़िता करोरा निवासी ग्राम कालेपुर महुअल थाना मालीपुर जनपद अंबेडकर नगर की रहने वाली है। उसने बताया कि उसके घर के सामने ग्राम समाज की खलिहान की भूमि स्थित है। आरोप है कि 24 फरवरी को सुबह लगभग 10:30 बजे विपक्षी गण–जगदीश, शिवा, अंकित, संगीता सहित अन्य लोग एकजुट होकर उक्त भूमि पर अवैध कब्जा करने लगे। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने वहां पिलर गाड़कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया और उक्त भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने इस अवैध कब्जे का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की।

## मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर रोकथाम हेतु चलाया गया विशेष छापामार अभियान



**सिद्धार्थनगर।** आयुक्त ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु बुधवार को सहायक आयुक्त (खाद्य)-II के निर्देशन में पुलिस बल के साथ विशेष छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा धानी रोड, मंगल बाजार, बांसी से 1 खोया एवं 1 मिल्क केक का नमूना संग्रहित किया गया तथा 80 द्यद्द खोया एवं 265 kg दूषित मिठाई अस्वच्छकर परिस्थिति में भंडारित पाये जाने पर विनष्ट कराया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने हेतु जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्यद्य आर एल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरा लाल, नीरज कुमार चौधरी एवं रंजन कुमार श्रीवास्तव सम्मिलित रहे।

## आपरेशन खोज के अंतर्गत गुमशुदा बालक को सकुशल परिजनों को सौंपा

**गोण्डा।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत संचालित विशेष अभियान 'आपरेशन खोज' के क्रम में दिनांक 25.02.2026 को जनपद में सघन चेकिंग/निरीक्षण अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 के सामने सीढ़ियों पर लगभग 12 वर्ष का एक बालक मायूस अवस्था में बैठा मिला। पूछताछ करने पर बालक प्रारम्भ में डरा एवं सहमा हुआ था तथा अपना नाम 'अभय' बताया, परंतु पिता का नाम व अन्य विवरण बताने में हिचकिचा रहा था। विश्वास में लेकर एवं रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन की केश वर्कर अलका पाण्डेय की उपस्थिति में समझाने पर बालक रोने लगा और बताया कि आज सुबह उसकी मां द्वारा पढ़ाई एवं मोबाइल देखने को लेकर डांटने एवं दो थप्पड़ मारने पर वह नाराज होकर बिना बताए घर से निकल आया था और किसी ट्रेन से कहीं भी चले जाने की सोच रहा था। पुनः पूछताछ में बालक ने अपना नाम अभय वर्मा पुत्र रामशंकर उर्फ डब्ल्यू वर्मा निवासी ग्राम नौबरा बताया तथा मां का नाम ज्योति वर्मा बताया। पिता के दिल्ली में कार्यरत होने की जानकारी दी।

## एनटीपीसी कैम्प के माध्यम से डॉ अमित पटेल के नेतृत्व में किया गया मोतियाबिंद का आपरेशन

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी कैंप मे चिन्हित मोतियाबिन्द के मरीजों की सर्जरी राजकीय मेडिकल कॉलेज अम्बेडकरनगर के नेत्र विभाग मे शुरू किया गया ।आप्रेशन 25-27 फरवरी तक प्रतिदिन किये जायेंगे ।प्रधानाचार्य डा मुकेश यादव ,उपप्रधानाचार्य डा उमेश वर्मा ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवम विभागाध्यक्ष नेत्र डा अमित पटेल ,चिकित्सा अधीक्षक डा मुकुल सक्सेना ने संयुक्त रूप से कैंप सर्जरी का शुभारंभ किया ।आज कुल 45 मरीज आप्रेशन हेतु चयनित किये गये। प्रधानाचार्य मुकेश यादव ने सभी मरीजों से मिलकर उन्हें मेडिकल कॉलेज मे बेहतर सुविधा के बारे मे अवगत कराया । मोतियाबिन्द आप्रेशन डा अमित पटेल,डा आर एस वर्मा ,डा साजनदेव केसर,डा सृष्टि नागराजन द्वारा किया जायेगा। सीनियर रेजीडेंट डा दीपक वर्मा ,डा बर्षा ,जूनियर रेजीडेंट डा अजय ,डा अरबी ,डा आनंद पटेल,डा नीलम सहयोग करेंगे।सिस्टर ईर्चाज सुमन सिंह,सिस्टर सुधा पाल ,सिस्टर प्रतिमा आप्रेशन मे सहयोग प्रदान करेंगी।

# एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील सभागार में हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मंगलवार को जलालपुर तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता की अध्यक्षता में एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान के अंतर्गत प्रतिरोधी परिवारों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्म गुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति रही।

बैठक का उद्देश्य एमडीए अभियान के दौरान दवा सेवन से इनकार करने वाले परिवारों को जागरूक एवं प्रेरित करने की रणनीति तैयार करना था। उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एमडीए अभियान जनस्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य गंभीर बीमारियों की रोकथाम करना है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने में सहयोग करें।

इस दौरान चिकित्सकों द्वारा उपस्थित धर्म गुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बताया गया कि दवाएं पूर्णतः सुरक्षित हैं और चिकित्सकीय निगरानी में वितरित की जाती हैं। साथ ही प्रतिरोधी परिवारों से संवाद स्थापित कर उन्हें वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर समझाने एवं भ्रम दूर करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

बैठक में डॉ. सुल्तान अहमद, मोहम्मद राशिद, जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंत में सभी धर्म गुरुओं एवं समाज के जिम्मेदार लोगों ने आश्वासन दिया कि वे अपने-अपने समुदाय में जागरूकता फैलाकर एमडीए अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रशासन ने उम्मीद जताई कि सामूहिक प्रयास से प्रतिरोधी परिवारों की संख्या में कमी आएगी और अभियान प्रभावी रूप से संपन्न होगा।

## जलालपुर में फाइलेरिया दवा एमआर टीकाकरण व नियमित टीकाकरण अभियान तेज़

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश (स्व्हद्वष्ट) ने बताया कि क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा खिलाने के साथ-साथ एम0आर0अभियान व नियमित टीकाकरण भी तेजी से चलाया जा रहा है। विद्यालयों में एम0आर0 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के सभी बच्चों का तथा नियमित टीकाकरण में 0 से 5 वर्ष तथा 10 वर्ष और 16 वर्ष के किशोर-किशोरियों का टीकाकरण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक बुधवार व शनिवार टीकाकरण कराया जाता है इस बुधवार को भी विशेष अभियान चलाया गया। कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा दवा या टीका लेने से मना करने की सूचना मिली है, जिसे स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रेमपूर्वक समझा-बुझाकर अफवाहों को दूर कर रही हैं। डॉ. जयप्रकाश ने स्पष्ट किया कि टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित है और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# किसान की होनहार बेटी प्रतिमा मौर्या बनी बैंक मैनेजर

**अवधनामा संवाददाता**



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर विकासखंड की उम्मरपुर ग्रामसभा की होनहार बेटी प्रतिमा मौर्या ने बैंकिंग क्षेत्र में सफलता हासिल कर पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। 26 वर्षीय प्रतिमा मौर्या का चयन बैंक ऑफ बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में बैंक मैनेजर पद पर हुआ है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर मिली इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

प्रतिमा मौर्या एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता अनिल कुमार खेती-किसानी से जुड़े हैं, जबकि माता कुसुम लता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम आज पूरे गांव के सामने प्रेरणा बनकर उभरा है। प्रतिमा ने स्नातक की पढ़ाई कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुलतानपुर से बीकॉम विषय में पूरी की। इसके बाद बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु लखनऊ स्थित महेंद्रा इंस्टीट्यूट से मार्गदर्शन प्राप्त किया। नियमित अध्ययन, अभ्यास और स्पष्ट लक्ष्य के साथ तैयारी करते हुए उन्होंने लिखित परीक्षा व साक्षात्कार दोनों चरण सफलतापूर्वक पार किए। उम्मरपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्र से बैंक मैनेजर पद तक पहुंचना क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। कृषि पर निर्भर परिवार से आने के बावजूद प्रतिमा ने यह साबित किया कि मेहनत और सही दिशा मिलने पर ग्रामीण प्रतिभाएं भी पहचान बना सकती हैं। चयन की सूचना मिलते ही गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# आतंक की परिभाषा तो बताओ

भारत आतंकवाद से छिला, जख्मी और असमय मौतों का देश है, लिहाजा आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय नीति का स्वागत है। हम 1980 के दशक से बहुस्तरीय, बहुचेहरी आतंकवाद झेलते आए हैं। उसमें पाकपरस्त इस्लामी, जेहादी आतंकवाद है और पूर्वोत्तर के उग्रवाद भी हैं। खालिस्तानी आतंकवाद का सफाया हो चुका है। उसके बचे-खुचे खाडकू पाकिस्तान, कनाडा, अमरीका, जर्मनी आदि देशों में हैं और वे भारत-विरोधी प्रदर्शन करते रहते हैं। देश में नक्सली आतंकवाद ने भी असंख्य लाशें बिछाई हैं, लेकिन आज उसका अस्तित्व भी समाप्ति के कगार पर है। आतंकवाद ने 40-50 हजार जिंदगियां छीनी हैं। दूसरा आंकड़ा 70-80 हजार का है। जो भी हो, ये आंकड़े बेहद भयानक और खौफजदा हैं। यह हमारी सेना, अर्द्धसैन्य बलों और स्थानीय पुलिस की रणनीति का ही कमाल है कि आज भारत में इस्लामी अलगाववाद के अवशेष भी नहीं हैं। जो आतंकी हमले हाल ही में किए गए हैं, वे पाकिस्तानी आतंकियों ने किए हैं। अब जिन साजिशों के सुराग मिल रहे हैं और संदिग्ध आतंकियों की धरपकड़ की जा रही है, वे भी पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के कथित 'जेहादी' हैं। आज पंजाब और पूर्वोत्तर में आतंकवाद नहीं है, कुछ स्थानीय जातीय हिंसक विवाद जरूर हैं, लेकिन आतंकवाद के हत्यारे खतरे जरूर मंडरा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी प्रत्येक वैश्विक मंच पर आतंकवाद का जिक्र करते हैं और देशों के साथ समझौते करते हैं कि आतंकवाद एक साझा लड़ाई है। मानवता के लिए साझा खतरा है, आओ मिल कर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ें। बहरहाल इस संदर्भ में भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश की सर्वप्रथम आतंकवाद-रोधी राष्ट्रीय नीति की घोषणा की है।

नाम दिया गया है-'प्रहार।' अर्थात् प्रिवेंशन, रिस्पांस एंड हेल्थिंग अप्रोच टू एंटी टेररिज्म। पहली बार डिजिटल खतरे को भी 'आतंकवाद' माना गया है। इन खतरों में भारत को निशाना बनाते हुए किए गए साइबर हमले, आपराधिक हैकिंग, डार्क वेब, क्रिप्टो वॉलेट आदि नई तकनीकों के जरिए किए जाने वाले आतंकी वित्तपोषण भी शामिल हैं। इनसे निपटने की रणनीति बनाई जा रही है। 'प्रहार' में साफ किया गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष संप्रदाय, जातीयता, राष्ट्रीयता अथवा सभ्यता से नहीं जोड़ता। इसका बुनियादी मकसद आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना है। दरअसल ये शब्द सरकार की तरफ से असंख्य बार बोले जा चुके हैं। खासतौर पर आतंकी हमले के बाद ऐसे वक्तव्य सामने आते रहे हैं। बुनियादी और मौजू सवाल, 'प्रहार' की घोषणा के बावजूद, यह है कि आतंकवाद की परिभाषा क्या है? संयुक्त राष्ट्र भी आज तक यह परिभाषा स्पष्ट नहीं कर सका है। यदि भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति की घोषणा की है, तो आतंकवाद की परिभाषा भी स्पष्टतः बतानी चाहिए, क्योंकि देश को एक निश्चित 'सुरक्षा सिद्धांत' की जरूरत है। परिभाषा के अभाव में 'प्रहार' महज एक नीतिगत वक्तव्य से अधिक कुछ नहीं लगता। सवाल राष्ट्रीय नीति और उसकी स्वीकार्यता का है। देशवासी जानना चाहेंगे कि आतंकवाद का खतरा बाहर और भीतर से कितना है और सरकारी एजेंसियां किस तरह इन खतरों से निपट रही हैं?

**वैश्विक वित्तीय बाजारों की संरचना को समझे बिना इस घटना का विश्लेषण अधूरा रहेगा। आज के दौर में पूंजी बाजार केवल मौलिक आर्थिक संकेतकों जैसे जीडीपी वृद्धि, मुद्रास्फीति या ब्याज दर से संचालित नहीं होते, बल्कि वे सूचना-आधारित अपेक्षाओं पर अधिक निर्भर हैं।व्यवहारिक अर्थशास्त्र बताता है कि निवेशकों का निर्णय तर्कसंगत गणनाओं के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक संकेतों से भी प्रभावित होता है। जब कोई अग्रणी तकनीकी कंपनी यह संकेत देती है कि वह ऐसे उपकरण विकसित कर रही है जो पारंपरिक सॉफ्टवेयर सेवाओं की आवश्यकता को कम कर सकते हैं।**

# एआई कंपनी के एक बयान से शेयर बाजार में भूचाल




किशन भावनानी

वैश्विक वित्तीय परिवेश में आज सूचना,अनुमान और तकनीकी घोषणाएँ कितनी तीव्रता से पूंजी बाजारों को प्रभावित करती हैं।इसका सटीक उदाहरण 24 फरवरी 2026 को भारतीय शेयर बाजार में दर्ज की गई गिरावट से देखने को मिला। संभवतः एक बार फिर यह साबित हों गया, दोपहर के सत्र में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने एआई मॉडल क्लाउडे कोट के लिए एक नया टूल प्रस्तुत करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य आधुनिक प्रणालियों में रूपांतरित करना बताया गया,पुराने कोबोल कोड को मॉडर्न बनाने में मदद करेगा। इससे माना जा रहा है कि सॉफ्टवेयर सर्विसेज की मांग कम हो सकती है।तो कुछ ही घंटों में भारतीय आईटी शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली। दिन के दौरान निफ्टी आईटी सूचकांक लगभग 4.74 प्रतिशत तक गिर गया और प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,068 अंकों से अधिक टूटकर 82,225.92 पर तथा निफ़्टी 50 288 अंकों सेअधिक गिरकर 25,424.65 पर बंद हुआ। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल एक तकनीकी घोषणा इतनी बड़ी गिरावट का कारण बन सकती है,या यह गिरावट पहले से मौजूद आशंकाओं की परिणति थी? वैश्विक वित्तीय बाजारों की संरचना को समझे बिना इस घटना का विश्लेषण अधूरा रहेगा। आज के दौर में पूंजी बाजार केवल मौलिक आर्थिक संकेतकों जैसे जीडीपी वृद्धि, मुद्रास्फीति या ब्याज दर से संचालित नहीं होते, बल्कि वे सूचना-आधारित अपेक्षाओं पर अधिक निर्भर हैं।व्यवहारिक अर्थशास्त्र बताता है कि निवेशकों का निर्णय तर्कसंगत गणनाओं के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक संकेतों से भी प्रभावित होता है। जब कोई अग्रणी तकनीकी कंपनी यह संकेत देती है कि वह ऐसे उपकरण विकसित कर रही है जो पारंपरिक सॉफ्टवेयर सेवाओं की आवश्यकता को कम कर सकते हैं, तो निवेशक तुरंत यह अनुमान लगाने लगते हैं कि आईटी सेवा कंपनियों के राजस्व मॉडल पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। परिणामस्वरूप, जोखिम से बचने की प्रवृत्ति सक्रिय हो जाती है।

साथियों बात अगर हम भारतीय आईटी उद्योग पिछले तीन दशकों में वैश्विक आउटसोर्सिंग मॉडल का प्रमुख स्तंभ रहा है इसको समझने की करें तो, बैंकिंग, बीमा, दूरसंचार और सरकारी प्रणालियों में दशकों से उपयोग हो रहे कोबोल जैसे पुराने प्रोग्रामिंग ढाँचों के रखरखाव और आधुनिकीकरण से भारतीय कंपनियों को निरंतर आय प्राप्त होती रही है।यदि एआई आधारित उपकरण स्वचालित रूप से इन कोडों को आधुनिक भाषाओं में रूपांतरित कर दें, तो निवेशकों को यह भय हो सकता है कि परंपरागत मैनपावर- आधारित सेवाओं की मांग घटेगी। हालांकि यह केवल एक संभावित परिदृश्य है, लेकिन बाजार तत्काल संभावनाओं को कीमतों में समाहित कर लेता है। यही कारण है कि एआई संबंधी घोषणाएँ अक्सर तकनीकी शेयरों में असामान्य उतार-चढ़ाव उत्पन्न करती हैं।यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक स्तर पर एआई कंपनियों के उदय ने निवेश परिदृश्य को पुनर्परिभाषित कर दिया है। ओपन एआई ,गूगल , माइक्रोसॉफ्ट और नवीडिया जैसी कंपनियों ने पिछले वर्षों में एआई आधारित उत्पादों और चिप्स के माध्यम से बाजार पूंजीकरण में भारी वृद्धि दर्ज की है। निवेशकों की दृष्टि में एआई अब केवल एक तकनीकी प्रवृत्ति नहीं, बल्कि औद्योगिक क्रांति 4.0 का प्रमुख इंजन है। ऐसे वातावरण में जब कोई नई एआई क्षमता प्रस्तुत होती है, तो बाजार उसे पारंपरिक उद्योगों के लिए संभावित विघटन के रूप में देखता है। 24 फरवरी की गिरावट को केवल एक कंपनी के बयान से जोड़ना सरलीकरण होगा। उस समय वैश्विक स्तर पर पहले से ही कई अनिश्चितताएँ मौजूद थीं, अमेरिका में संभावित ब्याज दर नीतियों को लेकर असमंजस, यूरोप में विकास दर की मंदी, और एशियाई बाजारों में निर्यात मांग को लेकर चिंताएँ। जब बाजार पहले से ही अस्थिर मनोदशा में हो, तब कोई भी नकारात्मक संकेत बिकवाली को तेज कर सकता है। इसे ट्रिगर इवेंट कहा जाता है,जहाँ मूल कारण गहरे होते हैं, लेकिन एक छोटा समाचार तत्काल प्रतिक्रिया को सटीक रूप से जन्म देता है।

साथियों बात अगर हम व्यवहारिक वित्त के सिद्धांत हर्ड बिहेवियर इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है इसको समझने की करें तो, जब कुछ बड़े संस्थागत निवेशक किसी क्षेत्र में बिकवाली शुरू करते हैं,तो एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग सिस्टम और खुदरा निवेशक भी उसी दिशा में कदम बढ़ाते हैं। परिणामस्वरूप, गिरावट अपनी गति स्वयं निर्मित करती है।आईटी क्षेत्र में 4.74 प्रतिशत की गिरावट यह संकेत देती है कि बाजार ने इसे केवल अल्पकालिक समाचार नहीं, बल्कि संभावित संरचनात्मक परिवर्तन के संकेत के रूप में देखा।हालांकि, तकनीकी दृष्टि से यह भी विचारणीय है कि एआई उपकरण पारंपरिक सॉफ्टवेयर सेवाओं का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकते।कोड आधुनिकीकरण केवल एक चरण है;उसके बाद परीक्षण, एकीकरण, साइबर सुरक्षा और रखरखाव जैसी सेवाएँ आवश्यक रहेंगी। भारतीय आईटी कंपनियाँ पहले ही एआई को अपनी सेवाओं में समाहित करने की दिशा में अग्रसर हैं। इसलिए दीर्घकाल में यह परिवर्तन उनके लिए अवसर भी सिद्ध हो सकता है। इतिहास बताता है कि तकनीकी क्रांतियाँ रोजगार और सेवाओं को समाप्त करने के साथ-साथ नए क्षेत्रों का सृजन भी करती हैं।

साथियों बात अगर हम दीर्घकालिक निवेशकों के लिए ऐसे उतार-चढ़ाव अवसर भी प्रदान करते हैं, इसको समझने की करें तो, जब किसी क्षेत्र में भय के कारण मूल्य गिरते हैं, तो मजबूत बुनियादी कंपनियों में निवेश का अवसर उत्पन्न होता है। किंतु अल्पकालिक ट्रेडिंग करने वाले निवेशकों के लिए यह जोखिमपूर्ण समय होता है। इसलिए पोर्टफोलियो विविधीकरण और जोखिम प्रबंधन की रणनीतियाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं। साथियों बात अगर हम इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से समझने की करें तो 2000 के डॉट-कॉम बुलबुले के समय भी तकनीकी घोषणाओं ने बाजार में तीव्र उतार-चढ़ाव उत्पन्न किए थे। उस समय इंटरनेट कंपनियों के मूल्यांकन में अत्यधिक आशावाद देखा गया, जो बाद में यथार्थ से टकराकर ध्वस्त हुआ। वर्तमान एआई उछाल की तुलना भी कई विश्लेषक उसी दौर से करते हैं, हालांकि इस बार तकनीकी आधार कहीं अधिक ठोस है। फिर भी, मूल्यांकन और वास्तविक आय के बीच संतुलन महत्वपूर्ण है।

# रेवड़ी कल्चर पर शीर्ष अदालत की टिप्पणी और चिंता

**मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि आखिर रेवड़ियां बांटने का बोझ टैक्स देने वाले लोगों पर ही पड़ेगा। यदि 'रेवड़ियां' मिलती रहेंगी, तो काम कौन करेगा? आखिर हम यह कैसी संस्कृति बना रहे हैं? सरकारों को 'मुफ्तखोरी' के बजाय रोजगार-सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि कोई शिक्षा और बुनियादी जिंदगी का खर्च वहन नहीं कर सकता, तो ऐसे लोगों को सुविधा देना सरकार का दायित्व है, लेकिन 'मुफ्त रेवड़ियां' उनकी जेब में जा रही हैं, जो लोग मजे कर रहे हैं। क्या सरकारों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए?**


रोहित माहेश्वरी

मुफ्त की रेवड़ी पर बीती 19 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को कड़ी फटकार लगाई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए गंभीर सवाल उठाए। न्यायालय ने कहा कि, हम किस तरह की संस्कृति विकसित कर रहे हैं? न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्यों का काम सिर्फ वेतन देना और मुफ्त उपहार बांटना रह गया है? पीठ ने कहा कि ऐसी नीतियों से लोगों में काम करने की इच्छा खत्म हो रही है और देश का वर्क कल्चर खराब हो रहा है। रेवड़ी संस्कृति देश की राजनीति के केंद्र में आ चुकी है। फ्रीबीज की शुरुआत सन् 1956 से हुई मानी जा सकती है, जब मध्याह्न भोजन योजना पहली बार वर्ष 1956 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. कामराज द्वारा शुरू की गई थी। ऐसा माना जाता है कि आंध्र प्रदेश में एनटी रामाराव की 2 रुपए किलो चावल योजना ने आज के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम की नींव रखी थी। तेलंगाना की रायथु बंधु और ओडिशा की कालिया योजनाओं ने किसानों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अग्रदूत के रूप में कार्य किया है।

दक्षिण भारत से शुरू हुई इस प्रथा को अरविंद केजरीवाल ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इसका बाद में दूसरे दलों ने अनुसरण किया। एक ओर अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ इस प्रथा की आलोचना करते हैं, तो दूसरी ओर कई नेता मतदाताओं के लिए मुफ्त चीजों की वकालत करते हैं। चुनाव में मुफ्त सुविधाओं के वादे और चुनाव अक्सर इस मायने में जुड़े होते हैं कि राजनीतिक दल अपने घोषणापत्रों में इसका वादा करते हैं, और सत्ताधारी दल अक्सर चुनाव से ठीक पहले उन्हें बांट देते हैं।

दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह जीवन की अच्छी गुणवत्ता से समझौता है, क्योंकि मुफ्त उपहारों की संस्कृति स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, अनुसंधान एवं विकास आदि जैसी अन्य जरूरी आवश्यकताओं पर कम पूंजीगत व्यय को दर्शाती है। साथ ही, यह बजटीय संकट को भी जन्म देती है। 2019 में, दिल्ली स्थित एक गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स द्वारा भारत के 543 संसदीय क्षेत्रों में एक सर्वेक्षण किया गया था। उस सर्वेक्षण के अनुसार, 42 फीसद से अधिक मतदाता किसी विशेष उम्मीदवार को वोट देने के पीछे उम्मीदवार की कल्याणकारी योजनाओं के बजाय नकदी, शराब और मुफ्त उपहारों के वितरण को एक महत्वपूर्ण कारण मानते हैं। ताजा मामले में न्यायालय ने चिंता जताई कि अधिकांश राज्य पहले से ही रेवेन्यू डेफिसिट में हैं, फिर भी वे मुफ्त बिजली, राशन और नकदी बांट रहे हैं। कोर्ट ने तल्ख लहजे में कहा कि इस कारण बुनियादी ढांचे यानी सड़क, स्कूल, अस्पताल के विकास के लिए एक पैसा भी नहीं



बचता। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना भेदभाव के सबको मुफ्त सुविधाएं देना तुष्टिकरण की राजनीति है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि आखिर रेवड़ियां बांटने का बोझ टैक्स देने वाले लोगों पर ही पड़ेगा। यदि 'रेवड़ियां' मिलती रहेंगी, तो काम कौन करेगा? आखिर हम यह कैसी संस्कृति बना रहे हैं? सरकारों को 'मुफ्तखोरी' के बजाय रोजगार-सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि कोई शिक्षा और बुनियादी जिंदगी का खर्च वहन नहीं कर सकता, तो ऐसे लोगों को सुविधा देना सरकार का दायित्व है, लेकिन 'मुफ्त रेवड़ियां' उनकी जेब में जा रही हैं, जो लोग मजे कर रहे हैं। क्या सरकारों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए?

बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने मौखिक टिप्पणी कर दी और राजनीतिक दलों के प्रवक्ता कह रहे हैं कि वे शीर्ष अदालत की बात मानने को बाध्य नहीं हैं। ये 'रेवड़ियां' नहीं हैं, बल्कि कल्याणकारी योजनाएं हैं। हम कल्याणकारी लोकतंत्र हैं और जनता की मदद करना हमारा फर्ज है। लिहाजा क्षमा के साथ सर्वोच्च अदालत से भी हमारा सवाल है कि वह मौखिक टिप्पणियां क्यों करती है? सिर्फ चिंता व्यक्त करने से क्या होगा? सर्वोच्च अदालत को संविधान ने विशेषाधिकार भी दिए हैं और उनका इस्तेमाल कर अदालत ने फैसले भी सुनाए हैं, तो मुफ्तखोरी पर आदेश क्यों नहीं दिए जा सकते? अदालत सरकारों को स्पष्ट निर्देश दे कि चुनाव से पहले योजनाओं की घोषणा कब करें? 'रेवड़ियों' को भी परिभाषित करें। 11 अगस्त 2022 को रेवड़ी कल्चर पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि, यह मुद्दा समाज और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि फ्रीबीज की वजह से इकोनॉमी पैसे गंवा रही है। हम इस बात से सहमत हैं कि फ्रीबीज और वेलफेयर के बीच अंतर है।

सरकार के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष और परोक्ष करों से आता है, जिनसे सरकार को लिए गए ऋणों पर ब्याज, रक्षा, अनावर्ती व्यय, सरकारी कर्मचारियों के वेतन, सब्सिडी और जनता के लिए स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का भुगतान करने में मदद मिलती है। ये योजनाएं तय होती हैं और सरकार के कुल व्यय का एक हिस्सा इन पर खर्च होता है। जमीनी हकीकत यह है कि देश के राज्यों पर कुल 104 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। देश पर भी 200.50 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। कुछ विशेषज्ञ इसे 225 लाख करोड़ के करीब मानते हैं। इसके बावजूद रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई मौकों पर कह चुके हैं कि आम आदमी फ्रीबीज नहीं मांगता। रेवड़ियां देश के विकास के लिए खतरनाक हैं। ये अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकती हैं। इन कथनों के बावजूद हर दल रेवड़ियां बांटने की होड़ में शामिल है। जिस तमिलनाडु से याचिका शीर्ष अदालत में दी गई थी, उस राज्य पर 10.42 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। बंगाल पर 7.90 लाख करोड़ और केरल पर 5.04 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। इन राज्यों में इसी साल अप्रैल के बाद चुनाव होने हैं। जानकारों की मानें तो चुनाव से पहले मुफ्त वादों की घोषणा पर लगाम लगाना जरूरी है, लेकिन यह आसान नहीं है। वोटबैंक की वजह से पॉलिटिकल पार्टियां रिस्क नहीं लेना चाहती है। 4 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने रेवड़ी कल्चर पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि, चुनाव आयोग इस मामले में समय रहते कदम उठाया होता है तो शायद कोई भी राजनीतिक दल ये हिम्मत नहीं करता। लेकिन अब मुफ्त रेवड़ियां बांट कर वोट बटोरना भारत के राजनीतिक दलों का मुख्य हथियार बन गया है। भारत के निर्वाचन आयोग को चुनावों के दौरान मुफ्त वाली घोषणाओं की प्रभावी निगरानी और उनके विनियमन को सुनिश्चित करने की जरूरत है। नागरिकों को भी अल्पकालिक लाभ से प्रभावित होने के स्थान पर राजनीतिक दलों के दीर्घकालिक विकास एजेंडे के आधार पर मतदान के समय देशहित में निर्णय लेने के लिए शिक्षित किए जाने की जरूरत है।

# न्यायिक तंत्र के संदर्भ में नागरिकों के लिए जानकारियां


मुहम्मद क़मर खाँ

विश्व के विभिन्न देशों में वास कर रहे नागरिको के जीवन यापन हेतु, उस देश में व्याप्त न्यायिक तन्त्र के अनुसार कातिपय गतिविधियों का पालन अनिवार्य होता है, इस क्रम में अपने देश के नागरिकों को ऐसी जानकारियाँ निम्नानुसार दिया जाना उचित प्रतीत होता है। कोर्ट कितने प्रकार के होते है-हमारे देश छः 6 प्रकार के न्यायालय काम कर रहे है। उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट), उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट), जिला न्यायालय (डिस्ट्रिक्ट कोर्ट), अधीनस्थ न्यायालय (लोवर कोर्ट), ट्रियूब्लन फास्ट ट्रेक को है, तथा लोक अदालत। भारत का शीर्ष न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय है जो दिल्ली में स्थित है।

सुप्रीम कोर्ट (सर्वोच्च न्यायालय)-मौलिक अधिकारों का उल्लधंन यदि किसी व्यक्ति के समानता जीवन अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो भारत के संविधान 1949 के अनुच्छेद 226 के तहत सीधे उच्च न्यायालय या अनुच्छेद 226 तहत सीधे उच्च न्यायालय या अनुच्छेद 39 के तहत सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है।

देश में कितने हाईकोर्ट है-भारत के विभिन्न राज्यों में और केन्द्र शासित प्रदेशों में 25 उच्च न्यायालय है, भारतीय संविधान का अनुच्छेद 217 भारत के उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति से सम्बन्धित है। एक हाई कोर्ट में कुल कितने जज होते है-राजस्थान का उच्च न्यायालय(जयपुर में स्थायी पीठ) की स्थापना आदेश 1976 द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालयय जयपुर पीठ को फिर से जयपुर में स्थापित किया गया, और 30.01.1977 से जयपुर पीठ ने कार्य करना प्रारम्भ किया वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय में माननीय न्यायाधीशों की अनुमोदित संख्या पचास है।

भारत में जनहित में याचिका की शुरूआत कब हुयी-जनहित याचिका, भारत में न्यायायिक पहल द्वारा शुरू हुयी। हमारे देश में जनहित यचिका च्स् सर्वोच्च न्यायालय कह 'न्यायिक सक्रियता का एक हितकारी उत्पाद है। वर्ष 1980 के दशक में इसका सुआरम्भ हुआ।

देश के किन राज्यों में हाई कोर्ट नहीं है- भारत में गोवा, मिज़ोरम, अरूणाचल प्रदेश व नागालैण्ड का अपना उच्च न्यायालय नही है। दुनिया की पहली महिला न्यायाधीश-न्यायामूर्ति अन्ना चांडी जो भारतीय थी। भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश-लीला सेठ ने भारत की पहली मुख्य न्यायाधीश बनकर एक एतिहासिक उपलब्धि हासिल की। महाभियोग-महाभियोग वह प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट-राष्ट्रपति तथा न्यायालय के जजों को हटाये जाने हेतु किया जाता है। इसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 61, 124 (4), 217 तथा 218 में मिलता है महाभियोग प्रस्ताव के बल लाया जा सकता है, जब संविधान का उल्लंघन, दुर्व्यवहार या अक्षमता सिद्ध हो रही हो। क्या सुप्रीम कोर्ट को सीधी शिकायत की जा सकती है-मौलिक अधिकारों का उल्लंघन यदि कियी व्यक्ति की विचारों को अभिव्यक्ति, समानता का मौलिक अधिकार का हनन या उल्लधन होता है तो भारतीय संविधान 1949 के अनुच्छेद 226 के अर्न्तगत सीधे अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। निर्णय गलत होने पर-हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले गलत हो सकते हैं, जजों के फैसले गलत हों तो भी एफआईआर नहीं हो सकती।

देश के सर्वोच्च न्यायालय की स्ट्रेन्थ, सेवा निवृत्ति, शक्तियां व महत्व-सुप्रीम कोर्ट में न्यायधीश की वर्तमान संख्या 34 है। भारतीय संविधान के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों हेतु सेवानिवृत्ति की आयु 65 है। अभिलेख न्यायालय के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के पास अपनी शक्तियां है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय कार्यवाही तथा कार्य शाश्वत स्मृति के अतिरिक्त गवाही के लिए भी दर्ज किये जाते है। ऐसे अभिलेखों को साक्ष्य के तौर पर मूल्यवान समझते हुए, दस्तावेजों का दर्जा हासिल है। साथ ही किसी भी अदालत में इन्हें नज़ीर के रूप में पेश किये जाने पर, सवाल नहीं उठाये जा सकते।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# बांग्लादेश में मुकदमों की नई जांच से क्या बदलेगी शेख हसीना की किस्मत?

**कानून केवल धाराओं से नहीं, बल्कि साक्ष्यों और प्रक्रियाओं की शुचिता से चलता है। यदि समीक्षा में यह पाया जाता है कि 5 अगस्त के बाद अवामी लीग के हजारों समर्थकों पर फर्जी केस लादे गए थे, तो यह शेख हसीना के वकीलों को एक मजबूत प्रक्रियागत तर्क प्रदान करेगा। वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह दावा कर सकेंगे कि जब निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले राजनीतिक द्वेश से प्रेरित हो सकते हैं।**


महेन्द्र तिवारी

बांग्लादेश की राजनीति में 23 फरवरी 2026 को गृहमंत्री सलाहुद्दीन अहमद द्वारा मुकदमों की पुनः जांच का आदेश देना एक ऐसा मोड़ है, जिसके गहरे निहितार्थ हैं। 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना के पतन के बाद देश जिस उथल-पुथल से गुजरा, उसने न केवल सत्ता का केंद्र बदला, बल्कि कानूनी प्रक्रियाओं को भी राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों से घेर दिया। अब जब नई निर्वाचित बांग्लादेश नेशनालिस्ट पार्टी सरकार ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में इन मामलों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इससे शेख हसीना को कोई राहत मिल सकती है। इस विषय का विश्लेषण करने के लिए हमें कानूनी बारीकियों, राजनीतिक नैरेटिव और अंतरराष्ट्रीय दबाव के त्रिकोण को समझना होगा।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि इस समीक्षा का दायरा क्या है। गृहमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जांच केवल उन मुकदमों की होगी जो 5 अगस्त 2024 के बाद दर्ज किए गए। हसीना सरकार के गिरने के बाद उपजी अराजकता में कई अवामी लीग कार्यकर्ताओं, व्यवसायियों और पत्रकारों पर ऐसे मुकदमे दर्ज हुए, जिनके बारे में माना जाता है कि वे व्यक्तिगत रंजिश या भीड़ तंत्र के दबाव में किए गए थे। कानूनी रूप से, यह समीक्षा शेख हसीना के लिए सीधे तौर पर कोई ढाल नहीं बनती। इसका कारण यह है कि हसीना पर लगे मुख्य आरोप जैसे 2024 के छात्र आंदोलन का दमन और मानवता के खिलाफ अपराध 5 अगस्त से पहले की घटनाओं से जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा उन्हें दी गई मौत की सजा और भ्रष्टाचार के मामलों में मिली 10 साल की कैद इसी श्रेणी में आती है। अतः, पोस्ट-अगस्त मुकदमों की फाइलें दोबारा खुलने से उनकी सजाओं पर कोई तत्काल कानूनी प्रभाव नहीं पड़ता।

हालांकि, कानून केवल धाराओं से नहीं, बल्कि साक्ष्यों और प्रक्रियाओं की शुचिता से चलता है। यदि समीक्षा में यह पाया जाता है कि 5 अगस्त के बाद अवामी लीग के हजारों समर्थकों पर फर्जी केस लादे गए थे, तो यह शेख हसीना के वकीलों को एक मजबूत प्रक्रियागत तर्क प्रदान करेगा। वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह दावा कर सकेंगे कि जब निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले राजनीतिक द्वेश से प्रेरित हो सकते हैं, तो सर्वोच्च नेता के खिलाफ की गई पूरी न्यायिक प्रक्रिया भी निष्पक्ष नहीं हो सकती। यह स्थिति शेख हसीना को एक पीड़ित के रूप में चित्रित करने में मदद करेगी, जिससे उन्हें प्रत्यक्ष



कानूनी लाभ न सही, पर एक नैतिक और नैरेटिव आधारित लाभ अवश्य मिल सकता है।

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो तारिक रहमान की सरकार एक कठिन संतुलन साधने की कोशिश कर रही है। एक तरफ उन्हें उन छात्रों और जनता को संतुष्ट करना है जिन्होंने हसीना के खिलाफ क्रांति की, और दूसरी तरफ उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह दिखाना है कि बांग्लादेश अब प्रतिशोध की राजनीति से आगे बढ़ चुका है। यदि समीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में मुकदमे वापस लिए जाते हैं, तो अवामी लीग के वे कार्यकर्ता जो अब तक भूमिगत थे या डरे हुए थे, फिर से सक्रिय हो सकते हैं। कार्यकर्ताओं की यह सक्रियता शेख हसीना के लिए एक संजीवनी की तरह होगी, क्योंकि किसी भी निर्वासित नेता की शक्ति उसकी जमीन पर मौजूद फौज से ही तय होती है। इससे हसीना को यह कहने का मौका मिलेगा कि उनकी पार्टी के खिलाफ जो भी हुआ वह एक अवैध तख्तापलट का हिस्सा था।

एक और महत्वपूर्ण आयाम अंतरराष्ट्रीय संबंधों का है। शेख हसीना वर्तमान में भारत में निर्वासन में हैं और ढाका की नई सरकार उनके प्रत्यर्पण के लिए दबाव बना रही है। मुकदमों की पुनः जांच का आदेश कहीं न कहीं यह संकेत देता है कि बीएनपी सरकार कानून के शासन को बहाल करना चाहती है। यदि जांच निष्पक्ष होती है, तो यह नई सरकार की साख बढ़ाएगी, लेकिन यदि इसमें अवामी लीग के प्रति नरमी के संकेत मिले, तो भारत जैसे पड़ोसी देशों को हसीना के पक्ष में खड़े होने का और अधिक आधार मिल जाएगा। भारत पहले ही इन मुकदमों को बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताते हुए मानवीय आधार पर हसीना को शरण दिए हुए है। यदि ढाका खुद स्वीकार करता है कि उसके यहाँ दर्ज मुकदमों में विसंगतियां हैं, तो प्रत्यर्पण की मांग कानूनी रूप से कमजोर पड़ सकती है।

सामाजिक रूप से, बांग्लादेश इस समय बुरी तरह ध्रुवीकृत है। 5 अगस्त के बाद अल्पसंख्यकों और अवामी लीग से जुड़े लोगों के खिलाफ हुई हिंसा ने एक घाव छोड़ दिया है। गृहमंत्री का यह कहना कि निर्दोषों को परेशान नहीं किया जाएगा, उस वर्ग में सुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है जो हसीना का समर्थक रहा है। यह सामाजिक स्थिरता की ओर एक कदम हो सकता है, लेकिन हसीना के लिए यह परोक्ष फायदा है क्योंकि इससे उनके समर्थन आधार का बिखराव रुक जाएगा। जब समर्थक सुरक्षित महसूस करेंगे, तभी वे हसीना की वापसी या उनके विचारों के लिए आवाज उठा पाएंगे।

अंततः, इस पूरी कवायद से शेख हसीना को मिलने वाला लाभ सीमित और परोक्ष प्रतीत होता है। उन्हें जेल से बाहर निकालने या उनकी सजा कम करने का कोई सीधा रास्ता इस समीक्षा से नहीं निकलता। लेकिन, यह कदम उस कठोर कानूनी और राजनीतिक घेराबंदी को थोड़ा ढीला जरूर कर सकता है जो 5 अगस्त के तुरंत बाद उनके चारों ओर बनाई गई थी। यदि बीएनपी सरकार इस जांच को पारदर्शी तरीके से पूरा करती है, तो यह बांग्लादेश के लोकतंत्र की जीत होगी, लेकिन यदि इसमें जरा भी चूक हुई, तो शेख हसीना इसे अपनी वापसी का पहला पायदान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। निष्कर्षतः, यह कदम हसीना की सजा को तो नहीं बदल सकता, लेकिन उनकी धूमिल होती छवि को राजनीतिक शिकार के रूप में पुनर्जीवित करने का अवसर अवश्य प्रदान कर सकता है।

# पॉलीक्लिनिक भवन निर्माण पर पूर्व सैनिक संगठन ने उठाए गंभीर सवाल



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** फतेहपुर पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी, महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी एवं उपाध्यक्ष साधना सिंह ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर पूर्व सैनिकों के लिए प्रस्तावित पॉलीक्लिनिक भवन निर्माण पर गंभीर आरोप लगाए। अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी ने बताया कि पूर्व सैनिकों के लिए लंबे प्रयासों के बाद स्वीकृत पॉलीक्लिनिक भवन को मूल स्थान के बजाय जबरन अटल बिहारी वाजपेयी पार्क पक्का तालाब परिसर में बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित भूमि का विधिवत आवंटन नहीं किया गया है तथा निर्माण स्थल पूर्व में नगर का कचरा डंपिंग क्षेत्र रहा है, जिससे भवन की दीर्घकालिक स्थिरता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि लगभग 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस भवन में निर्माण संबंधी अनियमितताएं हैं। आरोप लगाया गया कि ठेकेदार को केवल एक वर्ष की गारंटी शर्त के साथ अनुबंधित किया गया है, जो सामान्य मानकों से अलग है।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकरण से संबंधित दस्तावेज सब एरिया प्रयागराज के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमित सिंह सोहाल (विशेष सेना मेडल), स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर डागर, कर्नल वेटरन्स तथा क्षेत्रीय निदेशक ईसीएचएस को प्रस्तुत किए गए। उनका कहना है कि अधिकारियों ने अनियमितताओं की आशंका को स्वीकार किया, किंतु अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। समिति का कहना है कि जनपद के लगभग 26 हजार पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित इस पॉलीक्लिनिक पर निर्भर हैं। यदि भवन की गुणवत्ता प्रभावित हुई या भविष्य में किसी कारणवश ध्वस्त हुआ तो पूर्व सैनिकों को इलाज हेतु रायबरेली या कौशांबी जैसे अन्य जनपदों से संबद्ध किया जा सकता है, जिससे उन्हें उपचार में भारी असुविधा होगी। अध्यक्ष तिवारी ने पूर्व सैनिकों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि उच्च सैन्य अधिकारियों से समाधान नहीं मिला तो मामला उच्च न्यायालय तक ले जाया जाएगा।

## नगर आयुक्त ने सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा मथुरा नगर के प्रमुख तिराहों एवं चौराहों पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का आज नगर आयुक्त श्री जग प्रवेश द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों – मछली फाटक, स्टेट बैंक चौराहा, कंकाली देवी मंदिर मार्ग एवं भूतेश्वर तिराहा – पर रोड साइड इंटरलॉकिंग, व्यू कटर स्थापना, पौधरोपण (प्लांटेशन), कच्चे हिस्सों को पक्का करने तथा वॉल पेंटिंग सहित विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर हैं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समयसीमा में, विशेषकर होली पर्व से पूर्व, पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने प्रमुख मार्गों, तिराहों एवं चौराहों पर अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए।

# स्वस्थ तन-मन के लिए छात्र-छात्राएं नियमित खेलें

- हार से निराश न हों, जीत का घमंड न करें: डीन डॉ. आर.के. अशोका
- के.डी. कॉलेज आफ नर्सिंग एण्ड पैरा मेडिकल साइंस में चार दिवसीय स्पर्धा-02 का आगाज



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्वस्थ तन और मन के लिए खेलना बहुत जरूरी है लिहाजा छात्र-छात्राएं नियमित रूप से प्रतिदिन किसी न किसी खेल में जरूर हिस्सा लें। खेलों से हमें चुनौतियों का सामना करने की सीख मिलती है तथा अनुशासन और टीमभावना का विकास होता है। यह सारगर्भित उद्गार केडी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने केडी कॉलेज आफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंस के चार दिवसीय स्पर्धा-02 के शुभारम्भ अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

स्पर्धा-02 का शुभारम्भ कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, डीन डॉ. आर.के. अशोका, प्राचार्या डॉ. एन.पी. चानू, उप प्राचार्य डॉ. गौरव त्यागी आदि ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन में कुलपति डॉ. लाहौरी ने कहा कि यदि हमें स्वस्थ रहना है तो खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। शरीर और मन दोनों का स्वस्थ रहना सफलता के साथ आनंदमय जीवन जीने का एक सूत्र है। केडी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर.के. अशोका ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में जितना महत्व शिक्षा का है उतना ही जरूरी खेल भी हैं। जीत-हार खेल का हिस्सा है, हार से निराश न हों तथा जीत से घमंड न करें। डॉ. अशोका ने कहा कि खेल हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन तथा समूह में कार्य करना सिखाते हैं। उन्होंने सभी टीमों के कप्तानों और प्रतिभागियों को सद्भावना की सीख देते हुए कहा कि यदि हम खेलों का नियमित अभ्यास करें तो जीवन में अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। केडी विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर श्री मनोज अग्रवाल ने अपने संदेश में सभी टीमों के कप्तानों तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। श्री अग्रवाल ने कहा कि खेल अब समय की बर्बादी नहीं बल्कि करिअर को नया मुकाम देने का माध्यम भी हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से सद्भावपूर्ण माहौल में खेलने का आह्वान किया। स्पोर्ट्स आफीसर डॉ. सोनू शर्मा ने स्पर्धा-02 की जानकारी देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को छह ग्रुपों में बांटा गया है। चार दिवसीय स्पर्धा में छात्र-छात्राएं क्रिकेट, शतरंज, वॉलीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रस्साकशी, कबड्डी, एथलेटिक्स आदि स्पर्धाओं में अपना खेल-कौशल दिखाएंगे। स्पर्धा-02 का शानदार आगाज रस्साकशी प्रतियोगिता से हुआ। खेलों का समापन और पारितोषिक वितरण 28 फरवरी को होगा।

स्पर्धा-02 के समन्वयक डॉ. गौरव त्यागी ने बताया कि चार दिन तक चलने वाली विभिन्न स्पर्धाएं स्पोर्ट्स आफीसर डॉ. सोनू शर्मा, कॉलेज के संकाय सदस्यों नितेश सोगरवाल, तरुषी सोर, दर्शन चतुर्वेदी, हेमंत शर्मा, यशिका शर्मा, प्रियंका, मिली माहौर, शिवानी, लोकेश, अर्पित, एओ अभय शर्मा, नरेन्द्र गोस्वामी, अजीत सिंह आदि की देखरेख और मार्गदर्शन में सम्पन्न होंगी। अंत में केडी कॉलेज आफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंस की प्राचार्या डॉ. एन.पी. चानू ने अतिथियों का आभार मानते हुए सभी टीमों के छात्र-छात्राओं से खेलभावना के साथ खेलने का आह्वान किया।

# मथुरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई 24 घंटे में हत्यारोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सदर बाजार क्षेत्र में मजदूरी के पैसे को लेकर हुई हत्या की घटना का मथुरा पुलिस ने तेज़ी से खुलासा करते हुए 24 घंटे के भीतर मुख्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया भी बरामद कर ली गई है। थाना सदर बाजार पर दर्ज मुकदमा संख्या 65/26 धारा 115(2)/ 109(1)/103(1) बीएनएस से संबंधित मामले में पुलिस टीम ने 24 फरवरी को शाम 7¬38 बजे यमुना किनारे वाटरवर्क्स के पास पुलिया से कल्ला पुत्र सुम्मेरा उर्फ सुमेरी निवासी दामोदरपुरा, उम्र करीब 58 वर्ष, को गिरफ्तार किया। विदित हो कि 23 फरवरी की रात मजदूरी के रुपये मांगने को लेकर हुए विवाद में हरिओम और उसके पड़ोसी पर लाठी-डंडों व सरिया से हमला किया गया था, जिसमें हरिओम की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी, जबकि दूसरा घायल आगरा रेफर किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल साक्ष्य संकलन कर दबिशें दीं और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की सरिया बरामद की गई। पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह, उपनिरीक्षक रामअवतार सिंह, उपनिरीक्षक मोनू कुमार तथा हेड कांस्टेबल उपदेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने भी घटना के शीघ्र अनावरण पर मथुरा पुलिस की सराहना करते हुए इसे प्रभावी और तत्पर कार्रवाई बताया है। पुलिस द्वारा फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## मांगे न सुनी गई तो 5 मार्च से आंदोलन करेंगे

**मथुरा।** बीती 4 फरवरी को जयगुरूदेव आश्रम के निकट ट्रक चालक की लाठी डंडो से मारपीट हुई मौत के मामले में वाहन चालक कल्याण समिति ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया है। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे वाहन चालक कल्याण समिति संपूर्ण भारत के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने मृतक के भाई संदीप कुमार को साथ लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी को जयगुरूदेव आश्रम के निकट ट्रक चालक अनूप सिंह की लाठी डंडो से पीट पीट कर हत्या कर दी गई। इस मामले में थाना हाइवे में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। पुलिस पर अभी तक ठोस कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में परिजनों को 25 लाख रूपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है।

# अभाहिम की चिंता: हिंदुत्व की छवि को लक्ष्य बनाकर रचा जा रहा है प्रकरण : गोपाल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महापाप प्रकरण को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे केवल एक कानूनी विवाद नहीं बल्कि हिंदुत्व की प्रभावशाली छवि को केंद्र में रखकर तैयार किया गया सुनियोजित विमर्श बताया है। महासभा के प्रदेश संयोजक गोपाल चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर एसआईटी गठित करने, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा पीड़ित बच्चों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि घटनाक्रम जिस क्रम और टाइमिंग से सामने आया है, वह कई गंभीर सवाल खड़े करता है। कुंभ और माघ मेले के दौरान हुई राजनीतिक मुलाक़ातों के बाद अचानक तेज़ हुई बयानबाज़ी और फिर एक ही दिशा में सक्रिय हुआ राजनीतिक तंत्र इस बात की ओर संकेत करता है कि मामला सतही नहीं है। प्रथम दृष्टया इसमें प्रत्यक्ष लाभ न तो शिकायतकर्ता पक्ष को दिखाई देता है और न ही आरोपों के घेरे में आए धर्माचार्य को, लेकिन पूरे विमर्श का केंद्र लगातार एक ही हिंदुत्ववादी राजनीतिक छवि पर आकर टिक जाना संदेह को और गहरा करता है।

गोपाल चतुर्वेदी का कहना है कि हाल के वर्षों में हिंदुत्व के प्रभावशाली प्रतीक के रूप में उभरे नेतृत्व को सीधे राजनीतिक तौर पर चुनौती देना कठिन साबित हुआ है, इसलिए अब वैचारिक टकराव की नई जमीन तैयार करने का प्रयास दिखाई देता है जिसमें संत, समाज और सत्ता को एक ही फ्रेम में खड़ा कर भ्रम की स्थिति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि इससे सनातन की वैचारिक शक्ति को भीतर से कमजोर करने का प्रयास प्रतीत होता है।

महासभा के अनुसार आशुतोष पांडेय इस पूरे प्रकरण में केवल एक चेहरा भर नजर आते हैं और वास्तविक रणनीति पर्दे के पीछे तैयार होती दिखाई देती है। यही कारण है कि संगठन ने निष्पक्ष और व्यापक जांच की मांग को आवश्यक बताया है ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी भी निर्दोष की छवि को राजनीतिक उद्देश्य से प्रभावित न किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह मामला केवल व्यक्तियों का नहीं बल्कि हिंदुत्व की प्रतिष्ठा और सामाजिक विश्वास से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी जांच उच्चस्तरीय एजेंसी से कराना समय की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से अपेक्षा की कि वह इस संवेदनशील विषय में हस्तक्षेप कर पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करे, जिससे समाज में फैल रहे संशय का अंत हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति : 'बहू-बेटी सम्मेलन' का आयोजन



**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। अभियान के तहत शक्ति दीदियों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं के समन्वय से गांवों और स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, किशोरियों एवं परिवारों को उनके कानूनी अधिकारों, मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। सम्मेलन में साइबर अपराध, दहेज मृत्यु, अपहरण एवं महिला उत्पीड़न जैसी घटनाओं की रोकथाम पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को अपराध के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

### जिलाधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक सुरक्षा निरीक्षण




**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** रविन्द्र सिंह, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय फतेहपुर स्थित ईवीएम /वीवीपैट वेयरहाउस का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. अविनाश त्रिपाठी (उप जिला निर्वाचन अधिकारी), अनामिका श्रीवास्तव (उप जिलाधिकारी सदर/प्रभारी अधिकारी ईवीएम/वीवीपैट), रंजीत कुमार चौरसिया (उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी) एवं ओम प्रकाश त्रिपाठी (प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी) उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। निरीक्षण में सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित पाए गए। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वेयरहाउस की सुरक्षा हेतु 01 हेड कांस्टेबल एवं 03 कांस्टेबल 24म7 तैनात हैं। इसके अतिरिक्त अग्नि सुरक्षा उपकरणों (फायर सिलेंडर) की वैधता की भी जांच की गई। डीबीआर में डेटा स्टोरेज की स्थिति का परीक्षण किया गया, जो निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई।

# शंकराचार्य अविमुक्ततेश्वरानंद पर मुकदमा दर्ज कराने के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** कांग्रेस की जिला व महानगर कमेटी ने संयुक्त रूप से प्रदेश सरकार पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्ततेश्वरानंद सरस्वती को परेशान करने एवं यौन शोषण के फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री को मांगपत्र भेजा है। महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने कहा है कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों के साथ हुई कथित अभद्रता, प्रताड़ना और उनके विरुद्ध दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता एवं संत समाज के सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान, लोकतंत्र और सभी धर्मों एवं संतों के सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार तानाशाही की सभी हदे पार कर धर्म से जुड़े लोगो को सच बोलने पर प्रताड़ित कर रही है जो अत्यन्त पीड़ादायक है। भाजपा सरकार अधर्म के नशे मे लीन होकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ आधारहीन साजिश रच रही है।

जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर ने कलेक्ट्रेट में शंख बजाकर सरकार को धर्म और सत्य की रास्ते पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अन्याय के विरुद्ध निडरता से खड़ा रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक फूलकुंवर, असलम खुर्शीद, अजय सारस्वत सोनी, अमीरूल हसन जाफरी, अरशद परवेज,अब्बास,नजाकत ठेकेदार, मौ शादान, रिजवान रईस, पार्षद नदीम उद्दीन, पार्षद मौअज्जम अली, पार्षद कमर सलीम, पार्षद फहीम, पार्षद अफसर अंसारी, फहीम मिर्जा, मुशाहिद चौधरी, जईम चौधरी, हकीम नाजिम,अनिल शर्मा, अनवर मुमताज, अल्ताफ मसूदी, अनूप आदि मौजूद रहे।

## आठ साल की बच्ची ने किया कुरान मुकम्मल



अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** नगर के मौहल्ला छेवडा निवासी सैय्यद शादाब रजा की आठ साल की बेटी सैय्यदा अजमी जेहरा ने जामिन आब्दी साहब की निगरानी में कुरान मुकम्मल किया इस से परिवार केलोगो कोमौहल्ले के लोगों ने मुबारकबाद दी परिवार में भी खुशी का माहौल है।

# विधायिका ने किया शुभारंभ, 10 प्रगतिशील किसान सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के न्यूट्री सीरियल (श्री अन्न) घटक के अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन 24 एवं 25 फरवरी को कृषि विज्ञान केन्द्र थरियांव में किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन 25 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे से किसानों का पंजीकरण प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृष्णा पासवान, विधायक खागा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पवन कुमार मीना (मुख्य विकास अधिकारी), सत्येंद्र सिंह (उप कृषि निदेशक), नरोत्तम कुमार (जिला कृषि अधिकारी), अख्तर हुसैन (भूमि संरक्षण अधिकारी), अमित कुमार (भूमि संरक्षण अधिकारी ईईसी खागा), डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. साधना वैश्य, डॉ. जगदीश किशोर, डॉ. संजय कुमार सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में कृषकों ने भी भागीदारी की। कार्यक्रम स्थल पर कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

# पीडीए साइकिल विजय यात्रा का समाजवादियों ने किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कन्हैया निषाद द्वारा सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाजवादी पीडीए साइकिल विजय यात्रा कुशी नगर से शुभारम्भ कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होकर आज मथुरा पहुंची समाजवादी पीडीए साइकिल विजय यात्रा का औरंगाबाद स्थित अमर गार्डन और विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल के सोंख रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय पर समाजवादियों द्वारा फूल मालाओं व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समाजवादी पीडीए विजय यात्रा के दौरान कन्हैया निषाद ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से कहा कि 2027 में अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बन रही है इस लिए सभी समाजवादी साथी एक जुट होकर पार्टी को मजबूत करें और पीडीए को समाजवादी पार्टी से जोड़कर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। यात्रा के दौरान प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव, विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र निषाद, छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष रानू यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष सुरेश निषाद, पार्षद मुन्ना मलिक, राष्ट्रीय सचिव पवन चौधरी, संगम यादव, ब्रिजेश यादव, महानगर महासचिव अभिषेक यादव, सायल अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष अनिल निषाद, निजाम अब्बास, उदय निषाद, कृष्णा सैनी, कोमल निषाद, संतोष यादव, लवकुश , सचिन यादव आदि सैंकड़ों समाजवादियों ने स्वागत किया।

# सनसिटी अनंतम को कोर्ट का बड़ा झटका, करोड़ों का बैनामा रद्द

- किसानों के पक्ष में स्थायी रोक
- 14 साल पुराने विवाद में अपीलीय अदालत का फैसला
- निचली अदालत का निर्णय पलटा
- 6 माह में धनराशि लौटाने का विकल्प




अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वृंदावन क्षेत्र में प्रस्तावित हाईटेक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट सनसिटी अनंतम को अपीलीय न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती नीलम ढाका ने परियोजना से जुड़े महत्वपूर्ण विक्रय विलेख को निरस्त करते हुए उसे शून्य एवं अमान्य घोषित कर दिया। न्यायालय ने छटीकरा स्थित खसरा संख्या 393, क्षेत्रफल 7.486 हेक्टेयर भूमि पर बिल्डर अथवा उसके एजेंटों के किसी भी प्रकार के निर्माण व हस्तक्षेप पर स्थायी रोक लगा दी है। 23 फरवरी 2026 को पारित आदेश में न्यायालय ने निचली अदालत का निर्णय दिनांक 18 दिसंबर 2018 तथा डिक्री दिनांक 10 जनवरी 2019 को निरस्त कर दिया। साथ ही 11 जनवरी 2007 को उप-पंजीयक कार्यालय मथुरा में पंजीकृत विक्रय विलेख को रद्द कर दिया गया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद भूमि स्वामियों की स्थिति सीमित हो गई थी और उस परिस्थिति में संपन्न विक्रय विलेख स्वतंत्र सहमति का परिणाम नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए प्रावधानों के अनुपालन पर भी टिप्पणी की। निर्णय के अनुसार अपीलकर्ताओं को यह विकल्प दिया गया है कि वे विक्रय विलेख के अंतर्गत प्राप्त 2.65 करोड़ की धनराशि छह माह के भीतर वापस कर सकते हैं। धनराशि लौटाने पर संबंधित भूमि पर उनका अधिकार प्रभावी रहेगा। करीब 14 वर्षों तक चले वाद में आए इस फैसले से सेंगर परिवार को राहत मिली है, जो लंबे समय से न्यायालय में भूमि स्वामित्व को लेकर संघर्ष कर रहा था। इस बीच, संबंधित परियोजना के लिए प्रस्तावित भूमि विनिमय (लैंड एक्सचेंज) का मामला नगर निगम मथुरा-वृंदावन स्तर पर विचाराधीन बताया जाता है, जिस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है।

# मथुरा में खाद्य माफिया पर बड़ा प्रहार

- 718 किलो सरसों तेल सीज, 200 किलो खोया नष्ट, 12 नमूने जांच को भेजे



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, ऑयल मिलों पर छापेमारी, लाखों का माल जब्त।

लखनऊ मुख्यालय द्वारा गठित विशेष सचल दल ने जनपद मथुरा में मिलावटी एवं घटिया खाद्य पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। टीम में शामिल फर्रूखाबाद व उन्नाव के अधिकारियों ने ऑयल मिलों पर छापेमारी करते हुए 718 किलो सरसों का तेल सीज किया तथा करीब 200 किलो खराब खोया नष्ट कराया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्थानों से कुल 12 खाद्य नमूने जांच के लिए भरे गए।

आगामी होली व रंगोत्सव पर्व को देखते हुए आमजन एवं श्रद्धालुओं को शुद्ध व गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी सीपी सिंह के निर्देश पर मुख्यालय स्तर से लगातार निगरानी की जा रही है।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ द्वारा गठित विशेष दल में फर्रूखाबाद के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान, उन्नाव के खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशीष तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपासना शामिल रहे। टीम ने सरसों तेल की निर्माण इकाइयों पर छापामार कार्रवाई की।

मै. घनश्याम ऑयल मिल्स, साइट बी, इंडस्ट्रियल एरिया से सरसों तेल व सरसों दाने के नमूने लेकर 718 किग्रा सरसों का तेल सीज किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 96,930 रुपये बताई गई है।

दलवीर सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा छाता क्षेत्र से बेसन लड्डू, मिश्रित दूध व पनीर के नमूने लिए गए तथा अस्वास्थ्यकर दशाओं में रखे गए करीब 200 किग्रा पनीर (अनुमानित मूल्य 48 हजार रुपये) को मौके पर नष्ट कराया गया।

भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा धौलीप्याऊ क्षेत्र से मोतीकंद मिठाई का नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त मै. एग्रो ग्लोबल लिमिटेड, साइट बी मथुरा से साबुत सरसों बीज व सरसों तेल, मै. शिव ऑयल एंड दाल मिल्स, नई अनाज मंडी कोसीकलां से सरसों तेल के दो नमूने तथा मै. हरी ऑयल एंड जनरल मिल्स, एनएच-2 मथुरा से सरसों तेल के दो नमूने लिए गए।

# एथेनॉल प्लांट लगने से क्षेत्र के लोगों को आर्थिक विकास में मिलेगा बढ़ावाः डॉ. विनोद



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** मिर्जापुर जनपद के अति पिछड़े ब्लाक हलिया के सेमरिहा गांव में मंगलवार की रात ब्रजदेव इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने किया। इस मौके पर भदोही के सांसद डॉ विनोद बिंद बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित होते हुए बताया कि ब्रजभूमि की पावन धरती पर ब्रजदेव एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत गौरव की अनुभूति हुई। कहा कि यह केवल एक उद्योग का शुभारंभ नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। एथेनॉल उत्पादन से गन्ना किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रबंधन टीम को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास जताया कि यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक विकास का नया अध्याय लिखेगी। इससे किसानों की आय बढ़ेगी, पेट्रोल में मिश्रण से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। कहा कि यहां एथेनॉल का प्लांट ही नही लगा बल्कि आत्म निर्भर बढ़ने की दिशा भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में हमारा देश जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसके लिए हम प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद देते है। कहा कि एथेनॉल प्लांट का लगना यहां के किसानों, गावं गिराव व नौजवानों के लिए सकारात्मक कदम है, इससे कार्बन इंडक्शन व प्रदूषण कम होगा। सांसद डॉ विनोद बिंद ने बताया कि एनर्जी के लिए हम 22 हजार करोड़ का बाहर से आयात करते थे आज हम एक प्रतिशत एथेनॉल पैट्रोल व ईधन में मिश्रण बढ़ाते है तो हमे 4 हजार से 5 हजार करोड़ का मुनाफा होता है। कहा कि 2014 में हमारे देश मे एथेनॉल का प्रोडक्शन मात्र 3800 करोड़ लीटर था जो आज मोदी सरकार में बढ़कर 13 हजार करोड़ लीटर हो गया और राजस्व का फायदा 50 हजार करोड़ हो गया है। कहा कि मोदी सरकार की एथेनॉल ब्लेंडिंग नीति, विशेषकर ई 20 (20 प्रतिशत इथेनॉल + 80 प्रतिशत पेट्रोल) का मुख्य उद्देश्य कच्चे तेल के आयात को कम करना, विदेशी मुद्रा बचाना, किसानों की आय बढ़ाना, प्रदूषण कम करना और भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

# मिशन शक्ति केन्द्र में मॉ-बेटे बहू के विवाद में कराई सुलह



■ मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत काउंसिलिंग कराकर सकुशल रवाना किया

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत मॉ-बेटे व बहू के बीच हुये विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों की सहमति से समझौता कराया गया।

बुधवार को स्थानीय कोतवाली मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला द्वारा आवेदिक महाराम पुत्र पंचम लाल निवासी बल्लू पुर्वा मौजा गुगरापुर के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए आवेदक के बेटे गगन व बहु सुनीता को बुलाकर काउंसलिंग करा कर सकुशल थाने से रुखसत किया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

# समय सीमा के भीतर बकाया जमा न करने वालों पर होगी कार्रवाई

■ अधिशासी अधिकारी ने अधीनस्थों के कार्यों की समीक्षा लेकर दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद में बकाया कर एवं शुल्क की वसूली को लेकर अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा सख्ती के संकेत दिए गए हैं।

बुधवार को अधिशासी अधिकारी ने कार्यालय में अधीनस्थ कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित बकायों की स्थिति का जायजा लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया जमा न करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में गृहकर, जलकर, दुकान किराया, लाईसेंस शुल्क तथा अन्य पालिका देयों की वसूली की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि कई बड़े बकायेदारों द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे पालिका की आय प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कर निरीक्षकों और संबंधित लिपिकों को निर्देशित किया कि ऐसे बकायेदारों की सूची तैयार कर अंतिम नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय के बाद भी भुगतान न होने पर संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वसूली कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट रखरखाव, नालों की सफाई और चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध ढंग से करें। इस दौरान प्रधान लिपिक वीर सिंह, आरपी सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।



पालिका में कर्मियों के कार्यों की समीक्षा करते ईओ अनिल कुमार।

# कोचिंग जा रहे प्रतियोगी छात्र को बस ने कुचला, मौत

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाने के सामने बुधवार दोपहर तेज रफ्तार स्कूल बस ने 19 वर्षीय युवक को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक साइकिल से कोचिंग पढ़ने जा रहा था। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने पूरामुफ्ती थाने के सामने जाम लगा दिया। पुलिस उन्हें समझाने में जुटी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीपन घाट थाना कौशांबी के गौसपुर गांव निवासी पवन कुमार पटेल के पिता गया प्रसाद पटेल टेलर हैं। छात्र 6 भाई बहनों में पांचवें नंबर पर था। परिवार वालों ने बताया कि वह यूजीसी नेट की तैयारी कर रहा था। वॉलीबॉल का खिलाड़ी भी था। पवन दोपहर करीब 1 बजे साइकिल से कोचिंग जा रहा था। पूरामुफ्ती थाने से लगभग 500 मीटर आगे पहुंचते ही पीछे से आ रही स्कूल बस ने उसे चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस ने पहले उसकी साइकिल में टक्कर मारी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद बस उसे रौंदते हुए निकल गई। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन पूरामुफ्ती थाने के सामने पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक के जाम के चलते प्रयागराज कानपुर हाईवे पर 1 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई है। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और थाने के सामने जाम लगा दिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी हुई थी।

## ब्रह्मकुमारी बहनों ने मानव कल्याण के लिए सत्संग कर पुस्तक का किया वितरण

**आजमगढ़।** ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों द्वारा कोलघाट में पूज्य माता कैलाशपति देवी के आवास पर पूरे ग्राम वासियों के साथ ईश्वरी ज्ञान और योग के माध्यम से आत्म सुधार और विश्व परिवर्तन के लिए सत्संग के साथ पुस्तक का वितरण किया गया। और अपने जीवन को मानव कल्याण और उत्थान के लिए समर्पित करने वाली ब्रह्मकुमारी बहनें रीमा दीदी, हेमा दीदी, बिना दीदी, दुर्गावती माता और दीपचंद भाई का सम्मान माता कैलाशपति द्वारा अंगवस्त्र देकर किया गया। ब्रह्माकुमारी सत्संग में बहनों द्वारा कहा गया कि विश्व कल्याण और आध्यात्मिक सशक्तिकरण,मानव प्रजाति को अज्ञानता,दुख और नैतिक पतन से ऊपर उठाना है।और ईश्वरीय ज्ञान और योग के माध्यम से आत्म-सुधार और विश्व परिवर्तन की दिशा में मन,वचन और कर्म से संपूर्ण समर्पण ही ब्रह्मकुमारी बहनों का संकल्प होता है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन जैसे सत्संग आयोजन में अरविंद चित्रांश,उर्मिला यादव,प्रियांशु यादव, शिल्पी अस्थान, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, श्रेष्ठ सिंह,आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# 16 मार्च को होगा जनजागरण रैली

■ संत आगमन और श्रीमद्भागवत कथा की भव्य रूपरेखा घोषित की

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** आनंदेश्वर धाम आश्रम में सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। फाउंडेशन निदेशक प्रभात त्रिपाठी ने बताया कि 16 मार्च को जनजागरण हेतु विशाल रैली का आयोजन महाराज कौशल महाराज के सानिध्य में किया जाएगा, जिसका उद्देश्य समाज में धर्म, सेवा एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

पीठाधीश्वर महाराज कौशल महाराज ने बताया कि रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजूदास महंतगिरी द्वारा ध्वज पूजन के पश्चात किया जाएगा। यह जनजागरण रैली कार्यक्रम स्थल मानीमऊ ऋषिनगर से प्रारंभ होकर ठठिया, तिर्वा, इंदरगढ़, नादेमऊ, सौरिख, छिबरामऊ और गुरसहायगंज होते हुए पुनः मानीमऊ में सम्पन्न होगी। उन्होंने आगे बताया कि 22 मार्च से 29 मार्च तक गुजरात से पधार रहे कंबल वाले बाबा का सात दिवसीय प्रवास रहेगा। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें असमर्थ एवं जरूरतमंद लोगों का उपचार पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा। यह शिविर जनहित को समर्पित रहेगा।इसी क्रम में त्रिकालदर्शी संत पण्डोखर सरकार का तीन दिवसीय दिव्य दरबार भी आयोजित होगा, जहां श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। साथ ही 22 मार्च से प्रारंभ होकर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन भी सुनिश्चित किया गया है।प्रेस वार्ता में यह भी अवगत कराया गया कि आगामी 27 अप्रैल को आनंद जनजागरण विशाल महासभा का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय एवं बाहरी श्रद्धालुओं की व्यापक सहभागिता अपेक्षित है। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म एवं समाजसेवा के इस महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## डॉ. अब्दुल हफीज़ भाषा विवि में अरबी विभाग के नए अध्यक्ष नियुक्त



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अरबी विभाग के नए अध्यक्ष के रूप में डॉ. अब्दुल हफीज़ को विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा तथा समस्त शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की। उर्दू विभाग के डॉ. मोहम्मद अकमल ने कहा कि डॉ. अब्दुल हफीज़ एक विद्वान और समर्पित शिक्षक हैं, जिनके नेतृत्व में विभाग को नई मजबूती मिलेगी। वहीं फारसी विभाग के प्रभारी डॉ. आरिफ अब्बास ने भी उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनकी नियुक्ति को विभाग के लिए सराहनीय कदम बताया। डॉ. अब्दुल हफीज़ ने कहा कि उनका उद्देश्य अरबी विभाग को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना, उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और शोध को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

## समयबद्ध ढंग से निवटाएं कार्य नहीं चलेगी लापरवाही : दिव्या गुप्ता



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत समधन द्वारा दंगल मैदान में बन रहे पार्क का अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कराये जा रहे निर्माण कार्य को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को जल्द से जल्द पूरा कार्य निपटा लेनें की हिदायत दी। बुधवार को नगर पंचायत समधन अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता कर्मियों के साथ दंगल मैदान में बन रहे पार्क का गहनता से निरीक्षण करनें के उपरान्त बताया कि नगर की सुन्दरता के लिये बनबाये जा रहे पार्क में बच्चों के लिए झूले, पानी फव्वारा, बैठने के लिए बेंच की व्यवस्थायें पूरी करवा कर जल्द ही पार्क का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर दीपक श्रीवास्तव, आनन्द कुमार, नजरूल, अशोक कुमार, मतलूब आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से फैक्ट्री के अंदर मजदूर की मौत

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** थाना रोजा क्षेत्र के नेकनामपुर में फैक्ट्री के अंदर ट्रैक्टर से भूसी हटाने का काम कर रहे एक मजदूर की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई इस फैक्ट्री में जानकारी के मुताबिक भूसी से आंयल बनाने का काम होता है मजदूर ट्रैक्टर से भूसी खींच रहा था इस दौरान ट्रैक्टर पलट गया और मजदूर की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई घंटा की सूचना मिलने के बाद उसके परिवार वाले फैक्टरी पहुंचे और मौके पर थाना रोजा पुलिस पहुंची काफी देर तक फैक्ट्री के अंदर हंगामा होता रहा और मृतक के परिजन मुआवजा दिलाने की मांग करते रहे 45 वर्षीय मृतक सर्वेश कुमार गुर्री गांव का रहने वाला था मृतक सर्वेश की पत्नी गीता और बेटी शिखा का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया पीएम कराया जा रहा है प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

## प्राथमिक विद्यालय में ज्ञानोदय कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में विकासखंड भावलखेड़ा के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बादशाह नगर में ज्ञानोदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के वेस्ट मटेरियल से मॉडल बनाए गए एवं प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय कुमार मिश्रा ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ज्ञानोदय मेले का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक अजय कुमार माथुर ने ज्ञानोदय की भूमिका में बेस्ट मटेरियल से विभिन्न प्रकार के मॉडलों का निर्माण एवं प्रभावी उपयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा निर्मित मॉडलों एवं विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री के लिए बच्चों व स्टाफ की सराहना की। मॉडलों के संबंध में बच्चों से बातचीत की।बच्चों से उन मॉडलों की कार्य विधि पर चर्चा की। उन्होंने कहा बच्चे स्वयं करके बहुत कुछ सीखते हैं और वह ज्ञान बच्चों को बहुत ऊंचाइयों तक ले जाता है। पर्यावरण संबंधी, जल चक्र, लाभदायक व हानिकारक भोजन व विभिन्न प्रकार के मॉडलों पर चर्चा की। कार्यक्रम में दिनेश गंगवार, सर्वेश कुमार, सर्वेश नरवाल, रश्मि रानी सहित कई लोग गांव के उपस्थित रहे।

## तंत्र मंत्र के चक्कर में लाखों की ठगी

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)**जनपद में तंत्र-मंत्र और चमत्कार के नाम पर ठगी के मामले में एक बहरूपिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिस पर ध्यान साधना के नाम से लाखों रुपये, जेवरात और जमीन हड़पने के मामले में अल्हागंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस बहुरूपिया की तलाश में थी जिसे पुलिस ने 24 फरवरी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया पुलिस ने आरोपी के पास से दो लाख रुपये नगद, दो मोबाइल फोन तथा सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

# एक ही संपत्ति का आधा दर्जन लोगों से कर लिया इकरारनामा

अवधनामा संवाददाता

■ महिला समेत तीन के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नवाब यूसुफ रोड पर एक महिला और उसके परिजनों ने मिलकर यूनाइटेड फेलोशिप फार क्रिश्चन सर्विस की जमीन को कई लोगों से इकरारनामा के जरिए बेच दी। इसकी जानकारी हुई तो करेली निवासी नीरज पांडे ने महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

नीरज पांडे द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार प्रार्थी नीरज पाण्डेय पुत्र स्व राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय निवासी-808/249/6 बी भावापुर, थाना करैली, जनपद प्रयागराज वर्तमान पता-24/14 नवाब युसुफ रोड़ थाना सिविल लाइन्स जनपद प्रयागराज का स्थायी निवासी है। प्रार्थी उपरोक्त भवन सं0-24/14 नवाब युसुफ रोड़ थाना सिविल लाइन्स जनपद प्रयागराज को श्रीमती विद्यावती लाल से 28 वर्ष की लीज पर लेकर निजी स्कूल तथा हास्टल आदि को चलाता है तथा वर्तमान में मेरा कब्जा बरकरार है। भूखण्ड सं0-11 को उत्तर प्रदेश सरकार ने जरिए पंजीकृत पट्टा दिनांक-13.04.1993 को विद्यावती लाल बहैसियत अध्यक्ष एवं पावर ऑफ अटार्नी होल्डर यूनाइटेड फेलोशिप फार क्रिश्चन सर्विस को 30 वर्ष के लिए पट्टे पर दिया था। विद्यावती लाल ने बहैसियत अध्यक्ष यूनाइटेड फेलोशिप फर क्रिश्चन सर्विस दिनांक-02.07.2024 को प्रार्थी एवं उनके साथियों के पक्ष में एक पंजीकृत इकरारनामा निष्पादित किया और निष्पादन की तिथि से प्रार्थी उपरोक्त भूखण्ड पर बहैसियत किरायादार काबिज है।

नीरज के अनुसार उपरोक्त इकरारनामा के बाद भी विपक्षी वि?द्यावती लाल उनके पुत्र सैमुएल एरिक लाल तथा शिवांगी लाल आपस में मिलजुलकर कई अन्य लोगो के साथ धोखधड़ी करके फर्जी इकरारनामा तथा पावर ऑफ अटार्नी निष्पादित किये है जो कि बिना यूनाइटेड फेलोशिप सोसायटी के अनुमति के निष्पादित किये गये है। जब कि इनको ऐसा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था। विद्यावती लाल ने फर्जी तरीके से एक पावर और अटार्नी अपने पुत्र सैमुएल एरिक लाल के पक्ष में दिनांक-24.02.2023 को निष्पादित किया जो कि बही संख्या-4 जिल्द सं0-10655 पेज 23 से 32 तक क्रमांक 105 पर उपनिबन्धक कार्यालय सदर द्वितीय प्रयागराज के कार्यालय में पंजीकृत है उपरोक्त पावर ऑफ अटार्नी की आड़ में सैमुएल एरिक लाल कई अन्य लोगो के पक्ष में फर्जी इकरारनामा निष्पादित कर रहा है। विद्यावती लाल को बिना सोसायटी के अनुमति के किसी अन्य को कोई भी पावर ऑफ अटार्नी नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। सैमुएल एरिक लाल की पत्नी शिवांगी लाल जो कि सोसायटी की सदस्य भी है उपरोक्त इकरारनामे का पैसा अपने खाते में लेती है।

नीरज पांडे ने कहा है कि विद्यावती लाल तथा सैमुएल एरिक लाल द्वारा निष्पादित इकरारनामा तथा पावर ऑफ अटार्नी की सूचि में पावर ऑफ अटार्नी दिनांक-24.02.2023 द्वारा वि?द्यावती लाल बहक सैमुएल एरिक लाल, इकरारनामा दिनांक-28.07. 2023 द्वारा सैमुएल एरिक लाल बहक रामेन्द्र श्रीवास्तव, इकरारनामा दिनांक- 17.10. 2023 द्वारा सैमुएल एरिक लाल बहक ज्ञानेन्द्र तिवारी, इकरारनामा दिनांक-17.10. 2023 द्वारा सैमुएल एरिक लाल बहक कार्तिकेय त्रिपाठी और इकरारनामा दिनांक 31.05. 2025 द्वारा विद्यावती लाल बहक सैमुएल एरिक लाल एवं शिवांश राजीव जो कि विद्यावती लाल एवं सैमुएल एरिक लाल द्वारा निष्पादित किए गए हैं।

उन्होंने कहा है कि विद्यावती लाल एवं उनके पुत्र सैमुएल एरिक लाल द्वारा निष्पादित सभी इकरारनामा बिना सोसायटी के अनुमति के फर्जी तरीके से धोखाधड़ी करके निष्पादित किया गया है जो करने का उनके कोई भी अधिकार प्राप्त नही था।

## एडवोकेट एक्ट संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन, दो दिन न्यायिक कार्य ठप



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, आजमगढ़ की एक आपात बैठक बुधवार को संघ भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाठक एडवोकेट ने की, जबकि संचालन मंत्री रणधीर सिंह एडवोकेट ने किया। बैठक में अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एक्ट की धारा-2, धारा-4, धारा-45बी सहित नई जोड़ी गई धारा-33ए एवं 35ए का सर्वसम्मति से विरोध किया और इन संशोधनों को पूरी तरह वापस लेने की मांग की। संघ ने निर्णय लिया कि संशोधन विधेयक के विरोध स्वरूप दिनांक 25 एवं 26 फरवरी 2026 को जनपद के समस्त अधिवक्ता सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य में भाग नहीं लेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रस्ताव की प्रतिलिपि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, केंद्रीय विधि मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी, उप संचालक चकबंदी तथा विकास प्राधिकरण को भी सूचनार्थ अवगत कराया जाएगा, जिससे न्यायिक कार्य बाधित रहने के कारण वादकारियों को कोई क्षति न हो।अंत में संघ ने सभी अधिवक्ता संघों को प्रस्ताव भेजकर व्यापक स्तर पर जानकारी प्रसारित करने का निर्णय लिया।

# अर्पित सर्वेश ने प्रकाशित की दुनिया की सबसे महंगी पुस्तक

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** विश्व रिकॉर्ड धारक एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार अर्पित सर्वेश ने एक बार फिर साहित्य जगत में ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसने न केवल देश बल्कि पूरे विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। तीन अलग-अलग भाषाओं—हिंदी, मराठी और अंग्रेज़ी—में अपनी पुस्तकों का प्रकाशन कर उन्होंने उन्हें विश्व की सबसे महंगी पुस्तकों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है। यह उपलब्धि साहित्य के इतिहास में एक अभूतपूर्व घटना के रूप में दर्ज की जा रही है, जिसने भारतीय रचनात्मकता, साहस और नवाचार को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

अर्पित सर्वेश की यह ऐतिहासिक उपलब्धि केवल पुस्तकों के मूल्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे छिपा विचार, दृष्टि और साहित्य के प्रति उनकी अटूट निष्ठा इसे असाधारण बनाती है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि साहित्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि विचारों की वह शक्ति है जो समय, समाज और सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बनाती है। हिंदी भाषा में प्रकाशित उनकी पुस्तक मै क्यों हूं की कीमत 51,99,999 निर्धारित की गई है। यह पुस्तक आत्मबोध, जीवन-दर्शन और अस्तित्व के गहन प्रश्नों पर आधारित है। लेखक ने इसमें मानव जीवन के उद्देश्य, आत्मा की पहचान और संघर्ष से सफलता तक की यात्रा को दार्शनिक और साहित्यिक शैली में प्रस्तुत किया है।

# अन्याय नहीं होने देंगे पचासों साल से रह रहे लोगों पर

■ दशकों पुराने आशियानों पर तेल की धार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** दरियाबाद में इंडियन ऑयल पाइपलाइन के लिए मकान गिराने के नोटिस से हड़कंप मच गया। इस पर पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मोर्चा संभाला और कहा किअन्याय नहीं होने देंगे।

उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि प्रयागराज के दरियाबाद क्षेत्र में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की पाइपलाइन के दायरे में आने वाले दर्जनों मकानों को गिराने का सरकारी आदेश जारी हुआ। विशेष बात यह है कि ये मकान यहां पिछले 40-50 वर्षों से बने हुए हैं, जिनमें कई पीढ़ियां पली-बढ़ी हैं। पाइपलाइन की सुरक्षा और तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए प्रशासन ने चिन्हित मकानों को हटाने का निर्देश दिया है।

पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह का कहना है कि जब ये मकान बन रहे थे, तब किसी ने आपत्ति नहीं की। अब बुढ़ापे में वे कहाँ जाएंगे?

प्रतिनिधि ने बताया कि सूचना मिलते ही पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह भारी संख्या में समर्थकों के साथ दरियाबाद पहुंचे और स्थानीय लोगों के हक में आवाज बुलंद की। मौके पर पहुँचे पूर्व सांसद ने प्रशासन और आईओसी के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा पचास साल से लोग यहां रह रहे हैं। उनके पास बिजली के बिल हैं, नगर निगम का टैक्स रिकॉर्ड है। अचानक इन्हें अवैध बताकर बेघर करना अमानवीय है। हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास इंसानों की कब्र पर नहीं होना चाहिए।

पूर्व सांसद ने वहाँ उपस्थित इंडियन आयल महाप्रबंधक लाइन शेष नारायण से कहा कि जो सात लोगों ने उच्च न्यायालय से स्टे ले रखा है उनका तो मकान नहीं गिरेगा और बाकी लोगों को भी मौका दे कि वो भी न्यायालय से गुहार लगा लें।और यदि पाइपलाइन के लिए जमीन अनिवार्य है, तो नियमानुसार 15-15 फीट दोनों तरफ लिया जाय और पहले प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवजे और पुनर्वास की व्यवस्था की जाए, अन्यथा एक भी ईंट गिरने नहीं दी जाएगी।

## पाकिस्तान हॉकी में नहीं थम रहा विवाद, कोचिंग स्टाफ को हटाया गया



**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) के अंतरिम अध्यक्ष ने हाल की अव्यवस्थाओं के चलते हुए बदलावों के बाद राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ को भी हटा दिया है और एक प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमिटी बनाई है। एफआइएच प्रो लीग के लिए पुरुषों की टीम के हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर हुए विवाद ने पीएफएच के अंदर गहरे कुप्रबंधन को उजागर किया था।

कैनबरा पहुंचने पर पाकिस्तान हॉकी टीम को उनके होटल में प्रवेश नहीं दिया गया था, क्योंकि बिल न चुकाने की वजह से उनकी बुकिंग रद हो गई थी और खिलाड़ियों को अपने सामान के साथ कई घंटों तक सड़कों पर घूमते रहना पड़ा। फेडरल सेक्रेटरी मुहीदीन वानी ने अब एक कमेटी बनाने को मंजूरी दे दी है।

**दो पूर्व हॉकी दिग्गज बने हेड**

इसे दो पूर्व हॉकी दिग्गज इस्लाहुद्दीन सिद्दीकी और हसन सरदार मिलकर हेड करेंगे। पीएचएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह कमेटी पाकिस्तान हॉकी प्रशासन और टीम में तकनीकी उत्कृष्टता लाने और देश में खेल को और पेशेवर बनाने के लिए गठित की गई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद टीम के कप्तान अम्माद शकील बट ने अव्यवस्थाओं की पोल खोली थी।

## मांजरेकर ने भारत के मुख्य कोच पर साधा निशाना, कहा- गंभीर के लिए हर मर्ज की एक दवा हैं वॉशिंगटन सुंदर



**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप 2026 में सुपर-8 राउंड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इस हार से भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल का रास्ता मुश्किल हो गया है। उसे बाकी बचे दोनों मैचों में बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद कई पूर्व दिग्गज क्रिकेटर भारतीय प्लेइंग-11 पर सवाल उठा रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की हो रही है, वह है उपकप्तान अक्षर पटेल को बेंच पर बैठाकर वॉशिंगटन सुंदर को खिलाने की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुंदर न तो गेंदबाजी में चले और न ही बल्लेबाजी में। अब इसको लेकर संजय मांजरेकर का बयान सामने आया है। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है।

सुंदर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल दो ओवर गेंदबाजी मिली और उन्होंने बिना विकेट लिए 17 रन खर्च किए। बल्ले से सुंदर सिर्फ 11 रन का योगदान दे सके। इसके बाद मांजरेकर ने गंभीर पर तंज कसते हुए स्पोर्ट्स नेक्स्ट पर बातचीत में कहा- कैलाश जीवन, इस नाम की एक दवा हुआ करती थी पहले। अगर आपको सिरदर्द है, तो आप उसे लगा सकते थे। अगर आपके पेट में दर्द है, तो आप उसे खा सकते थे। वह हर मर्ज की एक दवा थी। गौतम गंभीर के पास भी हर मर्ज की एक दवा है। सब उसका नाम जानते हैं- वॉशिंगटन सुंदर। बल्लेबाजी में कोई दिक्कत है तो सुंदर को ले आओ टीम में। गेंदबाजी में कोई समस्या है तो फिर वही सुंदर को ले आओ टीम में। सबका एक ही जवाब है। उन्हें बाकी बल्लेबाजों पर तरजीह दी गई। सुंदर पांचवें नंबर पर खेलने आए। दुबे छह पर, हार्दिक सात पर और रिंकू आठ पर। अब बहुत हो गया यह प्रयोग। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन की करारी हार के बाद भारतीय टीम में मंथन तेज हो गया है। टीम मैनेजमेंट अब कम से कम एक आउट-ऑफ-फॉर्म बल्लेबाज को बाहर करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी कोच रेयान टेन डेशकाटे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने संकेत दिए हैं कि अगले मैच में प्लेइंग-11 में बदलाव संभव है। भारत को अब सुपर-8 राउंड में 26 फरवरी को जिम्बाब्वे से चेन्नई में और एक मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज से खेलना है। रिंकू सिंह के भी खेलने पर सस्पेंस है, क्योंकि वह मंगलवार को परिवार में आपात की स्थिति में घर लौट गए। वह टीम से कब जुड़ेंगे, इस पर अपडेट नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके पिता अस्पताल में भर्ती हैं। इसके अलावा सुंदर को बाहर कर अक्षर पटेल की वापसी हो सकती है। बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने साफ कहा, अगर हेड कोच और टीम मैनेजमेंट को लगता है कि हमें कुछ अलग करना चाहिए, तो हम बदलाव करेंगे। अब हम उस मोड़ पर हैं जहां सोचना होगा कि क्या बदलें और कैसे बदलें। उन्होंने आगे कहा, हमें यह तय करना होगा कि क्या उसी संयोजन के साथ जाएं या कुछ नया आजमाएं। वहीं, रेयान टेन डेशकाटे ने संकेत दिया कि दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संतुलन पर भी चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा, क्या हम उन्हीं खिलाड़ियों के साथ बने रहें जिन्होंने पिछले 18 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है या फिर संजू को मौका दें, जो एक शानदार खिलाड़ी हैं और रणनीतिक तौर पर टॉप ऑर्डर में दाएं हाथ का विकल्प देते हैं? उन्होंने यह भी जोड़ा, अगले दो अहम मुकाबलों से पहले यह निश्चित तौर पर चर्चा का विषय रहेगा।

## रणजी फाइनल में बवाल!

## जम्मू-कश्मीर के कप्तान ने कर्नाटक के फील्डर को मारा सिर, मयंक ने किया बीच बचाव

**हुबली।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल में बड़ा बवाल देखने को मिला है। जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक के बीच हुबई में खेले जा रहे इस मुकाबले में तब विवाद बढ़ गया, जब जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने कर्नाटक के फील्डर को सिर दे मारा। इसके बाद बीच बचाव में मयंक अग्रवाल लड़ाई में कूद पड़े। उन्होंने पारस को आगे बढ़ने से रोका। यह घटना रणजी ट्रॉफी 2025-26 के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन घटी। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा टीम की पारी के दौरान 101वें अपना आपा खो बैठे और कर्नाटक के एक फील्डर से भिड़ गए। उनको ऐसा करते देख फुटबॉल के महान खिलाड़ी जिनेदिन जिदान की याद आ गई। फ्रांस के इस दिग्गज फुटबॉलर ने 2006 फीफा विश्वकप फाइनल में इटली के खिलाड़ी को सिर दे मारा था। इससे उन्हें रेड कार्ड मिला था। फ्रांस की टीम उस फीफा विश्वकप के फाइनल में हार गई थी।

डोगरा ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर चौका जड़ा। गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर स्लिप में चार रन के लिए गई। हालांकि, गेंद स्लिप क्षेत्र में खड़े फील्डर के बस बगल से गुजरी। इसके तुरंत बाद स्ट्राइकर एंड पर खिलाड़ियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। स्टंप माइक में भी कुछ तीखी बातें सुनाई दीं।

देखते ही देखते मामला बढ़ गया और डोगरा और कर्नाटक के फील्डर केवी अनीश के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसी दौरान पारस ने अनीश के हेल्मेट पर सिर मारा।

> **विवाद**
>
> **जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक के बीच हुबई में खेले जा रहे इस मुकाबले में तब विवाद बढ़ गया**

इससे पहले कि अंपायर बीच-बचाव करते, कर्नाटक के सीनियर बल्लेबाज



मयंक अग्रवाल दोनों खिलाड़ियों के बीच आ गए और स्थिति को संभालने की कोशिश की।

माना जा रहा है कि लगातार की जा रही स्लेजिंग से डोगरा नाराज हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोगरा ने बाद में अनीश से सिर मारने के लिए माफी भी मांगी, लेकिन कर्नाटक के खिलाड़ी ने उसे स्वीकार नहीं किया। इस घटना के बाद कर्नाटक के फील्डर और ज्यादा आक्रामक हो गए और डोगरा का ध्यान भटकाने की कोशिश करते रहे। मैच अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर माहौल शांत कराया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से बात की।

फाइनल के पहले दिन केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर डोगरा नौ रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी कर्नाटक के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक की उछाल लेती गेंद उनके दस्ताने पर लगी। चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। हालांकि, 41 वर्षीय डोगरा अगले दिन फिर से बल्लेबाजी करने उतरे और धैर्यपूर्ण अर्धशतक जमाया। वह 166 गेंद पर आठ चौके की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें श्रेयस गोपाल ने बोल्ड किया।

अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल में खेल रही जम्मू-कश्मीर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले दिन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 87 ओवर में 284/2 का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। दूसरे दिन खबर लिखे जाने तक जम्मू-कश्मीर ने अपनी पहली पारी में छह विकेट गंवाकर 470 से ज्यादा रन बना लिए हैं।

शुभम पुंडीर ने शानदार शतक लगाया, जबकि अब्दुल समद ने अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पुंडीर ने 247 गेंद में 12 चौके और दो छक्के की मदद से 121 रन की पारी खेली। वहीं, यावेर हसन ने 150 गेंद में 13 चौके की मदद से 88 रन बनाए।

## 22 साल बाद डार्विन में होगा टेस्ट मैच

**सिडनी।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के लिए अगस्त 2026 बेहद अहम रहने वाला है। दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश अगस्त में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। 2003 के बाद यह पहला मौका होगा जब बांग्लादेश ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दोनों टेस्ट मैचों के लिए वेन्यू की घोषणा कर दी है। दोनों टेस्ट नई जगहों पर खेले जाएंगे। मैच डार्विन के मारारा स्टेडियम और मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, हम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट लाकर बहुत खुश हैं। बांग्लादेश के खिलाफ एक शानदार टेस्ट सीरीज का हम इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम खुशकिस्मत हैं कि अगस्त में वर्ल्ड क्लास सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे यह पक्का होगा कि गर्मियों के अलावा हमारे पास टेस्ट क्रिकेट के लिए एक और मौका है।

## दिल्ली कोर्ट का बड़ा फैसला, धवन की पूर्व पत्नी को 5.7 करोड़ रुपये लौटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की फैमिली कोर्ट ने भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को 5.7 करोड़ रुपये (लगभग 8.94 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) लौटाने का आदेश दिया है। अदालत ने पाया कि ऑस्ट्रेलिया में हुआ संपत्ति समझौता धमकी, जबरन वसूली और धोखाधड़ी के जरिए कराया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट के जज देवेंद्र कुमार गर्ग ने सभी सेटलमेंट दस्तावेजों को शून्य और अमान्य घोषित कर दिया। अदालत ने कहा कि धवन ने इन दस्तावेजों पर धमकी, जबरन वसूली, छल और धोखाधड़ी के दबाव में हस्ताक्षर किए थे। अदालत ने फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट द्वारा पारित आदेशों के अमल पर भी रोक लगा दी। उन आदेशों में दंपति की वैश्विक संपत्तियों का बंटवारा किया गया था, जिसमें भारत स्थित धवन की संपत्तियां भी शामिल थीं। ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने संपत्ति के कुल पूल का 15 प्रतिशत हिस्सा आयशा मुखर्जी को दिया था। इसके अलावा उन्हें 7.46 करोड़ रुपये की संपत्ति रखने की अनुमति दी गई थी और अतिरिक्त 15.95 करोड़ रुपये तथा एक प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने का आदेश दिया गया था। हालांकि, दिल्ली कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वैवाहिक विवादों के निपटारे का अधिकार ऑस्ट्रेलियाई अदालत के पास नहीं था। धवन ने अदालत को बताया कि 2012 में शादी के तुरंत बाद मुखर्जी ने झूठे और मानहानिकारक आरोप सार्वजनिक करने की धमकी दी, जिससे मेरी प्रतिष्ठा और क्रिकेट करियर बर्बाद हो सकता था। उन्होंने दावा किया कि कई संपत्तियां उन्होंने अपनी कमाई से खरीदीं, लेकिन दबाव में उन्हें संयुक्त नाम या पूरी तरह मुखर्जी के नाम पर पंजीकृत करना पड़ा। एक मामले में तो खरीदी गई संपत्ति में मुखर्जी को 99 प्रतिशत मालिक दिखाया गया था। सभी सबूतों पर विचार करने के बाद अदालत ने धवन के पक्ष में फैसला सुनाया और कहा कि वे ऑस्ट्रेलियाई अदालत के आदेशों से बाध्य नहीं हैं।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम को भारी पड़ा बढ़त गंवाना स्पेन ने प्रो लीग मैच में शूटआउट में हराया

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आखिरी समय में बढ़त गंवाना भारी पड़ गया। स्पेन के खिलाफ टीम ने अंतिम समय तक बढ़त बनाए रखी थी, लेकिन स्पेन ने वापसी की और फिर शूटआउट में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन स्पेन के खिलाफ भी जारी रहा। भारतीय टीम ने स्पेन को कड़ी चुनौती दी और निर्धारित समय में स्कोर 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इसके बाद मैच का नतीजा शूटआउट के जरिये निकला जहां स्पेन ने 4-3 से मुकाबला अपने नाम किया। भारत इस समय सात मैच में केवल दो अंक के साथ नौ टीम की प्रतियोगिता में आठवें स्थान पर है।

**भारत ने आखिरी समय में गंवाई बढ़त**

मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए



रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। कप्तान हार्दिक सिंह ने स्पेन के एक खिलाड़ी को पछाड़ते हुए गेंद मनिंदर की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी।

तीसरे क्वार्टर के अंत में फोर्टुनो को हरा कार्ड दिखाया गया जिससे मैदान पर स्पेन के 10 खिलाड़ी रह गए। भारत ने 44वें मिनट में इसका फायदा उठाकर बढ़त बना ही ली थी लेकिन कैलजाडो ने पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह के शॉट को शानदार तरीके से रोक दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में ही संजय को भी हरा कार्ड मिलने से भारत के भी 10 खिलाड़ी रह गए। लगातार कोशिशों के बीच 59वें मिनट में रक्षात्मक चूक से भारत ने फॉन्ट को गोल करके स्पेन को बराबरी दिलाने का मौका दे दिया।

**अब ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना**

शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल करने से चूक गए जिससे भारत को 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को इस मुकाबले से सिर्फ एक अंक मिला। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को होबार्ट चरण के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत यहां पहले चरण में स्पेन से 0-2 से हार गया था, जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 4-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## एस.एस. राजामौली ने लॉन्च की भारत की सबसे उन्नत ए एंड एम मोशन कैप्चर लैब

### फिल्म 'वाराणसी' के महत्वपूर्ण दृश्य नागार्जुन के अन्नपूर्णा स्टूडियो में फिल्माए गए

**मुंबई।** भारतीय फिल्म निर्माण की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। देश के सबसे प्रतिष्ठित और अग्रणी मनोरंजन संस्थानों में से एक, अन्नपूर्णा स्टूडियो ने भारत की अब तक की सबसे उन्नत मोशन कैप्चर सुविधा शुरू की है। यह पहल भारतीय सिनेमा के रचनात्मक और तकनीकी विस्तार की दिशा में एक अहम् उपलब्धि मानी जा रही है। 'ए एंड एम मो-कैप लैब' नाम से स्थापित यह सुविधा अभिनेता अक्किनेनी नागार्जुन के अन्नपूर्णा स्टूडियो और दूरदर्शी निर्माता शोभू यारलागड्डा की मिहिरा विज़ुअल लैब्स की साझेदारी का परिणाम है। इस सुविधा को हॉलीवुड की प्रमुख मोशन कैप्चर तकनीकी कंपनी एनिमैट्रिक फिल्म डिज़ाइन का सहयोग प्राप्त है। 25 फरवरी को मशहूर निर्देशक एस.एस. राजामौली ने इस सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'वाराणसी', जिसमें महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा जोनस मुख्य भूमिकाओं में हैं, के कुछ अहम् दृश्य



इसी तकनीक से शूट किए गए हैं। साथ ही, उन्होंने इस मोशन कैप्चर लैब की पहली झलक साझा करते हुए कहा कि किस तरह यह तकनीक भारतीय सिनेमा की भव्यता और रचनात्मक महत्वाकांक्षाओं को नई दिशा दे रही है। राजामौली, जिन्होंने इससे पहले अन्नपूर्णा स्टूडियो में भारत की पहली डॉल्बी सिनेमा प्रोसेसिंग सुविधा भी लॉन्च की थी, ने कहा कि यह नई मोशन कैप्चर सुविधा भारतीय फिल्मकारों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करती है।

उन्होंने कहा, भारत में हमेशा से ही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तकनीशियन रहे हैं, जिन्होंने वैश्विक फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, मगर हमारे अपने देश में ऐसी अत्याधुनिक सुविधा का अभाव रहा है। जब मैं अपनी पिछली फिल्मों जैसे 'बाहुबली' और 'ईगा' को याद करता हूँ, तो लगता है कि यदि तब यह तकनीक भारत में उपलब्ध होती, तो उन्हें और बेहतर बनाया जा सकता था।÷

उन्होंने आगे कहा, अब ए एंड एम की इस मोशन कैप्चर टेक्नोलॉजी से वह कमी पूरी हो गई है। इससे भारतीय फिल्मकार अपनी कहानियों को नए तरीके से सोच और रच सकेंगे, वह भी बिना विदेशी तकनीक पर निर्भर हुए। मैं दुनिया भर में कई मोशन कैप्चर सुविधाएँ देख चुका हूँ, लेकिन ए एंड एम जो पेश करता है, वह सटीकता और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है। हमने 'वाराणसी' के अहम् सीक्वेंस की शूटिंग में इस सुविधा का इस्तेमाल किया और इसके नतीजे वाकई शानदार रहे।

अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी ने इस मोशन कैप्चर सुविधा को भारतीय सिनेमा के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उनके अनुसार, ÷भारतीय फिल्मकार लंबे समय से वैश्विक स्तर की भव्य कहानियाँ प्रस्तुत करना चाहते थे, लेकिन उन्नत तकनीक तक पहुँच हमेशा चुनौती रही। अन्नपूर्णा स्टूडियो में हमारा लक्ष्य हमेशा रचनात्मकता और तकनीक को साथ लाकर फिल्म निर्माण को आगे बढ़ाना रहा है।

## 'भागम भाग 2' में दो हिरोइनों के साथ इश्क लड़ाएंगे अक्षय कुमार

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म के जरिए अक्षय कमुर और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी सोलह साल बाद लौट रही है। इसके अलाव अक्षय की पाइपलाइन में 'भागम भाग 2' भी है। इसकी कास्टिंग को लेकर भी लगातार नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि अक्षय 'भागम भाग 2' में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। फिल्म की फीमेल कास्टिंग को लेकर वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट में ऐसा दावा किया गया है कि फिल्म में एक नहीं बल्कि दो अभिनेत्रियां हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय फिल्म में जिन दो अभिनेत्रियों के साथ नजर आएंगे, उनमें मीनाक्षी चौधरी और 'धुरंधर के %शरारत% गाने से सुर्खियां बटोरने वाली आयशा खान के नाम शामिल हैं। फिल्म में तीनों के बीच रोमांटिक एंगल देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में आगे ये भी बताया गया है कि दोनों अभिनेत्रियां फिल्म की नई कहानी में अहम भूमिकाएं निभाने वाली हैं। 'भागम भाग 2' की कहानी गलत पहचान, कन्फ्यूजन और क्लासिक कॉमेडी-ऑफ-एरर्स से भरपूर होगी। हालांकि, अभी मनोज बाजपेयी के साथ एक्ट्रेस का चयन होना बाकी है। राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित भागम भाग 2 में अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। हालांकि, गोविंदा इस बार फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। उनकी जगह मनोज बाजपेयी की फिल्म में नई एंट्री हुई है। इस बार फिल्म की कहानी एकदम नई और अलग होगी। हालांकि, मेकर्स मूल फिल्म की भावना को बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं। साल 2006 में आई 'भागम भाग' का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। यह एक पॉलिटिकल सटायर फिल्म थी, जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और गोविंदा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे।

## 'द ब्लफ' की स्क्रीनिंग के दौरान प्रियंका चोपड़ा ने दिया दर्शकों को सरप्राइज




**मुंबई।** इंटरनेशनल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस बीच प्रियंका ने फिल्म की रिलीज से पहले फैंस को ऐसा सरप्राइज दिया, जिससे इसकी साधारण स्क्रीनिंग यादगार बन गई। फिल्म द ब्लफ के स्ट्रीमिंग पर रिलीज होने से एक दिन पहले, प्रियंका चोपड़ा न्यूयॉर्क के एक स्थानीय थिएटर में पहुंच गईं, जहां 'द ब्लफ' की स्क्रीनिंग हो रही थी। अचानक प्रियंका को अपने बीच पाकर फैंस हैरान रह गए। प्रियंका अचानक ही दर्शकों से भरे एक थिएटर में व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंच गईं। इस मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इस दौरान फैंस ने प्रियंका के साथ तस्वीरें खिंचाईं और फिल्म को लेकर उनसे बात भी की। थिएटर में मौजूद फैंस के लिए प्रियंका की अचानक उपस्थिति किसी सरप्राइज से कम नहीं थी। 'द ब्लफ' में चोपड़ा एक पूर्व समुद्री डाकू की दमदार और एक्शन से भरपूर भूमिका में हैं। जो अपनी बेटी की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब सामने आए फिल्म के शुरुआती रिव्यूज में दर्शक फिल्म को पसंद कर रहे हैं। वहीं प्रियंका के अभिनय की जमकर सराहना कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण एजीबीओ स्टूडियोज ने अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के सहयोग से किया है, जो सिटाडेल के बाद स्टूडियोज और चोपड़ा के बीच एक और कोलैबोरेशन है। प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' से इंडियन सिनेमा में वापसी करने वाली हैं। काफी बड़े स्तर पर बनने वाली इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल यानी 2027 में 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## करण कुंद्रा ने गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश पर अनोखे तरीके से बरसाया प्यार



**मुंबई।** करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टेलीविजन की दुनिया के सबसे पसंदीदा और चर्चित कपल में से एक हैं। दोनों लगभग पिछले 11 साल से साथ में हैं। ये कपल एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का भी कोई मौका नहीं छोड़ता है। अब करण ने तेजस्वी के लिए कुछ ऐसा किया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

करण कुंद्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो मुंबई में रमजान के दौरान आयोजित हुई इफ्तार पार्टी का है। इस दौरान करण ने अपने सीने पर बना गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश का टैटू पैपराजी को दिखाया। जिसे देख उनके फैंस और पैपराजी चौंक गए। अभिनेता ने अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी का चेहरा अपनी छाती के दाहिनी ओर गुदवाया है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि टैटू स्थायी है या अस्थायी। बैंगनी कुर्ते में सजे करण मुस्कुराते हुए अपने टैटू को दिखाते नजर आए। करण का ये वीडियो अब तेजी से वायरल है। इसके बारे में बुज्जूका स्पॉटलाइट से बात करते हुए करण ने बताया कि यह तेजस्वी के लिए एक सरप्राइज था। उन्होंने कहा कि उनकी पहली ओटीटी सीरीज रिलीज हो रही है और क्योंकि इसका नाम साइको सैयां है, इसलिए मैं साइको सैयां बन गया। यह तेजू के लिए एक सरप्राइज था। उन्होंने इसे अभी तक नहीं देखा है, लेकिन जब तक मैं घर पहुंचूंगा, वीडियो सबसे पहले उन तक पहुंच जाएगा। करण और तेजस्वी की मुलाकात बिग बॉस 15 के दौरान हुई थी। उनकी शुरुआती दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई। उन्होंने शो में एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार किया और तब से साथ हैं। वे कुछ समय से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। हाल ही में, एल्विश यादव के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, करण ने खुलासा किया कि वे इस साल शादी करने की योजना बना रहे हैं।

## नहीं बदलेगा यादव जी की लव स्टोरी का नाम, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**मुंबई।** घूसखोर पंडित के बाद फिल्म यादव जी की लव स्टोरी अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है।

पीटीआई के मुताबिक, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने विश्व यादव परिषद के चीफ की याचिका खारिज कर दी है। बेंच ने कहा रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है। इसलिए, इसका नाम बदला जाना चाहिए। हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी फिल्म का



टाइटल समुदाय को गलत तरीके से कैसे दिखा सकता है। फिल्म के टाइटल में कहीं भी ऐसा कोई शब्द नहीं है, जो यादव समुदाय को गलत तरीके से दिखाए।

घूसखोर पंडित से जुड़े ऐसे ही एक मामले का जिक्र करते हुए, बेंच ने आशंकाओं को बेबुनियाद बताया। बेंच ने अपने पहले के ऑर्डर को अलग बताया जिसमें उसने प्रोड्यूसर से उस फिल्म का टाइटल बदलने को कहा था। ऑर्डर में कहा गया, इंग्लिश में घूसखोर का मतलब भ्रष्ट होता है। इसलिए कम्युनिटी के साथ एक नेगेटिव मतलब जोड़ा जा रहा था। इस मामले में यादव कम्युनिटी के साथ ऐसी कोई नकारात्मकता नहीं जुड़ी है। संविधान के तहत आर्टिकल 19(2) (बोलने और बोलने की आजादी पर सही रोक) के तहत कोई भी रोक नहीं लगती है। यह नाम किसी भी तरह से यादव कम्युनिटी को नकारात्मक तरीके से नहीं दिखाता है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि वे अलग-अलग बिरादरी में शादी का विरोध नहीं करते, लेकिन फिल्म में एक महिला को जिस तरह से दिखाया गया है, वह मंजूर नहीं है। लेकिन बेंच इससे सहमत नहीं हुई। उसने फिल्म को फिक्शन की कैटेगरी में डाल दिया। यादव जी की लव स्टोरी 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे

## एनसीईआरटी बुक के चैप्टर को लेकर भड़के सीजेआई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की कक्षा आठ की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार संबंधित अध्याय पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस पर कड़ी नाराजगी और चिंता जताते हुए कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ये एक सोची समझी साजिश प्रतीत होती है। मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा। कानून अपना काम करेगा। पीठ के दूसरे न्यायाधीश जस्टिस जोयमाल्या बाग्ची ने कहा कि पुस्तक संविधान के मूलढांचे के विरुद्ध प्रतीत होती है। ये कड़ी टिप्पणियां सुप्रीम कोर्ट ने तब की जब बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जोयमाल्य बाग्ची की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया।

सिब्बल ने कहा कि इस संस्था का सदस्य होने के नाते उन्हें यह जानकार बहुत दुख हुआ कि एनसीईआरटी कक्षा आठ के छात्रों को न्यायिक भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ा रही है। यह अध्याय पूरी तरह निंदनीय है। सिब्बल ने किताब की प्रति दिखाते हुए कहा कि पुस्तक उनके पास है। इसके बाद चीफ जस्टिस ने बताया कि उन्होंने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया गया है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मुझे इसकी पूरी जानकारी है। कृपया एक दिन इंतजार करें। बार और बेंच सभी चिंतित हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी संस्था को बदनाम करने उसकी गरिमा को धूमिल करने की अनुमति नहीं देंगे। किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें मालूम है कि इससे कैसे निपटना है। सिब्बल ने कहा कि यह आपत्तिजनक है कि बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। जबकि लोगों को न्यायपालिका पर अटूट भरोसा है।

अभिषेक मनु सिंघवी ने एनसीईआरटी द्वारा चयनात्मक दृष्टिकोण अपनाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एनसीईआरटी ने मान लिया है कि कहीं और भ्रष्टाचार नहीं है। पाठ्यपुस्तक में नौकरशाही, राजनीति, सार्वजनिक जीवन और अन्य संस्थानो में भ्रष्टाचार का कोई जिक्र नहीं है। ये सिर्फ न्यायपालिका को ही निशाना बनाती है।

यह मामला एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की नयी पुस्तक से जुड़ा है जिसमें एक अध्याय न्यायपालिका के बारे में है। पाठ्यपुस्तक के अनुसार भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या की कमी, न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं।

# नौसेना को सौंपा गया स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत निस्तार, गहरे समुद्र में चलाया जा सकेगा बचाव अभियान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्री में गोताखोरी और बचाव अभियान चला सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया, यह पोत गहरे पानी में बचाव कार्य करने वाली पनडुब्बी (डीएसआरवी) के लिए %मदर शिप% यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा, ताकि पनडुब्बी में किसी आपातकाल की स्थिति में कर्मियों को बचाने और निकालने में मदद मिल सके।

नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, निस्तार पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने आठ जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि यह एक खास तरह का पोत है और गहरे समुद्र में गोता लगाने और बचाव का काम करने में सक्षम है। ऐसी क्षमता दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास होती है।



यह युद्धपोत भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है। यह युद्धपोत भारतीय नौवहन रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है। निस्तार नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या उद्धार होता है।

प्रवक्ता ने बताया कि यह जहाज 118 मीटर लंबा है और लगभग 10,000 टन वजन का है, जिसमें अत्याधुनिक गोताखोरी के उपकरण लगे हुए हैं और यह 300 मीटर गहराई तक गहरे समुद्र में गोताखोरी करने में सक्षम है। इस जहाज में 75 मीटर गहराई तक गोताखोरी के काम के लिए साइड डाइविंग स्टेज भी लगा हुआ है।

## क्विक न्यूज

### हरियाणा से दिल्ली को हो रही 1049 क्यूसेक पानी की सतत आपूर्ति : मुख्यमंत्री नायब सिंह

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जहरीले पानी का बयान आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बनाया गया एक राजनीतिक हथकंडा है। हमने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हरियाणा बिना किसी कमी के पूरा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की विफलता की पोल खोलते हुए कहा कि साल 2021 में, दिल्ली ने एक याचिका दायर की, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने जवाब दिया। इस जवाब में बताया गया कि वजीराबाद तालाब में अमोनिया नाइट्रोजन की समस्या है।

### बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव का नाम विवादों में घिरा हुआ नजर आता रहता है। हाल ही में बिग बॉस 18 के अंदर उन्होंने मीडिया को पेड कहा था, जिसके बाद उनको काफी ट्रोल किया गया था। वहीं सांप के जहर मामले में भी उनका नाम फंसा हुआ है। इसी बीच अब एल्विश यादव के खिलाफ पीपुल्स फॉर एनिमल्स कार्यकर्ता और रेव पार्टी केस के गवाह सौरभ गुप्ता ने एफआईआर दर्ज करवाई है। एल्विश पर गवाह को धमकाने का आरोप है। एक खबर के मुताबिक एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में स्नहृक्र दर्ज की गई है। सौरभ ने यूट्यूबर एल्विश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं और दावा किया है कि एल्विश यादव अपनी गाड़ी से उनका पीछा करते हुए उनकी सोसाइटी में आए और उनकी धमकी देने लगे। सौरभ की माने तो एल्विश ने गलत पहचान के साथ सोसाइटी में एंट्री की।

### फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान, लश्कर आतंकी को लेकर कैमरे पर झूठ बोल गईं पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह है, ये बात पूरी दुनिया जानती होगी, लेकिन पाकिस्तान की सरकार और वहां के नेता अभी भी इसे मानने को तैयार नहीं हैं और लगातार इससे इनकार करते आए हैं। दरअसल न्यूज चैनल अल जजीरा के साथ बातचीत में हिना रब्बानी खार ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हवाई हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ने वाला लश्कर आतंकी अब्दुल रऊफ आतंकी नहीं बल्कि आम आदमी है। इस पर इंटरव्यू के दौरान पत्रकार ने वो तस्वीर दिखाई, जिसमें लश्कर ए तैयबा का आतंकी और हाफिज सईद का करीबी अब्दुल रऊफ जनाजे की नमाज पढ़ रहा था और उसके पीछे पाकिस्तानी सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारी दिख रहे थे।

### यादव जी की लव स्टोरी पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- क्या हिंदू लड़की की मुस्लिम से शादी सामाजिक ताना-बाना तोड़ती है?

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिल्म %यादव जी की लव स्टोरी% पर बैन लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि फिल्म के नाम में ऐसा कोई शब्द नहीं जिससे समाज की छवि पर कोई असर पड़ता हो।

बता दें विश्व यादव परिषद ने फिल्म के नाम पर सवाल उठाए थे और कहा था कि यह नाम यदाव समाज को गलत तरीके से पेश कर रहा है। इस फिल्म में यादव समाज की हिंदू लड़की और एक मुस्लिम लड़के की लव स्टोरी दिखाई गई है।

इस याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने पुछा क्या हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के की शादी समाज के ताने-बाने को तोड़ती है? सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को हाल ही में आई फिल्म घुसखोर पंडित से अलग बताया। कोर्ट ने कहा कि घुसखोर शब्द का अर्थ भ्रष्ट होता है जो नकारात्मक अर्थ से जोड़ता है, जबकि इस फिल्म में ऐसा कोई शब्द नहीं है।

मामले में याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी की यह फिल्म खुद को सच्ची घटना पर आधारित होने का दावा करती है। इसपर कोर्ट ने कहा, बैंडिट क्वीन में भी गुर्जर समाज को गलत तरीके से दिखाने की आवाज उठी थी लेकिन फिर भी कोर्ट ने उसे बैन करने से इनकार कर दिया था।

वकील ने आगे या भी कहा कि फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है अगर रिलीज होने के बाद बवाल होता है तो वे फिर से कोर्ट आ सकते हैं। इस पर बेंच ने जवाब दिया, थोड़ा सहनशील बनिए। यह फिक्शन है। हफ्ते भर में सब ठीक हो जाएगा। अब लोग फिल्म देखने थिएटर नहीं जाते वे मोबाइल पर देखते हैं।

फिल्म यादव जी की लव स्टोरी शुक्रवार 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है।

# 'सुरक्षित रक्त के अधिकार' पर सुनवाई- सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अस्पतालों में एनएटी टेस्ट की लागत की मांगी जानकारी

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देशभर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रक्त चढ़ाने से होने वाले एचआइवी और हेपेटाइटिस जैसे संक्रमण का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन परीक्षण (एनएटी) करने की सुविधा के खर्च और उपलब्धता जैसी जानकारी मांगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने जनहित याचिका दाखिल करने वाले %सर्वेशम मंगलम फाउंडेशन% की ओर से पक्ष रख रहे वकील ए. वेलन से पूछा कि एनएटी जांच करने में कितना खर्च आएगा और क्या यह सुविधा सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है ताकि गरीब लोग भी इसका फायदा उठा सकें।

फाउंडेशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को याचिका में पक्षकार बनाया है। जनहित याचिका में केंद्र और राज्यों को यह घोषित करने का आदेश देने का अनुरोध किया गया है कि %सुरक्षित रक्त का अधिकार% संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के अधिकार का एक अहम हिस्सा है।

इसमें यह भी मांग की गई है कि पूरे भारत में सभी ब्लड बैंकों में ट्रांसफ्यूजन ट्रांसमिसिबल इंफेक्शन (टीटीआइ) का पता लगाने के लिए एनएटी को अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि रक्त पाने वाले सभी लोगों को सुरक्षित और संक्रमण मुक्त रक्त मिल सके।

इसमें सभी रक्तदाताओं से लिए गए खून में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआइवी), हेपेटाइटिस सी वायरस (एचसीवी), हेपेटाइटिस बी वायरस (एचबीवी), मलेरिया और सिफलिस की जांच शामिल है।

दिल्ली के एनजीओ ने खासतौर पर थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को एचआइवी, एचसीवी और एचबीवी जैसे जानलेवा टीटीआई संक्रमण से बचाने में राज्य की नाकामी को रेखांकित किया। याचिका में कहा गया है कि भारत में हजारों लोगों के लिए खून चढ़ाना मौत का जुआ बन गया है।

### पत्नी के चरित्र पर शक बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आधार नहीं, हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

एजेंसी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह है, उसके नाबालिग बच्चे का पितृत्व निर्धारित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराने का आधार नहीं बनता। एक पारिवारिक कोर्ट की ओर से नाबालिग लड़के का डीएनए परीक्षण कराने के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति आरएम जोशी ने कहा कि ऐसी आनुवंशिक जांच केवल असाधारण मामलों में ही कराई जा सकती है।

1 जुलाई के आदेश में न्यायमूर्ति जोशी ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति व्यभिचार के आधार पर तलाक का हकदार होने का दावा करता है या चरित्र पर शक होने को अपना आधार मानता है तो डीएनए परीक्षण कराने का आदेश देने का कोई उचित मामला नहीं बनता। कोर्ट के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई।

हाईकोर्ट ने कहा, एक प्रश्न उठता है कि क्या यह डीएनए परीक्षण का आदेश देने का उचित मामला है। इसका स्पष्ट उत्तर नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी के चरित्र पर सवाल है तो बच्चे का पितृत्व परीक्षण कराने के बजाय इसे किसी अन्य साक्ष्य से साबित किया जा सकता है। यह आदेश एक व्यक्ति की अलग रह रही पत्नी और उसके 12 वर्षीय बेटे की ओर से दायर याचिका पर सुनाया गया। याचिका में एक पारिवारिक अदालत की ओर से फरवरी 2020 में पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। आदेश में बच्चे को पितृत्व का फैसला करने के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया था।

हाईकोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालत ने ऐसा आदेश पारित करके गलती की। इसके बाद कोर्ट ने उसे रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जोशी ने आदेश में कहा कि पारिवारिक अदालत के लिए बच्चे के सर्वोत्तम हित पर विचार करना अनिवार्य है।

# नये युग का आईटीएम, स्टैटिक नहीं, डायनामिक अप्रोच के साथ कर रहा काम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आज भारत वर्ष 2047 का रोडमैप लेकर चल रहा है। सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरी है कि हम अपने परम्परागत दृष्टिकोण में बदलाव करते हुए आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपने जीवन में सम्मलित करें ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। देहरादून स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) अपने छात्रों को नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से डायनामिक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

आईटीएम के चेयरमैन निशांत थपलियाल कहते हैं, हमारा संस्थान स्टैटिक नहीं, डायनामिक अप्रोच के साथ काम कर रहा है ताकि बदल रहे भारत के साथ यहां के छात्र कदमताल कर सकें।

आईटीएम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में



अपनी अनुभवी और कुशल फैकल्टी, नवाचार और छात्रों को स्किल्ड बनाने के लिए जाना जाता है। संस्थान अपने छात्रों को अगले पांच साल के लिए तैयार कर रहा है ताकि वो बाजार की मांग के अनुरूप तैयार हो सकें। इसके तहत छात्रों को विश्वविद्यालय के तय कोर्स के अलावा छात्रों को स्किल्ड बनाने, वैक्तित्व विकास और अंग्रेजी भाषा में सक्षम बनाने के लिए प्रयास किये जाते हैं। इसके सकारात्मक परिणाम रहे हैं और विगत कई वर्षों से आईटीएम में 100 फीसदी कैंपस प्लेसमेंट हो रहा है।

चेयरमैन निशांत थपलियाल के मुताबिक आज विज्ञान का दौर है। तेजी से बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में संस्थान डायनाजिम में विश्वास करता है। हालांकि सेलेबस बदल गया है, लेकिन चेंज इतनी जल्दी हो रहा है कि नया सेलेबस भी पुराना हो जाता है। नवाचार और शोध ने शिक्षा के स्वरूप को बदल दिया है। एक नई तकनीक दूसरी तकनीक को पीछे छोड़ रही है। ऐसे में आईटीएम अपने छात्रों को भविष्य की तकनीक से जोड़ने का काम कर रहा है।

संस्थान का मानना है कि तकनीक सीखने की जरूरत है। मसलन आर्टिफिशल इंटेलीजेंस (एआई) से डरना नहीं है, सीखना है। यही कारण है कि संस्थान ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विस यानी टीसीएस से करार किया है। टीसीएस संस्थान के छात्रों को आर्टिफिशल इंटेलीजेंस(एआई), डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसे कोर्स भी करा रहा है ताकि संस्थान में आज पढ़ रहा छात्र 2030 के भारत के लिए तैयार रहे।

### पैर बांधे और मुंह में ठूंसा कपड़ा... बार-बार रो रहा था 2 महीने का बच्चा तो तेलंगाना में महिला ने बेरहमी से मार डाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। एक अंडर कंस्ट्रक्शन आपार्टमेंट कॉम्पलेक्स में एक मां ने अपने दो महीने के बच्चे की बड़ी बेरहमी से जान ले ली।

पुलिस के मुताबिक, इस घटना की जानकारी 24 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे डायल 100 पर आई कॉल के बाद सामने आई। अलर्ट में आउटर रिंग रोड के पास स्पीड सनरैली (सनारेली) अपार्टमेंट में एक बच्चे की संदिग्ध मौत की खबर दी गई। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

एसीपी शंकर रेड्डी ने कहा, दोपहर करीब 12 बजे हमें 100 नंबर पर कॉल आया कि बौरमपेट में एक बन रही बिल्डिंग में एक छोटे बच्चे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

मौके पर पुलिस को परेशान करने वाले सबूत मिले। एसीपी ने कहा, बच्चे के मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था और उसके पैर रस्सी से बंधे थे। चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई।

यह शिकायत 21 साल के राजेंद्र आदिवासी ने की। वह मध्य प्रदेश के सागर जिले के नौगांव के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह करीब एक महीने से कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूर के तौर पर काम कर रहे हैं और अपनी पत्नी ममता अहिरवार (20) और अपने दो महीने के बेटे सूर्या के साथ वहां एक टेम्परारी कमरे में रह रहे थे।

मंगलवार सुबह राजेंद्र काम पर चले गए और बच्चे को घर पर अपनी पत्नी के पास छोड़ गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि जब वह सुबह करीब 11 बजे लौटे तो उन्होंने कथित तौर पर अपनी पत्नी को आग के पास पाया और देखा कि बच्चे को जलाया जा रहा था। उन्होंने उन्हें एक तरफ धकेला और देखा कि बच्चा पहले ही मर चुका था। अपनी शिकायत में राजेंद्र ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बच्चा बार-बार रो रहा था और उसकी पत्नी परेशान लग रही थी।

# पुतिन को दोहरा झटका- एमएच-17 विमान और यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय अदालत ने सुनाया फैसला

एजेंसी

**हेग।** रूस पर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर गंभीर आरोप सिद्ध हुए हैं। यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने दो ऐतिहासिक फैसले सुनाते हुए कहा है कि रूस ने यूक्रेन में मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है और साल 2014 में मलेशियन फ्लाइट एमएच-17 विमान को गिराने के लिए भी वही जिम्मेदार है। यह पहली बार है जब किसी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने रूस को इन घटनाओं के लिए औपचारिक रूप से दोषी ठहराया है।

ईसीएचआर ने कहा कि रूस ने यूक्रेन में 2022 के पूर्ण पैमाने के आक्रमण के दौरान अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्वी यूक्रेन के जिन क्षेत्रों में मानवाधिकार हनन के मामले सामने आए हैं, वे क्षेत्र रूस के नियंत्रण में थे। रूस ने वहां के अलगाववादी



समूहों को हथियार, राजनीतिक और आर्थिक मदद दी थी। कोर्ट का यह फैसला प्रतीकात्मक है, क्योंकि रूस को 2022 में काउंसिल ऑफ यूरोप से निष्कासित कर दिया गया था, लेकिन कोर्ट उन मामलों पर अब भी सुनवाई कर सकता है जो उस निष्कासन से पहले दर्ज किए गए थे।

कोर्ट ने यह भी कहा कि मलएशियन एयरलाइंस की फ्लाइट एमएच-17 को रूस समर्थित विद्रोहियों द्वारा रूस में बने बीयूके मिसाइल से मार गिराया गया था। यह विमान 17 जुलाई 2014 को नीदरलैंड्स की राजधानी एम्स्टर्डम से मलएशिया के कुआलालंपुर जा रहा था और पूर्वी यूक्रेश न के आकामें गिरा दिया गया। हादसे में सभी 298 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 196 डच नागरिक शामिल थे। एमएच-17 के पीड़ितों के परिजनों ने इसे न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

एमएच-17 पीड़ित थॉमस शांसमैन, जिन्होंने अपने 18 वर्षीय बेटे को खोया था। उन्होंने कहा कि यह एक वास्तविक कदम है यह समझने में कि जिम्मेदार कौन है। उन्होंने यूरोपीय अदालत में एक व्यक्तिगत याचिका भी दायर की है और अभी भी न्याय की उम्मीद में लगे हुए हैं।

# गोवा में अरविंद केजरीवाल ने किया पहली फ्री ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

## 10 हजार किताबें और नीट जेईई की तैयारी अब मुफ्त

एजेंसी

**पणजी।** गोवा के बेनाउलिम स्थित अवर लेडी ऑफ पट्रोसिनियो कम्युनिटी सेंटर में आज शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उम्मीद ने जन्म लिया, जब आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने छात्रों के लिए ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। यह पहल विधायक कैप्टन वेंजी वीगास द्वारा शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य गोवा के हर छात्र तक आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है।

इस ई-लाइब्रेरी में 10,000 से अधिक ई-बुक्स उपलब्ध हैं। सभी कक्षाओं के लिए वीडियो, सिमुलेशन और प्रैक्टिस मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। जेईई, नीट, क्लैट और 40 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए टेस्ट की सुविधा भी दी गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क है, ताकि आर्थिक




रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी वही संसाधन मिल सकें जो बड़े निजी स्कूलों के छात्रों को मिलते हैं।

गोवा की मौजूदा शिक्षा स्थिति कई सवाल खड़े करती है। राज्य में सरकारी स्कूलों की संख्या 906 से घटकर 789 रह गई है। कुल लगभग 1,487 स्कूलों में से 238 स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक पूरे स्कूल की जिम्मेदारी संभालता है। लेकिन जमीनी स्तर पर संसाधनों और शिक्षकों की कमी साफ दिखाई देती है। ऐसे समय में ई-लाइब्रेरी जैसी पहल छात्रों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है।

आम आदमी पार्टी की शिक्षा नीति का मॉडल पहले दिल्ली में लागू हुआ और फिर पंजाब में मजबूती से आगे बढ़ा। पंजाब में आज लगभग 90 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे में पंजाब ने शीर्ष स्थान बरकरार रखा। राज्य सरकार ने 234 प्रिंसिपलों और शिक्षा प्रशासकों को सिंगापुर में प्रशिक्षण के लिए भेजा, 216 प्राथमिक शिक्षकों को फिनलैंड के तुर्कू विश्वविद्यालय में और 199 हेडमास्टरों को आईआईएम अहमदाबाद में प्रशिक्षित किया गया। सरकारी स्कूलों के लिए 1,908 कैंपस मैनेजर और 1,316 सुरक्षा गार्ड नियुक्त किए गए, जिससे स्कूलों का माहौल सुरक्षित और व्यवस्थित बना।

आम आदमी पार्टी की शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य साफ है, सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के बराबर लाना। पार्टी का मानना है कि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि वे आगे चलकर रोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकें। शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि भविष्य बदलने का साधन है।

गोवा में भले ही आम आदमी पार्टी की सरकार नहीं है, लेकिन पार्टी के जनप्रतिनिधि शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। ई-लाइब्रेरी इसका उदाहरण है कि अगर राजनीतिक इच्छा शक्ति हो तो बिना सत्ता में रहे भी बदलाव की शुरुआत की जा सकती है।

उद्घाटन समारोह में छात्रों और अभिभावकों के बीच उत्साह साफ दिखाई दिया। लोगों का मानना है कि अगर शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए तो समाज और राज्य दोनों मजबूत बनते हैं। यह पहल केवल किताबों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस सोच का प्रतीक है जिसमें शिक्षा को राजनीति से ऊपर रखकर विकास का सबसे बड़ा हथियार माना जाता है।

गोवा की धरती पर शुरू हुई यह ई-लाइब्रेरी पहल इस संदेश के साथ आगे बढ़ रही है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, और जब नीतियां सही दिशा में बनती हैं तो सरकारी स्कूल भी उत्कृष्टता का केंद्र बन सकते हैं।

# भगवान श्रीराम और माता सीता की निकाली गई अद्भुत झांकी

- श्रीराम-माता जानकी के विवाह का किया मनोहारी वर्णन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** पंच दिवसीय हनुमत कथा एवं दिव्य दरबार के चौथे दिन वीरेश्वर धाम कानपुर से पधारे परमपूज्य पीठाधीश्वर रुद्रेश्वर महाराज जी ने भगवान श्री राम और माता जानकी के विवाह, हनुमान जी के चरित्र, राम भक्ति, बाल लीलाओं और पंचमुखी अवतार की कथा का मनोहारी वर्णन किया। भगवान श्री राम माता जानकी की दिव्य झांकी कथा पंडाल में आकर्षण का केंद्र रही। पीठाधीश्वर रुद्रेश्वर महाराज जी ने कहा कि जीवन के कष्टों को दूर करने के लिए हनुमान जी की शरण में जाना, राम नाम का संकीर्तन करना और उनके द्वारा अपनाए गए सेवा मार्ग पर चलना ही सच्चा मार्ग है। उन्होंने बताया कि जब जनकपुरी पहुंचने पर राजा जनक सहित वहां की नर-नारियां प्रभु श्री राम के अप्रितम लावण्य को देखकर मुग्ध हो गए। पुष्प वाटिका में माता जानकी एवं प्रभु श्री राम के मिलन का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि माता जानकी ने जैसे ही प्रभु के दर्शन किए तो वह मंत्रमुग्ध होकर उन्हें अपलक निहारती रह गई।श्री राम जानकी विवाह के लिए कथा स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था। कथावाचक पीठाधीश्वर रुद्रेश्वर महाराज जी ने श्री राम जानकी विवाह प्रसंग सुनाया तो सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्री राम जानकी विवाह प्रसंग के दौरान जब धनुषधारी श्री राम और सीता के प्रतिरूप बने बच्चों ने कथा स्थल पर प्रवेश किया तो सभी श्रद्धालु आस्थावश फूलों की बारिश करने लगे। श्रीराम और माता जानकी ने जैसे ही वर्णमाला एक दूसरे के गले में डालते ही समूचा पंडाल जय श्री राम उद्घोष से गुंजमान हो उठा।कथा में भगवान श्रीराम- माता जानकी की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। अद्भुत झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, विधायक पंकज पटेल, बसपा नेता विनोद मिश्रा, चंद्र देव जी व मुक्तेश्वर जी महाराज ने प्रभु श्रीराम- जानकी की झांकी का दर्शन पूजन और पूज्य पीठाधीश्वर रुद्रेश्वर महाराज और उनके गुरु श्री दिगंबर 1008 अजब आनंदपुरी महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। मिथिला नरेश राजा जनक के रूप में यजमान क्रांति गुप्ता कपूर व रानी सुनयना खुशबू ऊमरवैश्य ने कन्यादान की भूमिका निभाई।इस अवसर पर आलोक साहू, दिव्या साहू, सुरेंद्र बच्चा, राजकुमार ऊमरवैश्य नेता, आलोक गुप्ता पिंटू, इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता, मोनू महाराज, विशंभर दुबे, रोहन पाण्डेय व राजीव गुप्ता सहित हजारों श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर कार्यवाही की मांग

**आजमगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट में कांग्रेस पर देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष निखिल राय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट चौराहा पहुंचे युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला दहन करते हुए कठोर कार्यवाही की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के गैर-जिम्मेदाराना एवं राष्ट्रविरोधी कृत्यों के विरोध में हमारी मांग है कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आज भारत तकनीक, नवाचार और डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में विश्व मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

# शंकराचार्य पर मुकदमे के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों पर यौन शोषण का मुकदमा फर्जी करार देते हुए उसके खिलाफ कांग्रेसियों ने पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बुधवार को धरना प्रदर्शन कर मुकदमा वापस किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शंकराचार्य हिंदू धर्म के ध्वजवाहक होते हैं, वे साक्षात भगवान शिव के रूप में पूजे जाते हैं, ऐसे में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, मुकुन्दानंद ब्रह्मचारी सहित अन्य बटुकों और संन्यासियों के खिलाफ विद्वेष और बदले की भावना से यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कराया जाना हिंदू धर्म और उनकी मान्यताओं का अपमान है। कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को प्रयाग माघ मेला क्षेत्र में जानबूझकर अपमानित किया गया, उनके शिष्यों को मारा-पीटा गया, ब्राह्मणों की शिखाओ को पकड़ कर घसीटा गया, यह सब कृत्य स्वयं को कथित तौर पर हिंदूवादी घोषित करने वाली सरकार के मुखिया द्वारा कराया जाना सनातन धर्म का खुला अपमान है, हिंदू समाज और देशवासी भाजपा को इसके लिए कभी माफ नहीं करेगा। शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने शंकराचार्य पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सबको धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है किंतु भाजपा सरकार बदले की भावना से धार्मिक लोगों के खिलाफ संतो को संतो लडाने का काम कर रही है। श्रीमती रेखा सिंह, देवराज पांडेय,राजकुमारी मिश्रा, शेर बहादुर सिंह, सुनीता सरोज, रीना विश्वकर्मा, राकेश यादव,इकबाल हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन का संचालन संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा ने किया।

# मतदाता सूची में अपना नाम जरुर दर्ज करायें : प्रो. शम्भू राम

- स्काउट्स रोवर्स रेंजर्स ने मतदाता बनने हेतु किया जागरूक
- 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं से मतदाता बनने की किया अपील'

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में जनपद चल रही स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत स्काउट्स गाइड्स/रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसके क्रम में स्टेशन रोड स्थित राज कालेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट्स गाइड्स/रोवर्स रेंजर्स को मतदाता बनने के लिए जागरूक किया करते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी गई कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं और जिनका नाम मतदाता सूची में छूट गया है उन सभी को मतदाता बनने के लिए जागरूक करें। विश्व विद्यालय रोवर्स रेंजर्स चीफ कमिश्नर/प्राचार्य राजा श्री कृष्ण दत्त महाविद्यालय प्रो. शम्भू राम ने रोवर रेंजर्स को प्रेरित करते हुए कहा कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जरुर दर्ज करायें, और गांव-गांव में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करें। ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक अभियान चला कर पात्र लोगों को मतदाता बनने हेतु जागरूक व प्रेरित करें। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आप सभी के रचनात्मक प्रयासों को लोग सदैव याद रखेंगे। उन्होंने बताया कि 125 महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स संचालित है जिनके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान वोटर बनने हेतु युवा छात्र छात्राओं को फ़ार्म 6 और घोषणा पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डी0ओसी डा0 मनोज कुमार तिवारी, प्रबंधक डा0 सत्यराम प्रजापति, ट्रेनिंग काउंसलर सुनील कुमार यादव, कार्यक्रम सहायक विकास सिंह, टी0सी0 निराली प्रजापति सहित रोवर्स रेंजर्स छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही बरतने पर मंछना के लेखपाल को सस्पेंड करने के दिये निर्देश

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने तहसील भोगांव के ग्राम मंछना में स्थलीय निरीक्षण के दौरान फार्मर रजिस्ट्री की जानकारी करने पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी भोगांव को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की ज्यादा से ज्यादा फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जिला प्रशासन ने लेखपालों को जिम्मेदारी दी है, उन्हें विभाग की ओर से लक्ष्य भी दिया गया है, यह कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है लेकिन फिर भी कुछ लेखपालों द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। इस समय फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य वरीयता पर चल रहा है लेकिन जनपद में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति संतोषजनक नहीं है, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर यह योजना निरंतर डी-श्रेणी में चल रही है। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने अधीनस्थ कार्मिकों से फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें।

# ज्वैलर्स की पिटाई कर लाइसेंसी रिवाल्वर और गहने लूटे

अवधनामा संवाददाता

- 200 ग्राम सोना और 5 किलो चांदी भी ले गए



**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र में घर लौट रहे ज्वैलर्स से बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीछे से आए 3 बदमाशों ने ज्वैलर्स को रोककर हेलमेट निकाला और 10 मिनट तक पिटते रहे। इसके बाद लाइसेंसी रिवॉल्वर और बैग लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने 45 हजार रुपए कैश लूटने की बात बताई। बाद में भाई ने आरोप लगाया कि बदमाश 46 लाख का माल ले गए हैं। इसमें 200 ग्राम सोना, 5 किलो चांदी और एक लाख कैश था। घायल ज्वेलर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार सोनी की मांडा के चिलबिला बाजार में ज्वैलरी की शॉप है। वह भारतगंज वार्ड नंबर 3 में रहते हैं। पीड़ित के भाई रंजीत सोनी ने बताया- दोनों भाई चिलबिला बाजार में ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं। प्रदीप छोटे भाई हैं। रोज की तरह मंगलवार शाम करीब 6 बजकर 40 मिनट पर दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। चक डीहा गांव के पंचायत भवन के सामने पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार 3 बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले ही एक बदमाश ने तमंचा निकाल किया। इसके बाद प्रदीप का हेलमेट निकलवाया और मारपीट करने लगे। करीब 10 मिनट तक लात घूसों से पीटते रहे।

फिर सिर तमंचे के बट से हमला कर दिया। इसके बाद ज्वैलर्स प्रदीप खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन बदमाश तमंचा लहराते हुए भाग गए।

घटना के बाद घायल ज्वेलर ने फोन कर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही उनके भाई और अन्य परिचित मौके पर पहुंचे। लूट की सूचना पर मांडा पुलिस और मेजा एसीपी भी पहुंचे। पुलिस ने घंटों तक छानबीन की, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला। वहीं खून से लथपथ ज्वैलर्स को नजदीक के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## परिवार परामर्श प्रकोष्ठ की बैठक में एक प्रकरण का हुआ आपसी समझौता

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़ परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई किरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 05 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को दूरभाष/नोटिस के माध्यम से सूचित कर मिडिएशन हेतु बुलाया गया, जिनमें से 03 पत्रावलियों में पक्षकार उपस्थित हुए। मिडिएशन के दौरान 1 पत्रावली में अथक प्रयास, समझाइश एवं काउंसलिंग के पश्चात आपसी सहमति से समझौता कराया गया। उक्त प्रकरण में आवेदिका द्वारा अपने पति एवं ससुराल पक्ष पर मारपीट एवं भरण-पोषण न देने के आरोप लगाए गए थे। दोनों पक्षों की एक साथ एवं पृथक-पृथक काउंसलिंग कर आपसी सहमति से समझौता कराते हुए विदाई कराई गई। 2 पत्रावलियां न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई। शेष पत्रावलियों में दोनों पक्षों को अगली तिथि हेतु नोटिस/दूरभाष द्वारा सूचित कर मिडिएशन कराया जाएगा। नई किरण प्रोजेक्ट के माध्यम से जनपद में बिखरे परिवारों को पुनः एक सूत्र में जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

# मैनपुरी में कृषि यंत्र अनुदान के लिए आवेदन 4 मार्च तक

अवधनामा संवाददाता

- कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान, ई-लॉटरी से चयन
- कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत ऑनलाइन बुकिंग जारी

**मैनपुरी।** उप कृषि निदेशक एन.के. त्रिपाठी ने जनपद कृषकों को सूचित किया है कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्डयू एवं सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कृषि यंत्रो के आवेदन वर्ष 2025-26 हेतु बुकिंग दि. 04 मार्च की रात्रि 12 बजे तक की जायेगी, बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल WWW.agriculture.up.cov.in पर यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होने बताया कि कृषि यंत्रो के आवेदन हेतु समस्त प्रकार के फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यंत्रो पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर पर अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान देय होगा, सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कृषि यंत्रो पर अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा, बुकिंग जनपद स्तर पर की जायेगी अर्थात जनपद के सभी विकास खण्डो में जो लक्ष्य अवशेष रह गये है, उनको समाहित करते हुए जनपद स्तर पर बुकिंग की जायेगी, लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थी का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा, योजनान्तर्गत कृषि यंत्रो हेतु पंजीकृत कृषक आवेदन कर सकते है, आवेदन के समय ही कृषक को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी, लक्ष्य अवशेष न रहने एवं ई-लाटरी में चयनित न होने वाले सम्बन्धित कृषकों को जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। उन्होने बताया कि 10001 से 100000 तक अनुदान के कृषि यंत्रो हेतु जमानत धनराशि रू. 2500 होगी और एक लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रो हेतु जमानत धनराशि रू. 5000 होगी।

# जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में ध्यान सत्र का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज प्रयागराज और हार्टफुलनेस एजूकेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बाह्य आत्मविश्वास के लिए आंतरिक जुड़ाव का निर्माण विषय पर एक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने अतिथि वक्ताओं श्रीमती ज्योति मिश्रा (कोर्डिनेटर, हार्टफुलनेस, यूं पी स्टेट कालेज कैंपस प्रोग्राम) और रित्विक सोलंकी (जोनल कोऑर्डिनेटर, प्रयागराज, हार्टफुलनेस) का स्वागत किया। रित्विक सोलंकी ने मानसिक शक्ति को संकेंद्रित करने से लिए सेनेटोनिन बढ़ाने के व्यावहारिक उदाहरणों को प्रस्तुत किया। श्रीमती ज्योति ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आत्मिक शांति जगाने का संदेश दिया।साथ ही छात्राओं की एकाग्रता में आ रही समस्याओं को सुना और उनसे उबरने के माध्यम बताए। महाविद्यालय के संस्कृत, दर्शनशास्त्र, संगीत, अंग्रेजी विभाग मेंटल वेल बीइंग क्लब अमलतास और एन एस एस के प्राध्यापकगण एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन डा. फातिमा नूरी एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. अंकिता चतुर्वेदी ने किया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राधिका 35 वर्ष पुत्री जमील अहमद पत्नी अमित यादव निवासिनी- अनोरा कलां लखनऊ।

मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ्य व बालिग हूँ, मैं दिनांक 09.07.2020 को अपनी स्वच्छा से अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है और अपना नाम राधिका अंगीकार कर लिया है।

अतः अब मुझे राधिका नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

# कार्यालय, क्षेत्र पंचायत, इटवा-सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 4629/2-लेखा/निविदा/2025-26/ दिनांक : 23 फरवरी, 2026

## निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक-688/2-लेखा/पंजियन/2025-26/दिनांक 23.05.2025 द्वारा राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदार का पंजीयन किया गया है, तत्पश्चात क्षेत्र पंचायत इटवा के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनॉक 23.02.2026 से 10.03.2026 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत इटवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।निविदा प्रपत्र को दिनॉक 10.03.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोला जायेगा। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्र पंचयत इटवा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना/पटल सहायक से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। निविदा हेतु विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख में) | निविदा की धनराशि (जी.एस.टी. छोड़कर) | 2 प्रतिशत जमानत धनराशि | टेण्डर फार्म मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| क- | **राज्य वित्त आयोग योजना से संबंधित कार्य का विवरण-** | | | | | |
| 1 | विकास खण्ड इटवा सहायक विकास पंचायत कार्यालय का मरम्मत एवं जीर्णोद्वार। | 6.22 | 5.27 | 10550.00 | 900.00 | 3 माह |
| 2 | बसन्तपुर तसौवर के घर से सी0सी0 रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.00 | 5.93 | 11870.00 | 900.00 | 3 माह |
| 3 | चेचराफ बुजुर्ग पि0डब्लू0डी0 रोड से शिवपूजन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 6.72 | 5.69 | 11390.00 | 900.00 | 3 माह |
| 4 | कम्हरिया में मंतू प्रधान के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 7.33 | 6.21 | 12420.00 | 900.00 | 3 माह |
| 5 | अगया गाव में काली जी के स्थान से अब्दुल्लाह के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.75 | 6.56 | 13130.00 | 900.00 | 3 माह |
| ख- | **केन्द्रीय वित्त आयोग योजना (टायडमद)से संबंधित कार्य का विवरण-** | - | - | - | - | - |
| 1 | केवटली अजीज के घर से रफीकुल के खेत तक नाला निर्माण। | 9.97 | 8.44 | 16890.00 | 900.00 | 3 माह |
| 2 | मेहदानी राजन बाबा के खेत से सिकरी नाला तक नाला निर्माण। | 9.99 | 8.46 | 16930.00 | 900.00 | 3 माह |

### मुख्य शर्तें

1 प्रत्येक कार्य का पूर्ण करने अनुमन्य अवधि कालम (7) में दर्शाया गया है।

2 निविदा के साथ 02 (दो) प्रतिशत धरोहर धनराशि जो कालम नं0 (5) में तथा निविदा प्रपत्र शुल्क जो उक्त तालिका के कालम नं0 (6) मे अंकित है NEFT/RTGS से खाता संख्या-11480994172 भारतीय स्टेट इटवा IFSC Code - SBIN0002553 में जमा पुष्टि रसीद का स्कैन कॉपी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3 निविदा स्वीकार करने की वैधता निविदा प्राप्त करने की तिथि से तीन माह (90) दिन होगा।

4 कार्य किसी अन्य को कदापि हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा, निविदा स्वीकृत के बाद यदि हस्तान्तरित का स्थिति प्रकाश मे आता है, तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।

5 निविदा खोलने की कार्यवाही अधोस्ताक्षरी के कक्ष में गठित समिति के सदस्यों के द्वारा निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

6 खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत इटवा द्वारा बिना कोई कारण बताये एवं बिना नोटिस दिये किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

7 अपूर्ण अथवा सही ढंग से निविदा प्रपत्र न भरी हुई निविदाये स्वीकार नही किया जायेगा।

8 खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत इटवा को विषेष परिस्थितियो में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्वि करने का अधिकार होगा।

9 ठेकेदार को अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) के निर्देशानुसार कार्य करना होगा। निर्माण कार्य का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत इटवा के आदेशानुसार भुगतान विल से कटौती किया जायेगा।

10 यह कि 02 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ जमा की जायेगी यदि ठेकेदार द्वारा पूर्ण जमानत धनराशि नही जमा किया जाता है तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

11 कार्य समाप्ति अथवा अन्तिम भुगतान के 6(छः) माह के पश्चात निर्माण कार्य हेतु जमानत धनराशि वापस कर दिया जायेगा।

12 किसी विवाद की दशा में खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत इटवा का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा।

13 ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करो का नियमानुसार कटौती किया जायेगा, जो ठेकेदार को मान्य होगां।

14 उपरोक्त निर्माण कार्यो का भुगतान क्षेत्र पंचायत इटवा के अर्न्तगत से प्राप्त धनराशि से किया जायेगा।

15 निविदा के साथ निविदादाता को नियमानुसार 100.00रूपये के स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर एंव रसीदी टिकट लगाकर देना होगा।

16 स्टीमेंट में कन्ट्रैक्टर प्राफिट के अतिरिक्त विलो/टेण्डर डालने पर ठीकेदार समिति के समक्ष उपस्थिति होकर स्पष्ट करना होगा कि किस प्रकार के विशिष्टयों के अनुसार किस प्रकार कार्य कराये जायेगें, समिति के संतुष्ट होने पर निविदा स्वीकृत किया जायेगा ।

17 निविदा के साथ संलग्न 02 (दो) प्रतिशत धरोहर की राशि उपरोक्त खाते में जमा करना अनिवार्य होगा तथा बैंक चालान रसीद, शपथ पत्र, हैसियत, चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0, आयकर तीन साल एंव अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति या आदि वाछिंत अभिलेख दिनांक 10.03.2026 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत इटवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।

18 टेण्डर स्वीकर होने के एक सप्ताह के अन्दर 08 प्रतिशत जमानत जमा करके अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा टेण्डर स्वतःनिरस्त हो जायेगा।

19 ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध कराने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। अनुबन्ध के पूर्व किया गया कार्य स्वतः श्रमदान घोशित हो जायेगा।

**(अनिशि मणि पाण्डेय)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**इटवा-सिद्धार्थनगर।**

**(सूर्यमती पाण्डेय)**
**ब्लाक प्रमुख**
**इटवा-सिद्धार्थनगर।**

## भारतीय स्टील उद्योग के दिग्गज जतिंदर मेहरा का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के स्टील और धातु उद्योग के दिग्गज जतिंदर मेहरा का 24 फरवरी को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। छह दशक से अधिक लंबे और शानदार करियर वाले मेहरा वर्तमान में एस्सार ग्रुप के मेटल्स एंड माइनिंग डिवीजन में वाइस चेयरमैन के पद पर कार्यरत थे। तकनीकी विशेषज्ञता और कुशल परिचालन नेतृत्व के धनी मेहरा ने देश में कई बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। एस्सार ग्रुप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विजन और नेतृत्व ने समूह के कई महत्वपूर्ण पड़ावों और परिवर्तनकारी परियोजनाओं को सफल बनाया। एस्सार ग्रुप से जुड़ने से पहले, मेहरा ने सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उद्योग में भी शीर्ष पदों पर अपनी सेवाएं दी थीं, जहां वे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और बाद में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार और एवीपीएन ने सिंगापुर में एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**लखनऊ।** एशिया में सामाजिक निवेशकों के सबसे बड़े नेटवर्क एवीपीएन ने सिंगापुर में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह हस्ताक्षर माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राज्य के वैश्विक कंपनियों और निवेशकों के साथ साझेदारी को मजबूत करने के निवेश अभियान के तहत संपन्न हुआ। इस सहयोग के माध्यम से निवेश-तैयार परियोजनाओं की श्रृंखला विकसित कर, परियोजना तैयारी को सुदृढ़ बनाकर और लेन-देन तत्परता में सुधार कर अगले पांच वर्षों में 325 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,700 करोड़ रुपये) से अधिक निवेश जुटाने की संभावना है।एवीपीएन की चीफ ऑफ मार्केट्स एवं उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी पैट्सियन लो ने कहा एवीपीएन बदलती वैश्विक व्यवस्था में नई पूंजी संभावनाओं को खोलने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है। हम एशिया भर में व्यापक प्रभाव के लिए उत्प्रेरक पूंजी जुटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश की विकास गति और नीतिगत सक्रियता सार्वजनिक-निजी सहयोग के माध्यम



से जलवायु-अनुकूल विकास के लिए नई पूंजी को आकर्षित करने का सशक्त अवसर प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व एशियाई नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो संकल्प को क्रियान्वयन में बदल सकता है। हम स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, स्वच्छ प्रौद्योगिकी विनिर्माण और अन्य जलवायु-सकारात्मक क्षेत्रों में निवेश योग्य अवसरों के माध्यम से राज्य को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा उत्तर प्रदेश एशिया की विकास गाथा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक निवेशकों का स्वागत करता है। यह एशियाई नेतृत्व का युग है, जो जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी चुनौतियों का समाधान कर सकता है। हमने व्यवसाय और निवेश के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण बनाने के लिए निरंतर कार्य किया है। एवीपीएन के साथ यह साझेदारी जलवायु-सहिष्णु और समावेशी विकास हेतु पूंजी जुटाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश को तेज करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।यह साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, जलवायु प्रौद्योगिकी विनिर्माण, सतत कृषि तथा अन्य जलवायु-सकारात्मक क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करेगी, जिससे राज्य के 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को समर्थन मिलेगा।यह सहयोग भारत के किसी उप-राष्ट्रीय सरकार और एशिया के सबसे बड़े पैन-एशियाई सामाजिक निवेश नेटवर्क के बीच जलवायु-अनुकूल विकास के लिए उत्प्रेरक और निजी पूंजी जुटाने की दिशा में अपनी तरह की पहली साझेदारी है।इस साझेदारी के तहत, एवीपीएन अपने 700 से अधिक सदस्यों के नेटवर्क के साथ परोपकारी तकनीकी सहायता का उपयोग करते हुए ऋण, इक्विटी, गारंटी और मिश्रित वित्त जैसे विभिन्न साधनों के माध्यम से पूंजी जुटाने में सहयोग करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार डेटा तक पहुंच उपलब्ध कराकर, नियामकीय स्वीकृतियों को सक्षम बनाकर और संबंधित विभागों के साथ समन्वय तंत्र स्थापित कर अवधारणा से निवेश निर्णय तक परियोजनाओं की प्रगति को तेज करेगी।

## स्विगी डाइनआउट के ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल की घोषणा

### एंबेसडर के रूप में भुवन बाम को जोड़ा गया



**लखनऊ।** स्विगी लिमिटेड के स्विगी डाइनआउट के लोकप्रिय ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल (जीआईआरएफ) 2026 की लॉन्च की घोषणा की है। जीआईआरएफ 2026 के आधिकारिक एंबेसडर के रूप में भुवन बाम को जोड़ा गया है, जिसमें बीबी की वाइन्स की लोकप्रिय दुनिया को भारत के सबसे बड़े डाइनिंग फेस्टिवल से जोड़ा गया है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, स्विगी डाइनआउट के एवीपी मार्केटिंग और रेवेन्यू ध्रुविश ठक्कर ने कहा, ÷जीआईआरएफ भारत के सबसे बड़े डाइनिंग अभियानों में से एक है। हमारा हर साल इस पर जोर रहता है कि बाहर खाना और अधिक लाभदायक, आसान और नियमित बने, साथ ही हमारे रेस्टोरेंट पार्टनर्स के लिए लगातार अधिक ग्राहकों की आवाजाही और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित हो। भुवन और बीबी की वाइन्स की दुनिया के साथ, हम उन किरदारों से जुड़ रहे हैं जिनसे भारत गहराई से जुड़ाव महसूस करता है। बबलू, बबली और समीर ऐसे असली ग्राहक स्वभाव को दर्शाते हैं, जिन्हें हम हर दिन प्लेटफॉर्म पर देखते हैं कू बिल को लेकर सतर्क प्लानर से लेकर वैल्यू मैक्सिमाइज़र और अचानक जश्न शुरू करने वाले तक।

पिछले साल की शानदार सफलता के बाद, जीआईआरएफ 2026 इस बार और भी बड़ा, बेहतर और प्रभावशाली रूप में वापस आ रहा है, एक सरल और मजबूत वादे के साथ: बिल हाफ। पार्टी फुल। 15 फरवरी 2026 से शुरू होने वाले फेस्टिवल में ग्राहक भारत के 60 शहरों के 40,000 से अधिक टॉप रेस्टोरेंट्स में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकेंगे। यह ऑफर कैफे, पब, बार, लक्जरी डाइनिंग और फैमिली रेस्टोरेंट्स सहित विभिन्न श्रेणियों में पूरे दो महीनों तक उपलब्ध रहेगा। ग्राहक अपने फूड बिल पर 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ-साथ सभी एचडीएफसी बैंक कार्ड्स पर अतिरिक्त 10 इंस्टेंट डिस्काउंट और डाइनआउट के माध्यम से बुकिंग करने पर हर ऑर्डर पर 10 डाइनकैश भी प्राप्त कर सकते हैं। इस साल के इस बड़े सांस्कृतिक अभियान का नेतृत्व भुवन बाम कर रहे हैं, जो जीआईआरएफ 2026 के केंद्र में बीबी की वाइन्स की आइकॉनिक दुनिया को लेकर आए हैं। इस अभियान में बबलू, बबली, समीर और भुवन जैसे प्रिय किरदारों को शामिल किया गया है, जो ऐसे अलग-अलग ग्राहकों के रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनसे भारत का हर व्यक्ति आसानी से जुड़ाव महसूस करता है। मुख्य फिल्म में बीबी की वाइन्स की दुनिया एक आम डाइनिंग चिंता को दिखाती है। बबलू को डिस्काउंट की सीमा और शर्तों की चिंता रहती है। समीर आत्मविश्वास से जीआईआरएफ के बड़े स्तर को समझाता है। संदेश सीधा और मजबूत है। जब बिल आधा हो जाता है, तो हिचकिचाहट खत्म हो जाती है। जश्न बड़ा हो जाता है। ग्रुप प्लान अचानक बन जाते हैं। माहौल बदल जाता है। जीआईआरएफ 2026 की थीम 'बिल हाफ। पार्टी फुल।' बाहर खाने के भावनात्मक पहलू को दर्शाती है। बाहर खाना एक खुशी है। बिल ही एकमात्र रुकावट है। जब वह हट जाता है, तो जश्न बढ़ जाता है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई जैसे बड़े डाइनिंग कैपिटल्स से लेकर गोवा, जयपुर, इंदौर, कोयंबटूर, चंडीगढ़, लखनऊ और उदयपुर जैसे उभरते फूड हॉटस्पॉट्स तक, जीआईआरएफ 2026 यह सुनिश्चित करता है कि 60.शहरों के हर फूडी को अपने तरीके से जश्न मनाने का मौका मिले।

## टीआईईकॉन यूपी 2026 के लिए राष्ट्रीय नेताओं, यूनिकॉर्न फाउंडर्स और प्रमुख निवेशकों के साथ उत्तर प्रदेश बना स्टार्टअप हब

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश भारत के एंट्रेप्रेन्योरियल और इन्वेस्टमेंट इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण हब के तौर पर अपनी बढ़ती पहचान को और मज़बूत करने के लिए तैयार है। दरअसल उत्तर प्रदेश टीआईईकॉन यूपी 2026 देश के कुछ सबसे प्रभावी नीति निर्माताओं, उद्योगों की प्रमुख हस्तियों, स्टार्टअप के फाउंडर्स और वेंचर कैपिटलिस्ट्स को शनिवार, 28 फरवरी, 2026 को कानपुर में एक साथ एक मंच पर ला रहा है। टीआईईयूपी द्वारा आयोजित यह फ्लैगशिप कॉन्फ्रेंस मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप डेवलपमेंट में उत्तर प्रदेश के परिवर्तन पर प्रकाश डालेगा, और पॉलिसी डायलॉग, रणनीतिक के आदान-प्रदान (नॉलेज एक्सचेंज), मेंटरशिप और स्ट्रेटेजिक नेटवर्किंग के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। इस इवेंट में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, राज्यसभा सदस्य; विजय किरण आनंद, सेक्रेटरी, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट और सी ओ, इन्वेस्ट यूपी; प्रो. मनिंद्र अग्रवाल, डायरेक्टर, IIT कानपुर; चंदू भाई विरानी, फाउंडर और सीएमडी, बालाजी वेफर्स; प्रो. विनय कुमार पाठक, वाइस-चांसलर, छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी, कानपुर; अनुज श्रीवास्तव, फाउंडर, लिवस्पेस; और अनुराग श्रीवास्तव, फाउंडिंग पार्टनर, जंगल वेंचर्स जैसे जाने-माने व्यक्ति हिस्सा लेंगे। ये सभी भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा दे रहे हैं। भारत के एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम के लिए इस इवेंट की अहमियत बताते हुए टीआईईकॉन यूपी के चेयरमैन श्री संजीव श्रेया ने कहा, टीआईईकॉन यूपी 2026 एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहाँ विचार (आइडिया), नवाचार (इनोवेशन) और निवेश (इन्वेस्टमेंट) मिलकर भारत में एंटरप्रेन्योरशिप का भविष्य तय करते हैं। स्टार्टअप्स, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत की हस्तियों को एक साथ लाकर हम ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं, जहाँ महत्वाकांक्षा को पूरा होने के लिए मौके मिलते हैं और उद्यम अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकते हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और इंडियन आर्म्ड फोर्सेज़ ने नई दिल्ली में भारत रणभूमि दर्शन सफलतापूर्वक पूरा किया

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) भारत रणभूमि दर्शन के लिए ऑफिशियल मोबिलिटी पार्टनर है और इंडियन आर्म्ड फोर्सेज ने भारत की समृद्ध मिलिट्री विरासत, बहादुरी और एकता की हमेशा रहने वाली भावना को ट्रिब्यूट देते हुए देश भर में चलाए गए अभियान को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। समापन समारोह में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, जनरल उपेंद्र द्विवेदी, इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, बीएसएफ, सिविल एडमिनिस्ट्रेशन और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर लीडरशिप टीम सहित इंडियन आर्म्ड फोर्सेज के सीनियर अधिकारी मौजूद थे। टोयोटा हिलक्स गाड़ी से चलाया गया अभियान नई दिल्ली में नेशनल वॉर मेमोरियल पर खत्म हुआ, जो हिम्मत और जुझारूपन का सम्मान करने वाली यात्रा का एक दिल को छू लेने वाला अंत था।यह अभियान 3 फरवरी



को गुजरात के द्वारका से शुरू हुआ था, 23 दिनों में 14 शहरों और 4 राज्यों से होकर गुजरा, जो स्ट्रेटेजिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण इलाकों से होकर गुजरा, और 4,400 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय की। इस सफर में इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, बॉर्डर सिक्योरिटी फ़ोर्स (बीएसएफ) और युद्ध के अनुभवी सैनिकों की 32 लोगों की टुकड़ी शामिल हुई, जिसने आर्म्ड फोर्स के लिए याद में राष्ट्रीय गौरव और सम्मान का एक साझा संदेश दिया।ऑफिशियल मोबिलिटी पार्टनर के तौर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी 15 टोयोटा हिलक्स गाड़ियों के एक ग्रुप के साथ इस सफर में मदद की, जो अपनी मज़बूती, टिकाऊपन और भरोसे के लिए जानी जाती हैं। इससे रेगिस्तान, ऑफ-रोड हिस्सों और मुश्किल रास्तों सहित अलग-अलग इलाकों में आसानी से चलने-फिरने में मदद मिली। टोयोटा हिलक्स गाड़ियों ने पूरी यात्रा में एक जैसा परफॉर्मेंस दिया, जो एडवांस्ड 4×4 ऑफ-रोड क्षमता से पॉवर्ड था। इसके अलावा, टीकेएम ने स्पेयर पार्ट्स और ऑन-ग्राउंड टेक्निकल मदद सहित पूरी एंड-टू-एंड सर्विस सपोर्ट दिया, जिससे पूरे रास्ते में आसान ड्राइव सुनिश्चित हुई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट- कॉर्पोरेट अफेयर्स एंड गवर्नेंस श्री विक्रम गुलाटी ने कहा, भारत रणभूमि दर्शन का सफलतापूर्वक पूरा होना हमारे आर्म्ड फोर्सेज के जबरदस्त जोश को एक ट्रिब्यूट है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के लिए इस शानदार इनिशिएटिव के साथ कोलेबोरेट करना बहुत गर्व की बात है। इस एक्सपीडिशन के लिए मोबिलिटी पार्टनर के तौर पर टीकेएम की हिलक्स गाड़ियों ने पूरे सफर में शानदार ऑल-टेरेन कैपेबिलिटी दिखाई, जिससे मुश्किल जगहों पर बिना रुके आगे बढ़ सके और कुर्बानी व हिम्मत की कहानियों को सम्मान देने और शेयर करने के लिए कम्युनिटी के साथ अच्छी तरह से जुड़ने का मौका मिला।

## कृषि मंत्री की दो टूक: किसानों का पैसा रोकने पर लगेगा 12% ब्याज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूसा कृषि मेले में बड़े सुधारों का ऐलान किया। उन्होंने किसानों का पैसा रोकने पर 12% ब्याज, दो लाख करोड़ की खाद सब्सिडी डीबीटी और एमएसपी खरीद एक महीने में करने का प्रस्ताव भी दिया। पूरी खबर पढ़ें। केंद्र सरकार की ओर से कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए कड़े और पारदर्शी सुधारों की बात कही गई है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के आर्थिक हितों से जुड़ा कोई भी समझौता या लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के बकाये को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कृषि मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय देरी को खत्म करने के लिए अपना हिस्सा सीधे किसानों के खातों में भेजने के विकल्प पर काम कर रही है। इसके अलावा, एक बड़े नीतिगत बदलाव का संकेत देते हुए उन्होंने सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खाद (उर्वरक) सब्सिडी को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजने पर विचार करने की बात कही, ताकि वास्तविक अन्नदाता को इसका सीधा फायदा मिल सके। किसानों को फसल का तुरंत दाम दिलाने के उद्देश्य से श्री चौहान ने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की प्रक्रिया मौजूदा तीन महीने के बजाय अधिकतम एक महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए। वहीं, लगभग 75 प्रतिशत छोटे किसानों को मिलने वाले 4 प्रतिशत ब्याज दर वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋणों के वितरण में जीरो देरी सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी। कृषि इनपुट की गुणवत्ता सुधारने के लिए पेस्टिसाइड लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाएगा, जिससे ईमानदार कंपनियों को सहूलियत मिले और नकली उत्पादों पर सख्त रोक लग सके। इसके साथ ही, अनुसंधान और विस्तार के बीच सेतु का काम करने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों को जिले के कृषि रिफॉर्म कमांड सेंटर के रूप में सशक्त किया जाएगा। इस आयोजन में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इन नई नीतियों और तकनीकों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सरकार खरीफ सीजन से पहले, अप्रैल माह से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के तहत वैज्ञानिक सीधे लैब से खेत तक जाकर किसानों को आधुनिक कृषि और नई शोध उपलब्धियों के प्रति जागरूक करेंगे।

## निहार शांति पाठशाला फनवाला द्वारा एस्पीरेशनल जिला बहराइच के 100 आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा को सशक्त बनाने की पहल

**लखनऊ।** निहार शांति पाठशाला फनवाला (एनएसपीएफ), जो मैरिको का प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम है, ने सेसमे वर्कशॉप इंडिया के साथ साझेदारी में उत्तर प्रदेश के एस्पीरेशनल जिला बहराइच में 100 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1,700 से अधिक बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूत किया है। बहराइच जिला नीति आयोग द्वारा चयनित एस्पीरेशनल जिलों में शामिल है, जहां प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा का स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा है।

यह कार्यक्रम बुनियादी पढ़ना-लिखना और गणित (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी FLN) पर केंद्रित है। यह एक समग्र तरीके से काम करता है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सहयोग देना, माता-पिता को जोड़ना और बच्चों की पढ़ाई के स्तर को लगातार बेहतर बनाने के लिए सरकारी प्रणाली के साथ मिलकर काम करना शामिल है। सेसमे वर्कशॉप इंडिया के सहयोग से इस पहल के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और माता-पिता/देखभालकर्ता को प्रशिक्षण



दिया जाता है। इसमें खेल के माध्यम से सीखने वाली सामग्री, कम कनेक्टिविटी पर चलने वाले डिजिटल उपकरणों का उपयोग और समुदाय को जागरूक कर 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है। अब तक इस कार्यक्रम में 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, 100 सहायिकाएं और 1500 माता-पिता/देखभालकर्ता शामिल हो चुके हैं। 100 आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचने पर मैरिको लिमिटेड के चीफ लीगल ऑफिसर और ग्रुप काउंसिल और सीएसआर कमेटी के सेक्रेटरी, अमित भसीन ने कहा, ÷मैरिको का विश्वास है कि बचपन के शुरुआती वर्षों में मजबूत नींव, जीवनभर की सीखने की क्षमता को आकार देती है। निहार शांति पाठशाला फनवाला के माध्यम से हमारा ध्यान ऐसे वातावरण को बनाने पर रहा है, जो बच्चों के बेहतर बचपन के लिए जरूरी लोगों और स्थानों को सशक्त बनाता है। सरकारी प्रणाली के साथ मिलकर और शुरुआती वर्षों में खेल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देकर, हमारा उद्देश्य वंचित समुदायों के बच्चों के लिए लंबे समय तक सकारात्मक और स्थायी प्रभाव पैदा करना है। यह कार्यक्रम बच्चों में स्कूल के लिए जरूरी बुनियादी पढ़ना-लिखना और गणित कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखता है। इसमें खेल आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई गई है, जो नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2022 के अनुरूप है। मुख्य पहल में, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए व्यवस्थित और संरचित प्रशिक्षण, चलो! सेसमे स्ट्रीट ऐप के माध्यम से नवीन और रोचक शिक्षण-सामग्री का उपयोग, कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में बच्चों को रोचक वीडियो के जरिए पढ़ाने के लिए क्लस्टर स्तर पर लगाये गए पिको प्रोजेक्टर का इस्तेमाल शामिल हैं7 इसके अलावा, कार्यक्रम में समुदाय की भागीदारी पर भी विशेष जोर दिया जाता है। इसके तहत सकारात्मक पालन-पोषण सत्र और प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन ECCE) मेलों का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके।

## लाइव टाइम्स के ऑपरेशन गोल्ड ने सोने की शुद्धता में चिंताजनक अनियमितताओं का किया खुलासा

**लखनऊ।** भारत में सोना केवल एक वित्तीय संपत्ति नहीं, बल्कि घरेलू सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत का प्रमुख साधन भी है। सोने के लेन-देन में विश्वास काफी हद तक हॉलमार्क शुद्धता प्रमाणन पर आधारित होता है, जिसका उद्देश्य खरीदारों को यह आश्वस्त करना है कि आभूषण भारत की अनिवार्य हॉलमार्किंग व्यवस्था के तहत निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं। दिलीप सिंह, संस्थापक, सीईओ और एडिटर-इन-चीफ, लाइव टाइम्स ने कहा, 'ऑपरेशन गोल्ड - सबसे बड़ी लूट' केवल एक खुलासा नहीं, बल्कि जनहित में की गई पहल है, जो लाइव टाइम्स की मूल भावना से जुड़ी है। इस नेटवर्क की अवधारणा हमेशा 'पीपल फर्स्ट' रही है—जहां हम नागरिकों के साथ खड़े होकर उनके विश्वास, उनकी बचत और उनकी गरिमा की रक्षा से जुड़े सवाल उठाते हैं। यह जांच हमारी ग्राहक-केंद्रित पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है—ऐसी पत्रकारिता जो सत्ता के इर्द-गिर्द नहीं, बल्कि जनता के इर्द-गिर्द केंद्रित होती है। जब विश्वास पर आधारित बाजार में शुद्धता ही संदिग्ध हो जाए, तो चुप्पी सहमति के समान हो जाती है। 'ऑपरेशन गोल्ड' के माध्यम से हमने उन लाखों अनजाने उपभोक्ताओं की आवाज उठाने का प्रयास किया है, जिनका भरोसा जोखिम में हो सकता है। हमारा उद्देश्य भय पैदा करना नहीं, बल्कि जागरूकता बढ़ाना है, ताकि हर भारतीय खरीदार अपनी मेहनत की कमाई निवेश करने से पहले पारदर्शिता, सत्यापन और जवाबदेही की मांग करे।

लाइव टाइम्स, भारत का पहला ग्लोबल मल्टीकास्ट न्यूज हब, ने अपने अंडरकवर स्टिंग ऑपरेशन 'ऑपरेशन गोल्ड - सबसे बड़ी लूट' के माध्यम से कुछ रिटेल लेन-देन में सोने की शुद्धता के प्रस्तुतीकरण को लेकर गंभीर चिंताएं उजागर की हैं। इस जांच के तहत लाइव टाइम्स की टीम ने चुनिंदा ज्वेलरी काउंटरों पर कई बार जाकर ग्राहकों के रूप में खरीदारी की।

## क्रिकेट सीजन ने मेट्रो शहरों से परे भी टूरिज्म को दिया बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारत में आगामी क्रिकेट सीजन से घरेलू पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है। एयरबीएनबी का नया डाटा दिखाता है कि मैच आयोजित करने वाले मेजबान शहरों के लिए सालाना आधार पर सर्चिंग और बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेष रूप से मेट्रो शहरों से इतर शहरों को लेकर यह ट्रेंड दिख रहा है।

**मेट्रो शहरों से इतर दिख रही मांग**

फरवरी से मई के बीच प्रमुख टूर्नामेंट्स को देखते हुए रांची, तिरुअनंतपुरम, जयपुर और लखनऊ जैसे उभरते केंद्रों में ट्रैवल की मांग निकल रही है। यह दिखाता है कि बड़े खेल टूर्नामेंट किस तरह से भारत में टूरिज्म मैप को नया आकार दे रहे हैं।

एयरबीएनबी के आंतरिक डाटा के मुताबिक, क्रिकेट सीजन के दौरान मैच आयोजित करने वाले कई शहरों को लेकर भारतीय पर्यटकों की सर्चिंग पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। मेट्रो शहरों से इतर अन्य उभरते शहरों में पर्यटन में मजबूत विकास देखने को मिला है। रांची को लेकर सर्चिंग सालाना आधार पर करीब 120 प्रतिशत बढ़ी। तिरुअनंतपुरम को लेकर सालाना आधार पर सर्चिंग 110 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी। जयपुर और लखनऊ को लेकर सर्चिंग सालाना आधार पर क्रमशः 70 और 60 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी। आंकड़े दिखाते हैं कि बड़े आयोजनों से टियर-2 शहरों में पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे भारत के पारंपरिक पर्यटन वाले शहरों से इतर भी लोगों की मांग बढ़ रही है।

**प्रमुख मैच वाले दिनों में और भी उल्लेखनीय उछाल**

मेजबान शहर कोलंबो में भारत बनाम पाकिस्तान मैच वाले वीकेंड (14 से 17 फरवरी, 2026) के दौरान भारतीयों द्वारा ठहरने के लिए 325 प्रतिशत ज्यादा सर्चिंग देखी गई।

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट पशु विकास दिवस के माध्यम से 'सर्वोत्तम सेवा' में अग्रणी, 1.55 लाख ग्रामीणों पर उत्पन्न किया सकारात्मक प्रभाव



**लखनऊ।** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को अपनी प्रमुख पशु कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका पहल, पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। 'सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति' की थीम पर आधारित इस पहल ने पशुओं के स्वास्थ्य, परिवार के कल्याण एवं स्थायी प्रगति को बढ़ावा देकर समग्र ग्रामीण विकास के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया।2014 में लॉन्च किया गया पशु विकास दिवस पशु मालिकों को निःशुल्क वेटेरीनेरी सेवाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनकी स्वास्थ्यसेवा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करता है। पिछले सालों के दौरान यह पहल देश के सबसे बड़े एक दिवसीय पशु कल्याण प्रोग्रामों में से एक के रूप में उभरी है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 1.55 लाख से अधिक ज़िंदगियों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया है, जिसके तहत तकरीबन 1.4 लाख पशुओं का इलाज किया गया, 14,000 से अधिक लोगों को स्वास्थ्यसेवाओं में सहयोग दिया गया, इससे 30,000 से अधिक परिवारों को लाभ हुआ।

इस पहल का संचालन 16 राज्यों में 510 एसएमएफजी ग्रामशक्ति शाखाओं में किया गया, जो ग्रामीण भारत में कंपनी की गहरी पहुंच को दर्शाता है।इस पहल के सफल समापन पर बात करते हुए श्री रवि नारायणन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ़ एक्ज़िक्टिव ऑफिसर, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ''सर्वोत्तम सेवा सर्वोच्च मानकों की सेवाएं उपलब्ध कराने के बारे में है- जहां सहानुभूति के साथ प्रभाव और इरादे का संयोजन गहरा प्रभाव उत्पन्न करता है। ग्रामीण भारत में पशुओं का स्वास्थ्य, परिवारों की सुरक्षा और आर्थिक प्रगति एक दूसरे के साथ गहराई से जुड़े हैं। पशु विकास दिवस पशुओं की देखभाल, आजीविका के सशक्तीकरण और समुदायों के कल्याण को समर्थन देकर इस सिस्टम को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल के ज़रिए हमारा उद्देश्य ऐसे स्थायी परिणामों का निर्माण करना है जो किसान के परिवार को सशक्त बनाएं और बुनियादी स्तर पर समावेशी विकास को बढ़ावा दें।''

## अनिल अंबानी का 3716 करोड़ रुपये का मुंबई स्थित घर एबोड कुर्क

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुंबई के पॉश इलाके में स्थित उनके आलीशान घर एबोड को कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई वित्तीय जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है और कॉर्पोरेट जगत के लिए एक बड़ा घटनाक्रम है।

**साउथ सिनेमा**

यह जब्ती धन शोधन निवारण अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत एक अनंतिम आदेश जारी करके की गई है।

लोकेशन और खासियतः ईडी द्वारा कुर्क की गई यह बहुमंजिला संपत्ति मुंबई के प्रतिष्ठित पाली हिल इलाके में स्थित है। एबोड नामक यह बेहद आलीशान घर 66 मीटर ऊंचा है और इसमें 17 मंजिलें हैं।

संपत्ति की कीमतः आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की है कि कुर्क की गई इस एकल संपत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये आंका गया है।

ईडी की यह बड़ी कार्रवाई अनिल अंबानी की समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े एक कथित बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच का सीधा परिणाम है। इस नवीनतम आदेश के साथ ही, इस हाई-प्रोफाइल बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य अब लगभग 15,700 करोड़ रुपये के भारी-भरकम आंकड़े तक पहुंच गया है।

# होली-ईद के मद्देनजर मंडलायुक्त और डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

- धर्मगुरुओं तथा संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश
- सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए चौकस, अवैध शराब, पशु तस्करी पर लगाएं अंकुश : अनिल ढींगरा
- होलिका दहन एवं ईदगाहों का भ्रमण का सामंजस्य स्थापित करें : एस चनप्पा


पुलिस लाइन में त्योहारों के मद्देनजर समीक्षा बैठक करते कमिश्नर

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं डीआईजी एस चनप्पा की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में आगामी त्योहारों होलिका दहन, होली एवं ईद-उल-फितर को सकुशल, शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंडलायुक्त ने सभी उपजिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे सभी होलिका दहन स्थलों एवं ईदगाहों का संयुक्त भ्रमण सुनिश्चित करें। साथ ही विभिन्न धर्मों एवं समुदायों के धर्मगुरुओं तथा संभ्रांत नागरिकों के साथ समय से बैठक कर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने त्योहारों के मद्देनज़र अवैध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। जनपद के सीमावर्ती (बॉर्डर) क्षेत्र होने के कारण इसे अतिसंवेदनशील बताते हुए गौ-तस्करी एवं कच्ची शराब की बिक्री पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। चिन्हित बार्डर एरिया में व्यापक सुरक्षा प्रबंध एवं आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए।मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में कच्ची शराब अथवा एक्सपायरी डेट की मदिरा की बिक्री न होने पाए। यदि ऐसी गतिविधियां पाई गई तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम, सीओ एवं एसएचओ को आबकारी विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर मदिरा की दुकानों की चेकिंग, स्टॉक का सत्यापन एवं रजिस्टर से मिलान करने के निर्देश दिए गए। सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने तथा कच्ची शराब की भट्ठियों को तत्काल नष्ट करने को कहा गया। त्योहारों के दौरान किसी प्रकार के धरना-प्रदर्शन न होने देने, आवश्यकतानुसार चालान करने तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैरियर लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाने, डीआरवी वाहनों को चिन्हित स्थलों पर तैनात रखने एवं अधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दृष्टिगत किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु तत्काल कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए, जिसमें सभी आवश्यक विभागों की संयुक्त ड्यूटी लगाई जाए। स्वास्थ्य विभाग से एमओआईसी स्तर के अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित करने, पीएचसी एवं सीएचसी में चिकित्सकों व स्टाफ की ड्यूटी लगाने, दवाओं एवं बेड की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। नगर निकायों को ईदगाहों, चौराहों एवं प्रमुख स्थलों की साफ-सफाई तथा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को लटकते तारों एवं जर्जर पोल की जांच कराने को कहा गया।

### युवा वर्ग पर विशेष ध्यान दें, उपद्रवी को करें पाबंद

मंडलायुक्त ने नई उम्र के युवकों, बिना नंबर प्लेट वाहनों तथा उपद्रव की आशंका वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए, साथ ही आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान न करने की हिदायत दी। जुलूसों की पूर्व जांच, डीजे निर्धारित डेसीबल सीमा में बजाने तथा पिछले पांच वर्षों की घटनाओं का रिकॉर्ड खंगालकर संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक धाराओं में पाबंद करने को कहा गया। एलआईयू अधिकारियों को भी क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।

### कर्मचारियों को सोशल मीडिया पर रील पोस्ट न करने की हिदायत

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मर्यादित आचरण बनाए रखने तथा सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की रील या वीडियो पोस्ट न करने की हिदायत दी गई। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में की गई कार्रवाई की जानकारी दी। बताया गया कि सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की जा चुकी है, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी की जा रही है तथा बार्डर एरिया में चेक पोस्ट स्थापित कर दिए गए हैं।

## सोशल मीडिया के दौर में समय निकालकर मां-बाप के पास बैठिए, इनका अनुभव पुस्तकालय से कम नहीं : प्रदीप



**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** स्थानीय कस्बे श्री मुरलीधर भागवत लाला पीजी कालेज में चल रहे सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन बुधवार को नालंदा इंटरनेशनल स्कूल का भ्रमण किया और बच्चों को जागरूक किया गया।

तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव ने 'बदलते नैतिक और सामाजिक मूल्य के संदर्भ में परिवार की भूमिका' विषय पर बोलते हुए कहा कि हमारे अभिभावक वह धन है जिसे किसी भी सांसारिक धन से नहीं खरीदा जा सकता है। मै आज जो कुछ भी हूं अपने माता-पिता से प्राप्त संस्कारों की देन है। आपका सुझाव था कि समय बदल रहा है लेकिन सोशल मीडिया के दौर में भी समय निकालकर अपने माता पिता के साथ बैठिए। अभी उनके पास जो अनुभव है उसे पुस्तकालय से नहीं सीखा जा सकता है। प्राचार्य डॉ अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि मूल्यों के विरेचन के संदर्भ में परिवार की भूमिका पर चर्चा करनी पड़ रही है तो हमें यह समझ जाना चाहिए कि हम मूल्यों में गिरावट के दौर में जी रहे हैं। आपने सहारा श्री के जीवन के संस्मरण सुनाते हुए बताया कि परिवार की भूमिका हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है। आज हम चांद पर पहुंच गए हैं सोशल मीडिया के माध्यम से देश और दुनिया से जुड़ रहे हैं किंतु सगे भाई और बहन से बोलचाल बंद है।

## बालक से दुष्कर्म व हत्या करने वाले चाचा को पुलिस ने दबोचा

- हत्या के दिन से ही फरार चल रहा था आरोपी पिंटू
- जटहां बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम हिरनही बिन टोली का मामला


पुलिस गिरफ्त में आरोपी पिंटू

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम हिरनही बिन टोली में बीते 23 फरवरी को एक सात वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने बाद हत्या कर फरार चल रहे चाचा को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने वारदात को स्वीकार किया। पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

अभियुक्त पिंटू उर्फ कोयल निवासी उपरोक्त द्वारा पूछताछ के दौरान यह बताया गया कि अभियुक्त की पत्नी काफी दिनो से अपने मायके में रह रही थी। जिस कारण उसने मन में काम-वासना की इच्छा जागृत हुई, चूंकि मृतक अंकुश उम्र करीब 07 वर्ष उसके परिवार का ही लड़का था इसी बात का फायदा उठाते हुए अभियुक्त ने उसे पैसे आदि का लालच देकर घटनास्थल पर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक रूप से दुष्कर्म किया। इस दौरान अभियुक्त पिंटू उर्फ कोयल के द्वारा अपने बनियान से मृतक अंकुश का मुंह व नाक दबाकर हत्या कर दिया और इस बात का किसी को पता न चल सके इस लिए शव को थोड़ी दूर खैरा माई स्थान के पास बखार में छिपा दिया था। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये थे। जिसके क्रम में 25 फरवरी 2026 बुधवार को उक्त घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त पिन्टू उर्फ कोयल पुत्र विशुनी निषाद निवासी हिरनही बिन टोली थाना जटहा बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 5 (j)(iv)/6 व 5M/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया।

## रामकोला चीनी मिल 20 फरवरी तक गन्ना किसानों का भुगतान किया

**अवधनामा संवाददाता**

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला द्वारा किसानों को समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन द्वारा 14 फरवरी से 20 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया गया है। जनपद में सर्वप्रथम पेराई कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ समय पर भुगतान कर मिल ने अपनी कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट परंपरा को एक बार फिर सिद्ध किया है।

प्रधान प्रबंधक श्री यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत उक्त अवधि में खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 15 करोड़ 38 लाख रुपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल प्रबंधन का सतत प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान प्राप्त हो, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को केवल ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसान भाई अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे CO-0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने तथा भूमि की उर्वरता एवं फसल सुरक्षा के लिए ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग करने की सलाह दी। प्रेस वार्ता के अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 5940 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

- नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए जिले को 6 जोन व 22 सेक्टरों में बांट गया है

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच 194 केंद्रों पर संपन्न हो रही है। बुधवार को हाईस्कूल व इंटर मीडिएट कि परीक्षा में दोनों पालियों में 5940 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का समाचार नही प्राप्त हुआ था।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल विज्ञान विषय में कुल 58,301 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 54,838 उपस्थित हुए। अनुपस्थित परीक्षार्थियों में 2111 बालक और 1352 बालिकाएं शामिल है। इस तरह से हाई स्कूल में विज्ञान में 3463 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में ही इंटर संगीत गायन में मात्र 02 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से दोनों अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली रसायन विज्ञान इंटर में कुल 32998 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें बालक वर्ग से 17325 और बालिका वर्ग से 13941 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि बालक वर्ग से 1231 और बालिका वर्ग से 501 अनुपस्थित रहे। इस तरह से इंटर समाज शास्त्र में 9875 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 743 परीक्षार्थी अनुपस्थि रहे।

परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 22 सेक्टर में बांटा गया है। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित है। इसे सभी केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों से जोड़ दिया गया है।

इसके अलावा सभी केंद्रों पर परीक्षक तैनात करने के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण गुप्ता ने बताया कि प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के रखने के लिए स्ट्रांग रूम एवं उनके सीलिंग व पैकिंग रूम में वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे एवं रिकॉर्डिंग के लिए डीवीआर लगाए गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों की वेब कास्टिंग के जरिए मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

## निर्धन परिवार के बेटी की शादी में 'उड़ान वेलफेयर सोसाइटी' बना सहारा


गरीब परिवार के बेटी की शादी में सहयोग करने जाते सोसाइटी के सदस्य

- राशन व आर्थिक सहयोग से बढ़ाया हौसला, स्थानीय लोगों ने की सराहना

**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** समाज में जहां एक ओर लोग अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यस्त हैं, वहीं सामाजिक सरोकारों को जीवंत रखने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में उड़ान वेलफेयर सोसाइटी ने एक बार फिर मानवता और सहयोग की मिसाल पेश की है। सोसाइटी के सदस्यों ने सलेमगढ़ निवासी एक अत्यंत निर्धन परिवार की बेटी के विवाह में महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग प्रदान कर न केवल परिवार की चिंता कम की, बल्कि समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलेमगढ़ क्षेत्र का एक गरीब परिवार अपनी पुत्री के विवाह की तैयारियों को लेकर गंभीर आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। विवाह की तिथि नजदीक आने के बावजूद आवश्यक संसाधनों का अभाव परिवार के लिए चिंता का कारण बना हुआ था। जैसे ही इस स्थिति की जानकारी उड़ान वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को मिली, उन्होंने तुरंत बैठक कर सहायता का निर्णय लिया। सोसाइटी के सदस्यों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि एकत्रित की तथा विवाह के लिए आवश्यक राशन सामग्री, खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी वस्तुएं उपलब्ध कराई। इस सहयोग से परिवार को बड़ी राहत मिली और विवाह की तैयारियां सुचारु रूप से आगे बढ़ सकीं। इस अवसर पर सोसाइटी के संस्थापक मुकुल शर्मा, सह-संस्थापक रितेश ठाकुर, राजन वर्मा एवं टीम के सदस्य रवि गौतम, विकास वर्मा, संदीप यादव, सतीश गुप्ता, प्रिंस ठाकुर, अभिषेक पटेल, आकाश पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सामाजिक एकजुटता और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। स्थानीय लोगों ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक संगठनों की पहल से जरूरतमंद परिवारों को संबल मिलता है और समाज में आपसी सहयोग व संवेदना की भावना मजबूत होती है।

## कांग्रेसियों ने सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों के साथ हो रही कथित प्रताड़ना के विरोध में जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार असहमति की आवाज़ों को दबाने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रही है। जो भी व्यक्ति या संस्था सरकार की नीतियों पर सवाल उठाती है उसे प्रताड़ना और दमन का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में सनातन परंपरा के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक पद पर आसीन शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मौनी अमावस्या जैसे पवित्र अवसर पर शंकराचार्य जी एवं उनके शिष्यों को स्नान से रोका जाना बटुकों की चोटी खींचकर अपमानित करना तथा थाने ले जाकर प्रताड़ित किया जाना अत्यंत निंदनीय है। इसके उपरांत शंकराचार्य जी उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित अन्य सनातनी संतो के विरुद्ध यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज कराना पूरे प्रकरण को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। सिंघल ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के स्वशासन का अधिकार सुनिश्चित करते हैं। शंकराचार्य पद की गरिमा को ठेस पहुँचाना संविधान एवं सनातन संस्कृति दोनों का अपमान है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा धार्मिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन कार्यक्रम में विजय पासी रामदत्त यादव अनिल सिंह मतीन वीरेंद्र मिश्र अर्जुन पासी शत्रुहन सिंह सवीना शुभम सिंह ममता पाण्डेय किरन देवी सर्वेश सिंह रामलखन शुक्ला सदाशिव यादव श्रद्धा सिंह अशोक शुक्ला राम प्रसाद गुप्ता सुनील सिंह अरविन्द चतुर्वेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री का जनपद भ्रमण आज

**अमेठी।** जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 26 फरवरी गुरूवार को प्रस्तावित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री का आगमन 09:30 बजे सिंहपुर में होगा जहॉ हर घर नल जल योजनान्तर्गत पानी की टंकी पिंडारा परेरा सिंहपुर व 10:05 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर एवं 10:40 बजे कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर तथा 11:15 बजे पशु आश्रय स्थल गुन्नौर मुसाफिरखाना का निरीक्षण करेंगे। उसके उपरान्त 12:15 बजे प्रभारी मंत्री जनपद अमेठी में गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं से भेंटवार्ता करेंगे तदोपरान्त 14:30 बजे विकास भवन गौरीगंज में आयोजित विकास कार्यक्रमों परियोजनाओं तथा कानून व्यवस्था सम्बन्धित जिला स्तरीय बैठक एवं 16 बजे जनप्रतिनिधियों तथा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कोर कमेटी की बैठक में सम्मिलित होंगे तदोपरान्त 17 बजे जनपद अमेठी से जनपद बाराबंकी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## संस्कार ही मानव जीवन का आभूषण



**अमेठी।** नगर स्थित रानी सुषमा देवी महिला पीजी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन लक्ष्य गीत एवं संकल्प गीत गाकर शिविर का प्रारंभ किया। प्राचार्या डॉ पूनम सिंह के दिशा निर्देशन में शिविरार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ- सफाई करके संकल्प लिया कि वे सदैव अपने महाविद्यालय को स्वच्छ और साफ रखेंगे साथ ही छात्राओं को भी साफ- सफाई के लिए प्रेरित करेंगे। इसके उपरांत बौद्धिक कार्यक्रम हेतु मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत माध्यमिक विद्यालय देवी पाटन से डॉ नीलम तिवारी उपस्थित हुई। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना को प्रभावशाली बनाने हेतु स्वयं की शक्ति को पहचानने तथा सदाचार और संस्कार पूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि संस्कार ही मानव जीवन का आभूषण है बिना संस्कार के मानव उसी प्रकार है जैसे जल बिन मछली और अपने भारत की गौरवशाली परंपरा नारी सशक्तिकरण के प्रति भी शिविरार्थियों को जागरूक किया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजर शुकुल अंतर्गत तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलो की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान दोनो की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के जैनबगंज बाजार के पास बुधवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाईकों के परखच्चे उड़ गए और दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस घायलो को लेकर सीएचसी पहुंची जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अलाउद्दीन उम्र 25 वर्ष पुत्र अजीज निवासी शाहपुर किशनी और योगेंद्र सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी पुरे जबर बाहरपुर के रूप में हुई। पुलिस मामले में कार्रवाई करने में जुटी है।

## बीकानेर हत्याकांड को लेकर दिया गया ज्ञापन

**अमेठी।** राजस्थान के बीकानेर जिले के ग्राम रणजीतपुरा में परीक्षा देने गई 13 वर्षीय छात्रा कुमारी वसुंधरा सैन के साथ हुए दुष्कर्म एवं निर्मम हत्या की घटना के विरोध में महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की प्रांतीय कमेटी द्वारा जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से राजस्थान के मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट परिसर में मांगों का बैनर लेकर पहुंचा और घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने ज्ञापन को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया तथा प्रशासन से अनुरोध किया कि इसे शीघ्र राजस्थान सरकार तक प्रेषित किया।

## उत्साह से मनाया गया ब्राइट एजुकेशनल एकेडमी का वार्षिकोत्सव, विधायक ने बढाया छात्रों का हौसला, मेधावी हुए पुरस्कृत



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** विद्यालयों के वार्षिकोत्सव छात्रों के लिये बड़ा अवसर है। इससे उन्हें सभ्यता, संस्कृति और समाज का गहरा ज्ञान होता है। यह विचार विधायक कविंद्र चौधरी 'अतुल' ने गौर विकासखंड अंतर्गत करमिया वसंत लाल जलेबीगंज स्थित ब्राइट एजुकेशनल एकेडमी में वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। उन्होने मेधावी छात्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय के प्रबंधक गोविन्द कुमार ने अतिथियों, अभिभावकों का स्वागत करते हुये कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के लिए विशाल मैदान की व्यवस्था है। साथ ही विद्यार्थियों की अंग्रेजी बोलने की क्षमता विकसित करने के लिए विशेष इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। बताया कि विद्यालय निरंतर बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं आधुनिक शिक्षा की ओर प्रेरित कर रहा है।आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाा गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये वरिष्ठ समाजसेवी ई0 वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व की जानकारी दी। कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। शिक्षक महासभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष रमेशकर पाठक ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। वार्षिक उत्सव में रीमा वर्मा, अंशु वर्मा, सनी चौहान, आशी यादव, चंदन, खुशी जयसवाल और दिव्या दुबे सहित कई छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

बच्चों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मनु शुक्ला, प्रतिमा शुक्ला, रोशनी यादव, दया शंकर, साक्षी सिंह, खुशी सिंह, मालती गुप्ता, दुर्गेश राज, सपना गुप्ता सहित अनेक अभिभावक, शिक्षक और नागरिक उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा मानको की अनदेखी करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी : आयुक्त



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती ।** सड़क सुरक्षा मानको की अनदेखी करने वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी। आयुक्त सभागार में आयोजित मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उक्त निर्देश मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने दिया। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि दुर्घटनाओं में कमी लायी जाय। इसके लिए मण्डलीय सुरक्षा समिति गाइडलाईन के अनुरूप विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए जनहित में कार्य संपादित करें।

बैठक में परियोजना निदेशक एन.एच.आई. ने बताया कि मुख्यालय स्तर से ओवर स्पीड कैमरा लगाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है, जिसे फरवरी 2026 के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेंगा। एटीएमएस/ कैमरा इंस्टालेशन का कार्य संवेदक द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके निमित्त जरूरी उपकरणों की क्रय किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ है। मण्डलायुक्त के निर्देश के क्रम में सांकेतिक बोर्ड स्थापित कराये गये है, जो दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में स्थापित है।

यातायात निरीक्षक अवधेश तिवारी ने बताया कि बडेवन पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने तथा हाईमास्ट क्रियाशील न होने के कारण वाहनों के आवागमन में असुविधा उत्पन्न हो रही है। इस संदर्भ में एन.एच.आई. के निदेशक द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही प्रकाश व्यवस्था संचालित करा दिया जायेंगा। मण्डलायुक्त के निर्देश के क्रम में एआरटीओ प्रर्वतन ने बताया कि वाहनों की फीटनेश, लाईसेंश की वैधता तथा ड्रिंकर चालको की गहनता से चेंकिंग की जा रही है तथा संबंधित प्रकरण में त्वरित कार्यवाही भी की जा रही है। जनपद में गुड सेमेरिटन के रूप में कार्यरत प्रमोद ओझा ने बताया कि छावनी के पास रामरेखा पुल की रेलिंग टूटी हुयी है, जो दुर्घटना का सबब बनी हुयी है। इसे तुरन्त ठीक कराया जाना आवश्यक है। ए.एन.एच.आई. के पास नये वाहन दुर्घटना की स्थिति में मौजूद है परन्तु गैस कटर सहित अन्य उपकरणों की कमी है। जिसे आपातकालीन स्थिति में दुर्घटना के दौरान घायलों की सहायता की जा सकें। बैठक का संचालन आरटीओ प्रर्वतन बस्ती मण्डल सुरेश कुमार मौर्या ने किया। इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती राजीव निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी संतकबीर नगर, आरटीओ फरीउद्दीन, सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुमार शुक्ल, सीओ सत्येन्द्र भूषण तिवारी, गुड सेमेरिटन सदस्य प्रमोद ओझा सहित संबंधित मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

■ मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई जनगणना की व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** भारत की जनगणना-2027 के प्रारम्भिक तैयारियो, जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जनगणना निदेशालय लखनऊ के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद चार्ज अधिकारियों, जनगणना लिपिक/जनगणना सहायकों को व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी उप निदेशक जनगणना अश्वनी दीक्षित व जिला प्रभारी जनगणना बहराइच अमन श्रीवास्तव ने भारत की जनगणना-2027 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करें। प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही तरीके से संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे जनगणना कार्य को टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कर जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में लाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जनगणना लिपिक/जनगणना सहायकों सहित एसडीएम, तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, एलडीएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाबदर अभियुक्त को 3 माह के लिए जिले की सीमा से बाहर छोड़ा

**टूंडला।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा शातिर जिलाबदर अभियुक्त हरी सिंह उर्फ हरिया पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम कोटकी थाना पचोखरा को बाद तामील नोटिस कराकर 03 माह के लिए जिलाबदर कर जनपदीय सीमा बॉर्डर से बाहर जनपद आगरा की सीमा में छोड़ा गया है। थानाध्यक्ष अमित तोमर ने बताया कि जिलाबदर की अवधि के दौरान अगर अभियुक्त जनपद फिरोजाबाद की सीमा में पाया जाता है तो कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# प्रदेश में औद्योगिक विकास केंद्र एवं निर्यात हब हो रहे है विकसित

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** औद्योगिक विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा अर्थव्यवस्था में विनिर्माण, खनन और उत्पादन गतिविधियों का विस्तार व आधुनिकीकरण होता है। उद्योगों से कच्चे माल को तैयार उत्पादों में बदलकर आर्थिक वृद्धि तकनीकी नवाचार, रोजगार सृजन और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होता है। औद्योगिक विकास का मुख्य लक्ष्य आर्थिक गतिविधियों में विविधता लाना, उत्पादकता बढ़ाना और तकनीकी प्रगति करना है। भारत में यह नीतिगत सुधारों और बुनियादी ढाँचें में निवेश के माध्यम से जी0डी0पी0 को बढ़ाने वाला मुख्य आधार है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये है। उत्तर प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए औद्योगिक हित में जारी नीतियों के कारण ही प्रदेश में तेजी से उद्यमी निवेश करते हुए विभिन्न उद्योग स्थापित कर रहे है। निवेश को सुगम बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेक औद्योगिक विकास केंद्र एवं निर्यात हब विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में सेमीकंडक्टर पार्क तथा डाटा सेंटर पार्क के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (मैक्ड) क्लस्टर सम्मिलित हैं।

अन्य प्रमुख प्रस्तावित परियोजनाओं में पी0एम0 मित्र योजना के अंतर्गत लखनऊ, हरदोई में एक मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क तथा हरदोई-कानपुर में एक मेगा लेदर क्लस्टर का विकास किया जा रहा है। प्रदेश के ग्रेटर नोएडा निवेश क्षेत्र भी निवेश के अनेक अवसरों से परिपूर्ण है, जिसमें एक विमान हब, एमआरओ-कार्गो कॉम्प्लेक्स, दादरी में एक मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब, बोराकी में मल्टी-मोडल परिवहन हब, मेडिकल डिवाइस पार्क तथा एक फिल्म सिटी जैसी परियोजनाएं सम्मिलित हैं।

# शंकराचार्य के अपमान पर कांग्रेस सख्त, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

■ 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो सुल्तानपुर से लखनऊ तक होगा आंदोलन: शकील

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ कथित दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के मामले को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर कांग्रेस नेताओं ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह मामला केवल एक संत का नहीं, बल्कि सनातन परंपरा और करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। माघ मास जैसे पावन अवसर पर शंकराचार्य जी को स्नान से वंचित किया जाना धार्मिक अधिकारों का खुला हनन बताया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा कथित दुर्व्यवहार और झूठे मुकदमे दर्ज कर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि गैर-भाजपा शासित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की स्वतंत्र समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा आरोपित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कठोर कार्रवाई की जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने दो टूक कहा कि संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। 15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो सुल्तानपुर से लखनऊ तक निर्णायक आंदोलन होगा। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि धर्मगुरुओं के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा, सरकार तुरंत कार्रवाई करे। सलाहुद्दीन हाशमी ने कहा कि संत समाज का अपमान देश की आस्था पर चोट है, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। जफर खान ने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो यह आंदोलन जनआंदोलन बनेगा और जवाब सड़कों पर दिया जाएगा। राजेश तिवारी ने कहा कि माघ मास में धार्मिक अधिकारों का हनन लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, जिम्मेदार अधिकारियों को हटाया जाए। रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि संतों के सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी। हौशिला भीम ने कहा कि सत्ता के दबाव से आस्था को नहीं दबाया जा सकता, कार्रवाई नहीं हुई तो आर-पार की लड़ाई होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं की गई तो चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस मौके पर अतहर नवाब,राम किशोर, असलम अंसारी, हाजी फिरोज, विकास मिश्रा, मो मंसूर, अजय मिश्रा, दिनेश तिवारी, मोहसिन सलीम, इकराम खान, अवधेश गौतम, विनय कुमार, महेश सिंह, आलोक पाण्डेय, जनेश्वर उपाध्याय, अखंड मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में ज्ञानोदय कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** जनपद में मंगलवार को विकासखंड भावलखेड़ा के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बादशाह नगर में ज्ञानोदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के वेस्ट मटेरियल से मॉडल बनाए गए एवं प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय कुमार मिश्रा ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ज्ञानोदय मेले का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक अजय कुमार माथुर ने ज्ञानोदय की भूमिका में बेस्ट मटेरियल से विभिन्न प्रकार के मॉडलों का निर्माण एवं प्रभावी उपयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा निर्मित मॉडलों एवं विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री के लिए बच्चों व स्टाफ की सराहना की। मॉडलों के संबंध में बच्चों से बातचीत की।बच्चों से उन मॉडलों की कार्य विधि पर चर्चा की। उन्होंने कहा बच्चे स्वयं करके बहुत कुछ सीखते हैं और वह ज्ञान बच्चों को बहुत ऊंचाइयों तक ले जाता है। पर्यावरण संबंधी, जल चक्र, लाभदायक व हानिकारक भोजन व विभिन्न प्रकार के मॉडलों पर चर्चा की। कार्यक्रम में दिनेश गंगवार, सर्वेश कुमार, सर्वेश नरवाल, रश्मि रानी सहित कई लोग गांव के उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य मामले में शाहजहांपुर के व्यक्ति ने किया खुलासा

■ बोला लालच देकर मेरी बेटी से आशुतोष पांडे लगवाना चाहते थे दुष्कर्म का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के एक व्यक्ति ने मीडिया के सामने आकर शंकराचार्य अभिमुक्तेश्वरानंद दुष्कर्म मामले में नया खुलासा किया है रमाशंकर नाम के व्यक्ति ने मीडिया के सामने आकर आशुतोष पांडे पर आरोप लगाया है कि आशुतोष पांडे ने पहले उससे फोन पर संपर्क किया और हाल-चाल जाना और उसके बाद उससे कहा कि एक महात्मा बहुत परेशान कर रहा है उसके ऊपर मुकदमा लिखाना है रमाशंकर ने यह भी बताया कि उसे लालच दिया गया और उसकी बेटी के माध्यम से शंकराचार्य पर मुकदमा लिखवाने के लिए कहा गया जिसके लिए वह तैयार नहीं हुआ रामाशंकर के मीडिया के सामने आने के बाद तमाम तरह की चर्चाएं तेज हो गई है बताया जाता है कि रमाशंकर हरदोई जनपद का रहने वाला है जो वर्तमान में शाहजहांपुर में रहता है उधर शंकराचार्य पर मुकदमा लिखाने वाले आशुतोष पांडे भी हरदोई जनपद के रहने वाले हैं यही कारण था कि रमाशंकर और आशुतोष पांडे की जान पहचान थी

और दोनों के बीच बात हुई यह जांच का विषय है कि रमाशंकर की बात में सच्चाई कितनी है लेकिन एकाएक मीडिया के सामने आकर खुलासा करने के बाद तमाम चर्चाएं हो रही हैं पहले से ही विपक्षी दल सपा शंकराचार्य पर झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगा रही थी लेकिन अब रमाशंकर के इस बयान के बाद तमाम सवाल उठने लगे हैं।

## पूर्व एमएलसी ने शंकराचार्य पर लगे आरोपों को बताया निराधार

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के चचेरे भाई समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने शाहजहांपुर में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद पर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत संत समाज को बदनाम करने का प्रयास है। जयेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि जिनके माध्यम से यह लांछन लगाए गए हैं वह व्यक्ति हरदोई जिले का रहने वाला आशुतोष पांडेय है, जिसके खिलाफ पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान एफआईआर की प्रति दिखाते हुए कहा कि जिस समय उस व्यक्ति पर मुकदमे दर्ज हुए थे, उस दौरान उसे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के संरक्षण में संघ भवन में छिपाया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार आशुतोष पांडेय को संरक्षण देकर शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद को बदनाम करने का प्रयास कर रही है।

## चैत्र रामनवमी कार्यक्रम 19 मार्च से 31 मार्च तक

**फिरोजाबाद।** नगर मजिस्ट्रेट-अध्यक्ष, तदर्थ प्रशासनिक, श्री सनातन धर्म रामलीला महोत्सव समिति फिरोजाबाद ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि तदर्थ प्रशासनिक, श्री सनातन धर्म रामलीला महोत्सव समिति फिरोजाबाद द्वारा 01.03.2026, 02.03.2026 व 04.03.2026 तक होलिकोत्सव पर निकाले जाने वाली रथ शोभायात्रायें एवं 19.03.2026 से 31.03.2026 चैत्र रामनवमी कार्यक्रमों में व्यवस्थाओं हेतु प्राप्त कुटेशन तथा 19.03.2026 से 31.03.2026 तक चैत्र रामनवमी-नवदुर्गा मेला महोत्सव में प्राप्त झूले, सॉफ्टी एवं साइकिल स्टैण्ड (हनुमान मंदिर के पीछे व लंका बगीची थाना उत्तर फिरोजाबाद) की नीलामी हेतु प्राप्त आवेदनों को तदर्थ समिति श्री सनातन धर्म रामलीला महोत्सव समिति फिरोजाबाद के समक्ष 25.02.2026 को अपरान्हः 12 बजे खोला जाना था। उक्त कुटेशन खोलने व नीलामी की कार्यवाही अपरिहार्य कारणो से स्थगित की जाती है।

# एक दिवसीय नि:शुल्क वृहद रोज़गार मेले के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में उनके कक्ष में जनपद में आयोजित होने वाली आगामी एक दिवसीय निशुल्क वृहद रोजगार मेले के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और अपर जिलाधिकारी विशु राजा भी उपस्थित रहे, रोजगार समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में 50 से 60 प्रतिष्ठित कंपनियों के सम्मिलित होने का अनुमान है, युवाओं के लिए इस मेले के माध्यम से देश के साथ-साथ विदेशों में भी नौकरी पाने के अवसर उपलब्ध रहेंगे, इसमें कृषि, फार्मेसी, फूड सेक्टर, मार्केटिंग, एल आई सी, मारुति सुजुकी, पुखराज हेल्थ केयर, जेप्टो, ब्लिंकीट और केएफसी जैसी कंपनियां हिस्सा लेंगी, इस मेले में कंप्यूटर ऑपरेटर, अकाउंटेंट, इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर जैसे विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के निर्देशित किया है कि मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक रोजगार युवक और युक्तियां इसका लाभ उठा सके, उन्होंने जोर दिया है कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शी हो और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिले, उन्होंने सभी बेरोजगार युवक और युवतियों का आह्वान किया है, कि मेले में प्रतिभाग करने से पहले रोजगार पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, पंजीकरण के पश्चात ही अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों में साक्षात्कार दे सकेंगे, बैठक में जिला सेवा योजना अधिकारी खुशबु शाक्य उपस्थित रही।

# भाजपा विधान सभा टूंडला नवमनोनीत मंडल अध्यक्षों का किया गया भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**टूण्डला।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा टूण्डला में नव मनोनीत मंडल अध्यक्षों की घोषणा के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिटी प्लाजा व शारदा बैंकट हॉल पर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। टूण्डला नगर अध्यक्ष के रूप में आजाद जैन पचोखरा मंडल अध्यक्ष के रूप में अजीत जुरेल नगला बीच मण्डल अध्यक्ष अजीत कुशवाहा तथा माँ वैष्णों देवी मंडल अध्यक्ष के रूप में नीरश रावत को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान टूंडला भाजपा विधायक प्रेम पाल धनगर ने कहा कि नए मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेज गति से किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में वृंदावन लाल गुप्ता दीपक चौधरी दीपक राजोरिया, रोहित कटियार नीलम दिवाकर जितेंद्र शर्मा विवेक कौशिक नीरज जैन राजेश अग्रवाल आशुतोष गर्ग अनमोल कपूर, हरीश चन्द्राणी संजय परमार अग्रज जैन, ध्रुव प्रशांत शर्मा नरेन्द्र शर्मा सहित समस्त भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी, पूराबाजार-अयोध्या।

पत्रांक : 3420/पंचम/15वां राज्य वित्त आयोग/टेण्डर/2025-26 दिनांक : 24-02-2026

## ::- अल्पकालीन निविदा -::

क्षेत्र पंचायत पूराबाजार अयोध्या में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत से स्वीकृत अनुपूरक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के निम्न विवरणानुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए क्षेत्र पंचायत पूराबाजार में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन शील्ड लिफाफों में निविदाये आंमत्रित की जाती है, जो क्षेत्र पंचायत पूराबाजार कार्यालय में उपलब्ध शील्ड बाक्स में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा दिनांक 11.03.2026 दिन बुधवार को समय 2:00 बजे अपरान्ह डाली जायेगी। निविदा फार्म खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 11.03.2026 दिन बुधवार तक समय 02:00 बजे अपरान्ह तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 11.03.2026 दिन बुधवार को 3.00 बजे खोली जायेगी। उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ही कार्य कराये जायेंगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | स्वीकृत लागत | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मड़ना में सुरेश गौड़ के घर से चन्द्रप्रकाश के घर तक नाली व सड़क निर्माण कार्य। | 15वां (टाइड) | 8.42 | 18000.00 | 02 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत मड़ना में राम किशोर के घर से शिवदास के घर तक नाली व सड़क निर्माण कार्य। | 15वां (टाइड) | 9.20 | 18000.00 | 02 माह |
| 3 | विकास खण्ड कार्यालय प्रथम तल विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य। | पंचम वि0आ0 | 8.51 | 20000.00 | 02 माह |
| 4 | मड़ना तालाब समसेबिल पम्प की स्थापना एवं बोरिंग का कार्य। | 15वां (टाइड) | 1.21 | 3000.00 | 02 माह |
| 5 | ग्राम पचांयत रसड़ा सभाजीत विश्वकर्मा के मशीन से बदरूद्दीन के घर तक ह्यूमपाई नाली एवं इ0ला0 कार्य। | 15वां (टाइड) | 9.21 | 18000.00 | 02 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत रामपुर सर्धा में ढोड़े का पुरवा एवं जुनियर हाई स्कूल के बीच 01 मी0 03मी आर0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वां (टाइड) | 7.56 | 16000.00 | 02 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत सरायरासी में अविचल सिंह के खेत के पास 01 मी0 03मी आर0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वां (टाइड) | 7.56 | 16000.00 | 02 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत मोहसिमपुर में छोटी माइनर से अरविन्द पाण्डेय जी के घर तक इ0ला0 कार्य। | पंचम वित्त आयोग | 6.27 | 13000.00 | 02 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत खानपुर पुरसाये में अमित तिवारी के घर से प्रेम के घर तक इ0ला0 एवं भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 15वां वित्त आ0 (अन्टाइड) | 8.58 | 17000.00 | 02 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत रसूलाबाद आशापुर चन्दई में तिलकराम मौर्या के घर से दुर्गेश के घर तक इ0ला0 नाली निर्माण कार्य। | 15वां वित्त आ0 (अन्टाइड) | 6.39 | 13000.00 | 02 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत रसूलाबाद में हरिशंकर तिवारी के घर से सत्यदेव जयसवाल के घर तक भूमिगत नाली व इ0ला0 कार्य। | 15वां (टाइड) | 9.36 | 20000.00 | 02 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत सरायचैमल में लक्ष्मीदासपुर में रवि प्रकाश राय के घर के पास 01 मी0 03मी आर0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वां (टाइड) | 7.56 | 16000.00 | 02 माह |
| 13 | ग्राम पंचायत सरेठी में धर्मेन्द्र यादव के खेत के पास 01मी0 03मी आर0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वां (टाइड) | 7.56 | 16000.00 | 02 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत मड़ना में पक्की सड़क से राम बहादुर स्मारक स्कूल तक इ0ला नाली निर्माण कार्य। | 15वां (टाइड) | 8.38 | 18000.00 | 02 माह |
| 15 | खण्ड विकास अधिकारी आवास का मरम्मत व सौन्दर्धीकरण कार्य। | पंचम वित्त आयोग | 4.92 | 11000.00 | 02 माह |
| 16 | विकास खण्ड के अन्य ग्राम पचायतों में स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य (जलालुद्दीननगर, रसड़ा, ऐमीआलापुर, पिलखांवा पूराबाजार) | पंचम वित्त आयोग | 8.23 | 17000.00 | 02 माह |
| 17 | विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट स्थापना का कार्य (रसड़ा 30, भदौली 50, ऐमीआलापुर 50 रसूलाबाद 50, कुल (180) | पंचम वित्त आयोग | 9.44 | 20000.00 | 02 माह |
| 18 | विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट स्थापना का कार्य (गंगौली 50 खानपुर 40, पिलखांवा 30, मड़ना 20 हेसा 40), कुल (180) | पंचम वित्त आयोग | 9.44 | 20000.00 | 02 माह |
| 19 | ग्राम पंचायत सरायरासी में अयोध्या अम्बेडकर नगर मार्ग से अजय सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग एवं कर्वड नाली निर्माण कार्य। | 15वां के0वि0 टाइड | 9.16 | 20000.00 | 02 माह |

### नियम एवं शर्तों का विवरण निम्नवत् है:

1. कार्यों की सूची व उनका आगणन विकास खण्ड कार्यालय में दिनांक 11.03.2026 दिन बुधवार तक किसी भी कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02.00 बजे तक देखा जा सकता है।
2. प्रत्येक कालम संख्या 05 में अंकित धरोहर धनराशि परियोजनावार नगद/एन0एस0सी0/एफ0डी0आर के रूप में खण्ड विकास अधिकारी पूराबाजार अयोध्या के पक्ष में बंधक कराते हुए निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कंटिग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा।
5. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा।
6. निविदा पत्र के साथ पंजीकरण की रसीद/प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. खण्ड विकास अधिकारी पूराबाजार को मोल-तोल आधार (Negotition Basis) पर दरें स्वीकृत करने का अधिकार होगा, जो सभी का मान्य होगा।
8. बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा, जो अन्तिम रूप से सभी को मान्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पूराबाजार-अयोध्या।**

# सोनभद्र में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

- खनन कारोबारियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जनपद में बुधवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्लि-मारकुंडी इलाके में खनन कारोबार से जुड़े कई कारोबारियों के प्रतिष्ठानों और आवासों पर एक साथ छापेमारी की। जानकारी के अनुसार कार्रवाई बसपा विधायक उमाशंकर सिंह, अजय सिंह समेत अन्य खनन व्यवसायियों से जुड़े ठिकानों पर की गई। टीमों ने ओबरा नगर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर एक साथ जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आयकर विभाग के अधिकारी दर्जनों लग्जरी वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे। कई वाहनों पर शादी समारोह से जुड़े स्टिकर लगे होने के कारण शुरुआत में लोगों को भ्रम हुआ, लेकिन कुछ ही देर में स्पष्ट हो गया कि यह विभाग की सुनियोजित कार्रवाई है। सूत्रों के अनुसार ओबरा थाना क्षेत्र में कम से कम तीन प्रमुख स्थानों पर छापेमारी की पुष्टि हुई है। इसके अलावा नगर क्षेत्र में भी कई जगहों पर दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों की गहन जांच जारी है। फिलहाल विभाग की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन कार्रवाई से खनन कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय पर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल जी द्वारा विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा नंदलाल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 पंकज राय सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन सड़कों को मार्च माह तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'हर घर नल' योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत आपूर्ति निर्धारित समयानुसार बनाए रखने तथा ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में बाउंड्री वॉल, शौचालय, पेयजल एवं विद्युत जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग से संबंधित बिंदुओं पर भी विस्तार से समीक्षा की गई। दिनांक 01.01.2026 से 15.02.2026 तक भा.दं.वि. के तीन वर्षीय तुलनात्मक अपराध आँकड़ों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। निरोधात्मक कार्यवाही, गोवध से संबंधित प्रकरणों में की गई कार्रवाई, पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध अभियान, खनन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही, उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों की प्रगति, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु प्रभावी, समयबद्ध एवं कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को समन्वय एवं नवाचार के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बार एसोसिएशन मौदहा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)।** बार एसोसिएशन मौदहा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी (वर्ष 2026-27) का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात जनपद न्यायाधीश ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की विधिवत शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने अधिवक्ताओं से न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु ईमानदारी, निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज और न्यायालय के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाते हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर शिवलाल पाल (एडवोकेट), वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवनारायण निषाद (एडवोकेट), महामंत्री विवेक कुमार दीक्षित (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष अफरोज आलम (एडवोकेट), कनिष्ठ उपाध्यक्ष विनय तिवारी (एडवोकेट) एवं राजेंद्र कुमार (एडवोकेट) निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव पद पर अनुज कुमार सिंह (एडवोकेट), अभिषेक निगम (एडवोकेट) तथा राजबहादुर पाल (एडवोकेट) को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि लाइब्रेरियन पद पर मुहम्मद हनीफ (एडवोकेट) चुने गए। समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव, अपर जिला जज, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उपजिलाधिकारी सहित बार एसोसिएशन के अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# उप मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में एमबीबीएस, पीजी एवं अन्य संचालित पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाए जाने की घोषणा की

- उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में यूपीयूएमएस सैफई का स्थापना दिवस सम्पन्न
- कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत उल्लेख किया

**वहाज अली ख़ान (निहाल)**



**इटावा, सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई द्वारा बुधवार 25 फरवरी को विश्वविद्यालय सभागार में स्थापना दिवस 2026 का गरिमामय एवं भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.(डॉ.)अजय सिंह ने की।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ.सीएम सिंह तथा इटावा सदर की विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणमान्य अतिथियों के मंचासीन होने के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगीत, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं जलार्पण समारोह सम्पन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो.(डॉ.)अजय सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं एवं उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रगति की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों, चिकित्सकों एवं कर्मियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ.सी.एम.सिंह को सम्मानित किया गया तथा उन्होंने स्थापना दिवस व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए चिकित्सा शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य, नवाचारों एवं भावी चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने राज्य में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार की नीतियों और प्रयासों की जानकारी दी।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के निकट 250 शैय्या वाले अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना पर विशेष बल दिया

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री, मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं एवं ट्रॉमा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यूपीयूएमएस के समग्र विकास हेतु प्रदेश सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में एमबीबीएस, पीजी एवं अन्य संचालित पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाए जाने की घोषणा की। उन्होंने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के निकट 250 शैय्या वाले अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह केंद्र पूर्ण रूप से यूपीयूएमएस सैफई के अधीन संचालित होगा, जिससे प्रदेश के विभिन्न जनपदों के मरीजों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण आपात चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर जाकर भी मरीज का हाल जाना और वहां जाकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। साथ ही बैंक ऑफ इंडिया एवं यूपीयूएमएस सैफई के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय की स्मारिका एवं न्यूजलेटर का विमोचन भी किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, संकाय सदस्य, चिकित्सक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद हमीरपुर में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी संदीप मालवीय, जिला प्रभारी मेवा लाल, जिला जनगणना अधिकारी राकेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों की समीक्षा की गई। बताया गया कि यह चरण 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक चलेगा। वहीं स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा 7 मई से 21 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। द्वितीय चरण जनसंख्या गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक संपन्न कराई जाएगी। बैठक में गणना क्षेत्रों के सीमांकन, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली पर चर्चा हुई। तहसील व नगर निकाय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कर्मियों को सही व पूर्ण जानकारी दें ताकि आंकड़े विश्वसनीय बन सकें।

## प्रदेश में औद्योगिक विकास को मिल रही नई गति, बन रहे औद्योगिक केंद्र व निर्यात हब

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक नीतियों के माध्यम से निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में सेमीकंडक्टर पार्क, डाटा सेंटर पार्क तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त लखनऊ-हरदोई में टेक्सटाइल पार्क तथा हरदोई-कानपुर में लेदर क्लस्टर प्रस्तावित है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में विमान हब, लॉजिस्टिक हब, मेडिकल डिवाइस पार्क और फिल्म सिटी जैसी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास हेतु बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीड़ा) की स्थापना की गई है, जिससे क्षेत्र में रोजगार एवं आधारभूत ढांचे का विस्तार होगा।

## 27 फरवरी को कुण्डौरा में लगेगा रोजगार मेला

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को ऊँ हरिहर महाविद्यालय कुण्डौरा, हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam. up.gov.in पर पंजीकरण कर अपने शैक्षिक प्रमाणपत्रों सहित मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण न कर पाने वाले अभ्यर्थी सीधे उपस्थित होकर भी भाग ले सकेंगे।

## किसान यूनियन ने निकाली किसान यात्रा, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा बुधवार को किसान पंचायत के बाद किसान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मौदहा गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर कपसा रोड, टिकरी, सिसोलर, सुमेरपुर होते हुए जिला मुख्यालय पहुंची।जिला अध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने बिजली, खाद, सिंचाई एवं फसल मूल्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की।

# चोपन से हरी झंडी के साथ रवाना हुई धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस

- क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयाम

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** चोपन रेलवे स्टेशन पर आज भारतीय रेल की नई त्रि-साप्ताहिक धनबाद भोपाल एक्सप्रेस के शुभारंभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओबरा विधानसभा क्षेत्र के राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड एवं रॉबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद छोटेलाल खरवार बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंडल यातायात प्रबंधक रंजीत कुमार ने अतिथियों को बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि यह नई ट्रेन क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी तथा क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करेगी।धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस(11631) सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को भोपाल से शाम 8:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः 10:20 बजे चोपन पहुंचेगी तथा 10:50 बजे चोपन से धनबाद के लिए रवाना होगी। वहीं, 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार एवं रविवार को धनबाद से सुबह 7:20 बजे चलकर शाम 4:05 बजे चोपन पहुंचेगी तथा 4:25 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी। ट्रेन का रूट भोपाल-इटारसी-कटनी-सिंगरौली-चोपन-धनबाद तथा वापसी में धनबाद-चोपन-सिंगरौली-कटनी-इटारसी-भोपाल रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संजीव त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी,विकास चौबे, नजमुद्दीन, सतीश कुमार, सचिव उमेश कुमार सिंह, मनोज कुमार पासवान, कपिल कुमार, राकेश चौरसिया, स्टेशन प्रबंधक चोपन धीरेंद्र कुमार सहित एच.आर. मिश्रा, कनक ओझा, वी.के. द्विवेदी, आर.बी. पाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक व मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

## कराये गये वृक्षारोपण की फोटोयुक्त आख्या प्रेषित करें: अनुनय झा

**हरदोई।** जिला वृक्षारोपण, जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेऊट में आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विगत माह कराये गये वृक्षारोपण की फोटोयुक्त आख्या प्रेषित करें। उन्होने की पंचायत विभाग गंगा किनारे गांवों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई करायें और लोगों को स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करायें तथा पर्यावरण विभाग के अधिकारी जिन क्षेत्रों में मिलो आदि माध्यम से गंदा पानी गोमती व अन्य नदियों में जाता है उन्हें चिन्हित करें और गंदा पानी रोकने के सोख्या आदि की व्यवस्था कराये।

जिलाधिकारी ने कहा कि अवशेष प्रबन्धन निस्तारण एवं खुले नाली, नालियों को ढकने के संबंध में नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जायेगी और नियमित जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।

# संवाद सेतु का भव्य शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार मे जनपद में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय व संवाद को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था का समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस पायलट प्रोजेक्ट का विधिवत शुभारंभ किया। इस इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जनप्रतिनिधियों व पत्रकार बन्धुओं की उपस्थिति में संपन्न किया गया। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट का आगाज़ हरदोई, गाजियाबाद और कन्नौज के साथ प्रदेश के पहले चरण में शामिल किया गया है। मंत्री जी ने इस प्रोजेक्ट के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ होने वाले संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। इस नई व्यवस्था के तहत अब हरदोई में एक प्रभावी कमांड सेंटर सक्रियता से कार्य करेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यदि किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव नहीं की जाती है, तो उसे अनिवार्य रूप से कॉल बैक किया जाए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था सरकारी कार्य दिवसों और कार्यालय समय में सीयूजी नम्बर पर पूरी पारदर्शिता के साथ लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन और त्वरित संवाद करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने वालों की कार्यवाही की जाएगी। डीएम अनुनय झा ने विश्वास जताया कि इस पहल से जिले में विकास कार्यों की गति तेज होगी और प्रशासन की जवाबदेही जनता के प्रति और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भी इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, ई0 डिस्ट्रिक मैनेजर देवेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा सभी जन प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक एवं नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम तथा अपराधियों/तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0सं0-1191/2025, धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)(क) बीएनएस एवं धारा 27-ए, 29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त भोला प्रसाद पुत्र रामदयाल प्रसाद निवासी ए-9/24, कायस्थ टोला, प्रहलाद घाट, थाना आदमपुर, कमिश्नरेट वाराणसी तथा उसके पुत्र शुभम जायसवाल द्वारा सुनियोजित एवं संगठित आपराधिक षड्यंत्र के तहत कोडीन युक्त कफ सिरप न्यू फेन्साडिल की नशाखोरी हेतु तस्करी कर अवैध डायवर्जन किया जा रहा था। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा गठित आपराधिक नेटवर्क के माध्यम से उक्त कफ सिरप को भारी मात्रा में अवैध रूप से डायवर्ट कर सीमा पार बांग्लादेश तक विक्रय किया जाता था, जिससे अकूत अवैध धनराशि अर्जित की गई। अभियुक्त शुभम जायसवाल वर्तमान में विदेश पलायन कर चुका है। अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल को विदेश पलायन करते समय दिनांक 29.11.2025 की रात्रि में कोलकाता एयरपोर्ट पर रोककर गिरफ्तार किया गया था। एसआईटी, सोनभद्र पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई करते हुए अभियुक्तगण की अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को चिन्हित किया गया। माननीय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट, सोनभद्र के आदेश दिनांक 22.01.2026 के अनुपालन में दिनांक 23.01.2026 को लगभग 28 करोड़ 50 लाख की संपत्ति जप्त/कुर्क की गई थी। इसी क्रम में अभियुक्तगण एवं उनके परिजनों की अन्य चल-अचल संपत्तियों को चिन्हित करते हुए फ्रीजिंग आदेश पारित कर अनुमोदन हेतु सक्षम प्राधिकारी/प्रशासक SAFEMA कोर्ट, दिल्ली को प्रेषित किया गया।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

- सीसीटीवी के माध्यम से केंद्रों की निगरानी

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शिव नारायण इण्टर कॉलेज एवं सोरावाल इण्टर कॉलेज में स्थापित बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाओं का अवलोकन किया तथा परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, अतःइसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल संबंधित केंद्र व्यवस्थापक एवं उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, समयबद्ध वितरण, परीक्षार्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का पूर्णतःपालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही परीक्षा के दौरान नकल विहीन वातावरण बनाए रखने हेतु केंद्रों पर पर्याप्त सतर्कता बरती जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित बोर्ड परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी एक ही स्थान से की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर सतर्कता बनाए रखें और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध कारतूस रखने के मामले में अभियुक्त को 12 दिन का कारावास व जुर्माना

**हमीरपुर।** थाना ललपुरा क्षेत्र में अवैध कारतूस रखने के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना ललपुरा में वर्ष 2010 में दर्ज मुकदमा संख्या 770/2010 धारा 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त बृजेन्द्र कुमार पुत्र जगरूप निवासी ग्राम नदेहरा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त के कब्जे से दो अदद जिंदा अवैध कारतूस बरामद किए गए थे। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए समयबद्ध रूप से साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इसके परिणामस्वरूप 25 फरवरी 2026 को माननीय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायालय हमीरपुर द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए जेल में बिताई गई अवधि (12 दिवस) की सजा तथा 1,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# बसपा इकलौते विधायक के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित आवास सहित कई ठिकानों पर बुधवार सुबह आयकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई की। यह कार्रवाई वित्तीय लेनदेन और संपत्ति से जुड़े मामलों में की जा रही जांच के तहत बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, गोमतीनगर स्थित आवास पर सुबह करीब 7 बजे आयकर विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ पहुंची। टीम ने मौके पर मौजूद दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गहन जांच शुरू की। सूत्रों का दावा है कि इस कार्रवाई में 50 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। उधर सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली-मारकुंडी इलाके में भी खनन कारोबार से जुड़े प्रतिष्ठानों और आवासों पर एक साथ छापेमारी की गई। आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर एक साथ कार्रवाई होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विभाग की टीमें कई वाहनों के काफिले के साथ पहुंचीं और दस्तावेजों की जांच शुरू की।बताया जा रहा है कि विधायक उमाशंकर सिंह फिलहाल स्वास्थ्य कारणों से लखनऊ स्थित अपने आवास पर ही रह रहे हैं। आयकर विभाग की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार है।छापेमारी की इस कार्रवाई से राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल जांच जारी है।

### उत्तर प्रदेश को हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग एवं ड्रोन हब बनाने की दिशा में जर्मनी में बड़ी पहल

# जर्मनी से यूपी को मिले निवेश के सकारात्मक संकेत: केशव

**अवधनामा ब्यूरो**

- सेंसर, ड्रोन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर पर अंतरराष्ट्रीय संवाद
- वैश्विक कंपनियों ने यूपी में मैन्युफैक्चरिंग पर जताई दिलचस्पी
- आत्मनिर्भर भारत विजन को मिली अंतरराष्ट्रीय मजबूती



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत के विजन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने की मंशा के अनुरूप,उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश एवं उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से जर्मनी प्रवास पर गए भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व कर रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैबिनेट मंत्री (आईटी) सुनील कुमार के साथ अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

उप मुख्यमंत्री ने जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी Fujikura Ltd. के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उन्नत सेंसर प्रौद्योगिकी, स्वायत्त प्लेटफॉर्म तथा स्मार्ट अवसंरचना से जुड़े विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में उत्तर प्रदेश में प्रोटोटाइपिंग एवं उन्नत विनिर्माण इकाई स्थापित करने की संभावनाओं, ऑटोमोटिव एवं ई-व्हीकल सेक्टर हेतु स्मार्ट सेंसर एवं इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के निर्माण, स्मार्ट सिटी एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सहभागिता तथा अनुसंधान एवं नवाचार आधारित सहयोग मॉडल पर गंभीर चर्चा हुई। कंपनी ने प्रदेश में अपनी प्रोटोटाइपिंग तथा मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों की स्थापना को लेकर गहरी रुचि व्यक्त की, जो उत्तर प्रदेश को उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण एवं नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने जर्मनी की अग्रणी ड्रोन निर्माण कंपनी Quantum&Systems GmbH के साथ बैठक कर तकनीक हस्तांतरण, संभावित निवेश मॉडल तथा उत्तर प्रदेश में उन्नत ड्रोन विनिर्माण एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के अवसरों पर विस्तृत विमर्श किया। बैठक में रक्षा एवं नागरिक उपयोग हेतु अत्याधुनिक UAV प्रणाली के विकास, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत औद्योगिक सहयोग तथा अनुसंधान एवं कौशल विकास के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। कंपनी ने अपने एकीकृत मल्टी-डोमेन ड्रोन इकोसिस्टम एवं रक्षा व नागरिक उपयोग के प्रमुख अनुप्रयोगों का प्रस्तुतीकरण किया, जिससे सहयोग की व्यापक संभावनाएं उभरकर सामने आईं।

इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने Telefónica O2 तथा HENSOLDT के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में दूरसंचार, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा सहयोग, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता के दौरान उन्नत संचार नेटवर्क, सुरक्षित कनेक्टिविटी, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक सेंसर एवं एवियोनिक्स सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्लेटफ़ॉर्म तथा परीक्षण एवं उत्पादन हब की स्थापना की संभावनाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर, सुदृढ़ औद्योगिक आधारभूत संरचना एवं निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए प्रदेश में दीर्घकालिक साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक रुख व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर तथा पारदर्शी औद्योगिक नीतियां निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण प्रदान कर रही हैं।

उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार सिंगल विंडो क्लीयरेंस, त्वरित अनुमोदन एवं हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में हुई ये उच्चस्तरीय बैठकें उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक्नोलॉजी, रक्षा विनिर्माण, दूरसंचार एवं स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में एक ठोस एवं दूरगामी कदम सिद्ध होंगी।

## 38 जनपदों के नाविकों को मिलेगी 66077 लाइफ जैकेट

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की नदियों में संचालित पंजीकृत नावों के नाविकों तथा यात्रियों की सुरक्षा हेतु उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा पी.ए.सी. के माध्यम से 38 जनपदों के पंजीकृत नौकाओं के स्वामियों को लाइफ जैकेट वितरित किये जायेंगे।

इस हेतु संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के नियंत्रण में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को नोडल अधिकारी नामित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्थानीय जन प्रतिनिधियों के समक्ष लाइफ जैकेट वितरित करने का निर्देश राहत आयुक्त द्वारा जारी किया गया है। राहत आयुक्त/अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि पी.ए.सी. द्वारा निविदा आमंत्रित करते हुए 38 जनपदों के 811 घाटों पर संचालित 4175 पंजीकृत नौकाओं के लिए 66077 लाइफ जैकेट क्रय किया गया है। इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य आपदा मोचक निधि से पी.ए.सी. को 13 करोड़ 21 लाख 54 हजार रूपये की धनराशि निर्गत की गयी है। उन्होंने बताया कि लाइफ जैकेट वितरित करने के लिए पी.ए.सी. तथा यू.पी.एस.डी.एम.ए. द्वारा समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। लाइफ जैकेट वितरण के सम्बन्ध में पी.ए.सी. से पत्राचार करते हुए 15 दिनों के भीतर लाइफ जैकेट वितरित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पी.ए.सी. तथा उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों की टीम द्वारा लाइफ जैकेट की गुणवत्ता की जांच नियमानुसार लैब से करायी गयी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में बढ़ते जल परिवहन एवं पर्यटन के दृष्टिगत आम जनमानस व यात्रियों की जीवन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राहत आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित बोट सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर नावें पंजीकृत हैं।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु वंचित सभी वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान किए जाने के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी किया है। जारी समय-सारिणी के अनुसार विश्वविद्यालय एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन तथा अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम व संस्था को 27 फरवरी, 2026 तक ब्लॉक करना होगा। इसी प्रकार जनपदीय समिति द्वारा 01 मार्च, 2026 तक डाटा लॉक करना होगा। जनपदीय स्तर विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से लॉक डाटा के आधार पर एनआईसी की राज्य इकाई से 11 मार्च, 2026 तक मांग का सृजन किया जाएगा। धनराशि का अंतरण 16 मार्च, 2026 तक छात्र-छात्राओं के आधार सीडेड/एनपीसीआई से मैप्ड बैंक खातों में किया जाएगा।

## इण्टरनेशनल फिजिक्स ओलम्पियाड में सी.एम.एस. छात्र 'ग्लोबल गोल्ड अवार्ड' से सम्मानित



- सी.एम.एस. के अभिनव अजिंक्य ने अन्तर्राष्ट्रीय तृतीय रैंक अर्जित कर बनाया कीर्तिमान

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के मेधावी छात्रों ने ब्रिटिश फिजिक्स ओलम्पियाड (बी.पी.एच.ओ.) के अन्तर्गत आयोजित 'अन्तर्राष्ट्रीय जूनियर फिजिक्स चैलेन्ज' प्रतियोगिता में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा-9 के छात्र अभिनव अजिंक्य ने अन्तर्राष्ट्रीय तृतीय रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है जबकि प्रत्यूष कुमार सिंह एवं अनमोल उदय कुशवाहा ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः 47वीं एवं 90वीं रैंक अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है। इस शानदार प्रदर्शन हेतु अभिनव अजिंक्य एवं प्रत्यूष कुमार सिंह को 'ग्लोबल गोल्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है जबकि अनमोल उदय कुशवाहा को 'ग्लोबल सिल्वर अवार्ड' से नवाजा गया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति का परिणाम है जिसमें छात्रों को शैक्षिक व तकनीकी उत्कृष्टता प्रदान करने के साथ ही उनमें सकारात्मक सोच, तर्कशक्ति एवं कौशल विकास के प्रयास भी शामिल हैं। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि 'जूनियर फिजिक्स चैलेन्ज' प्रतियोगिता ब्रिटिश फिजिक्स ओलंपियाड, यूके द्वारा आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जिसमें विश्व के अनेक देशों के 10,000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## बारात में महिलाओं का वीडियो बनाने का विरोध करने पर युवक की पिटाई

**लखनऊ।** लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के मौरा गाँव में बुधवार को एक शादी समारोह के दौरान बवाल हो गया। यहाँ अपनी मौसी के लड़के की बारात में आए सर्वेश पाल, निवासी लौंगाखेड़ा ने जब बारातियों द्वारा महिलाओं का वीडियो बनाने का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जानकारी के मुताबिक, ग्राम गुठौली थाना बंथरा से आई बारात में शामिल कुछ युवक नाच-गाने के वक्त महिलाओं का वीडियो बना रहे थे। सर्वेश पाल ने जब उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो वे गाली-गलौज करने लगे। हालांकि, उस समय रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया था।

विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ। बुधवार रात जब सर्वेश खाना खाकर बाहर निकला, तभी अंकित और उसके 4-5 अज्ञात साथियों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। हमले में सर्वेश जमीन पर गिर गया, जिसे देख जनाती पक्ष के लोग उसे बचाने दौड़े। भीड़ को आता देख हमलावर अपनी गाड़ी में बैठकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## एक ट्रिलियन इकोनॉमी लक्ष्य पर नगर विकास : ऊर्जा विभाग की समीक्षा

- ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में दो अहम विभागों की बैठक
- शहरी विकास और ऊर्जा बने आर्थिक प्रगति के मजबूत स्तंभ
- नगरीय सुविधाओं और निर्बाध बिजली पर सरकार का फोकस



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की अलग-अलग समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विकास विभाग की बैठक में प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद,सचिव/निदेशक अनुज झा, विशेष सचिव प्रवीण लक्षकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि ऊर्जा विभाग की समीक्षा में अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान 1 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में दोनों विभागों की भूमिका और संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें शहरी आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक शहरी सुविधाओं के विस्तार, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने तथा निवेश को आकर्षित करने की ठोस रणनीतियों पर विशेष बल दिया गया। अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग प्रदेश की आर्थिक प्रगति के दो सशक्त स्तंभ हैं। यदि शहरी सेवाएं सुदृढ़ और पारदर्शी हों तथा विद्युत आपूर्ति निर्बाध एवं विश्वसनीय हो, तो उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्ष्य आधारित कार्ययोजना बनाकर उसे समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी ढंग से धरातल पर उतारा जाए। मंत्री जी ने विभागीय समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने, प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा सुशासन की भावना के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र की चर्चा के दौरान ऊर्जा मंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत उत्पन्न हो रही विद्युत के वैल्यूएशन (मूल्यांकन) प्रमुखता से उठाया गया। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट कहा कि इन योजनाओं के तहत उत्पादित बिजली का मूल्यांकन ऊर्जा विभाग के समेकित आंकड़ों में शामिल न होने से प्रदेश की वास्तविक उपलब्धियां परिलक्षित नहीं हो पाएंगी।

## लखनऊ में रविदास मंदिर को मिलेगा आधुनिक स्वरूप : जयवीर सिंह

- बारा बिरवा रविदास मंदिर का होगा भव्य पर्यटन विकास
- रविदास मंदिर सौंदर्यीकरण पर 80 लाख से अधिक की लागत



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कानपुर रोड स्थित बारा बिरवा का प्रसिद्ध रविदास मंदिर अब भव्य और आधुनिक स्वरूप में नजर आएगा। श्रद्धालुओं की सुविधाओं और बढ़ते पर्यटन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने मंदिर के व्यापक पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण का खाका तैयार किया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 80.27 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे, जिनमें से 60 लाख रुपए की प्रथम किस्त जारी कर विकास कार्यों को गति दे दी गई है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो सके। परियोजना अंतर्गत परिसर में अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाएगा, जिसमें सिविल, प्लंबिंग और फायर सेफ्टी से जुड़े सभी आवश्यक कार्य शामिल होंगे। साथ ही, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डॉरमेट्री सहित सुविधा संपन्न टूरिस्ट रेस्ट रूम का निर्माण भी होगा। यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुदृढ़ करेगी, बल्कि लखनऊ की धार्मिक पर्यटन छवि को भी नई पहचान देगी।

श्रद्धालुओं को सुगम और सुव्यवस्थित दर्शन अनुभव प्रदान करने के लिए मंदिर परिसर में अलग-अलग स्थानों पर दिशा सूचक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि बाहर से आने वाले भक्तों को मंदिर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल भी स्थापित किया जाएगा, जिससे बिजली व्यवस्था सुदृढ़ होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच तथा स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु डस्टबिन की समुचित व्यवस्था की जाएगी, जिससे परिसर साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित बना रहे।

## मत्स्य पालन को नई दिशा देगा मीन महोत्सव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद ने आज यहां गोमतीनगर स्थित होटल ताज में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में मीन महोत्सव (एक्वा एक्सपो) का आयोजन दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 1000 मत्स्य पालक सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रसार, उद्यमिता संवर्धन तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि हेतु समन्वित मंच उपलब्ध कराना है। किसानों की जमीनी समस्याओं का समाधान, नवीन तकनीकी नवाचारों को व्यवहारिक रूप से समझाना, मत्स्य पालन को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाना, व्यापार में वृद्धि करना, एक्वा पर्यटन को बढ़ावा देना तथा पोषण सुरक्षा पर रहेगा।

## किसान टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर पर दर्ज करा सकतें हैं शिकायत

**लखनऊ।** प्रदेश की कुछ चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को निर्गत गन्ना आपूर्ति पर्ची पर अंकित प्रजाति को डिग्रेड कर गन्ना खरीद करने की जानकारी संज्ञान में आई है। इसकी शिकायत विभागीय टोल फ्री नम्बर पर भी प्राप्त हुई हैं। किसानों की लिखित सहमति के बिना गन्ना पर्ची डिग्रेड कर गन्ना तौल करने वाली चीनी मिलों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध जिला एवं परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि डिग्रेड कर गन्ना तौल करने संबंधी प्रकरण में विधिमान्य व संगत नियमों के अनुरूप जाँच कराकर यह सुनिश्चित किया जाये कि किसान द्वारा लाये गये गन्नें को चीनी मिल द्वारा डिग्रेड वैरायटी में परिवर्तित कर गन्ना आपूर्ति करने के लिए किसान की लिखित सहमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाये इस संबंध में कृषकों से अपील है कि गन्ना आपूर्ति के समय डिग्रेड वैरायटी में परिवर्तित करनें संबंधी किसी प्रकार की समस्या होने पर विभागीय टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800 121 3203 पर दर्ज करा सकते हैं।

## ऐशबाग रेलवे कॉलोनी में पार्क निर्माण पर सहमति

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मंडल में पूर्वोत्तर रेलवे की मान्यता प्राप्त यूनियन एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस और प्रशासन के बीच लखनऊ परिक्षेत्र की कॉलोनी एवं उन में रहने वाले कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के उचित रहन-सहन, आवास मेंटेनेंस, साफ सफाई, सीवर निस्तारण, कूड़ा निस्तारण, जंगल साफ सफाई, डेली हाइजीन मेंटेनेंस, सड़क निर्माण, समुचित विद्युत व्यवस्था, समुचित स्वच्छ पेयजल व्यवस्था आदि को लेकर बैठक खुले मंच कॉलोनी वासियों के बीच की गई। जिस पर समस्त जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्वरित निस्तारण हेतु यूनियन के मंडल मंत्री एवं पदाधिकारियों ने मांग की।

ऐशबाग रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कालोनी में पार्क निर्माण के लिए आम सहमति बनी। मुख्य स्वास्थ्य इंस्पेक्टर द्वारा एक सप्ताह के अंदर क्षेत्र में साफ सफाई संबंधित व्यवस्था को पूर्ण करने की सहमति बनी। सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य द्वारा नाली सीवर निर्माण एवं आवासों के मेंटेनेंस को लेकर गंभीरता दिखाई गई।

आवास समिति की बैठक से सुखद परिणाम निकलकर सामने आएंगे कॉलोनी वासियों ने यूनियन तथा उसके पदाधिकारी को धन्यवाद व्यक्त किया। इस मीटिंग के दौरान सहायक नगर इंजीनियर आर के मिश्रा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य ऐशबाग,लखनऊ जंक्शन,एवं बंदरिया बाग तथा मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक लखनऊ जंक्शन एवं ऐशबाग ,सीनियर सेक्शन इंजीनियर विद्युत पावर ,चीफ ओ एस सौरभ यूनियन की तरफ से मंडल मंत्री राकेश चंद्र वर्मा मंडल कोषाध्यक्ष इवेंद्र नागवंशी, संबंधित शाखाओं से शाखा मंत्री रामकिशन यादव, पंडित वसीम खान ,मनीष श्रीवास्तव ,प्रफुल्ल कुमार सिंह , शाखा अध्यक्ष दीपू पाल, बलविंदर कुमार ,प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष महेंद्र पाल चौधरी, ओम प्रकाश यादव ,अवधेश कुमार ,सुधीर खरे ,अंकितगिरी ,ज्ञानेश्वर सिंह आदि ने ऐशबाग रेलवे कालोनी में डोर टू डोर निरीक्षण किया।

# रमज़ान: सवालों के जवाब

## शरायत के मुताबिक बेटा मर्जा-ए-तकलीद का इंतेखाब कर सकता है: शिया हेल्पलाइन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी से जारी शिया हेल्पलाइन पर नीचे दिए गये सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी हेल्पलाइन शुरू की गयी है जिसमें महिलाओं के सवालों के जवाब खातून आलेमा देगीं।

**हेल्पलाइन नम्बर**

महिला 6386897124

पुरूष 9415580936 व 9839097407

समय सुबह 10 से 12 बजे

**सवाल-** क्या बेटे पर लाजिम है कि वह उस मर्जा की तकलीद करे जिस मर्जा की तकलीद उसके वालिद कर रहे हैं?

**जवाब-** बेटे पर खुद लाज़िम है कि वह शरायत के मुताबिक मर्जा-ए-तकलीद का इंतेखाब करे।

**सवाल-** अगर कोई शखस सूरज निकलने के बाद बेदार हो और कज़ा रोजा रखने का इरादा करे और उसने पानी पिया हो लेकिन यह न मालूम हो कि तुलू-ए-फज्र से पहले पिया था या बाद में पिया था, तो उसके रोजे का क्या हुक्म है?

**जवाब-** उसका रोजा सही होगा।

**सवाल-** रोजे की हालत में नाक में पानी डालने और कुल्ली करने से रोजा टूट जाएगा?

**जवाब-** वुजू से पहले नाक में पानी डालने और कुल्ली करने से रोजा नहीं टूटेगा।

**सवाल-** वह बीमार जिसने बीमार होने से पहले पूरे रमजान के रोजे की नियत की थी, उस मरीज के लिए क्या हुक्म है?

**जवाब-** क्योंकि बीमारी इत्तेफाकन है, लिहाजा वह रोजा छोड़ देगा और फिदया देगा।

**सवाल-** क्या कोई बेटा अपनी माँ को जकात दे सकता है?

**जवाब-** बेटे पर फर्ज है कि वह अपने वालिदैन का मुकम्मल ख़याल रखे, अलबत्ता जकात दी जा सकती है।

### जबरन कब्ज़ा किये मकान में नमाज़ बातिल होगी

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिंद के ज़ेरे एहतेमाम जारी माहे रमज़ान हेल्पलाइन पर पूछे गए सवालात जवाबात रहबर-ए-मुअज्ज़म आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनई के फ़तवों के मुताबिक़ हैं।

**हेल्पलाइन नंबर**

पुरुष- 9833028596

महिला- 7390026883

**सवाल-**मेरे मसूड़ों से अक्सर खून निकलता रहता है जो लार (थूक) में मिल जाता है। कभी-कभी मुझे यह पता नहीं चलता कि जो लार गले से नीचे गई है उसमें खून मिला था या नहीं। ऐसी सूरत में रोज़े का क्या हुक्म है?

**जवाब-**अगर मसूड़ों से निकलने वाला खून लार में इस तरह मिल जाए कि उसका असर खत्म हो जाए (यानी वह बिल्कुल घुल-मिल जाए), तो वह पाक माना जाएगा। इसी तरह अगर शक हो कि लार में खून मिला है या नहीं, तब भी उसे निगलने से रोज़ा फासिद नहीं होगा।

**सवाल-** आजकल क़ुतुबनुमा (कंपास) आम है, क्या उस पर भरोसा किया जा सकता है?

**जवाब-** अगर क़ुतुबनुमा (कंपास) से क़िब्ले के रुख़ का इत्मीनान हो जाए, तो उसके मुताबिक अमल करना वाजिब है। वरना क़िब्ले का रुख़ तय करने के लिए मस्जिदों के मेहराब और मुसलमानों की कब्रों पर भरोसा करना चाहिए।

**सवाल-** मस्जिद में बुजुर्ग शख्सियतों और उलमा की तस्वीरें लगाना और ऐसी मस्जिद में नमाज़ पढ़ने का क्या हुक्म है?

**जवाब-** कोई हरज नहीं है, लेकिन अगर ये तस्वीरें मस्जिद के हॉल के अंदर हों तो बेहतर है कि नमाज़ के वक्त उन्हें किसी तरह ढक दिया जाए।

**सवाल-** जो शख्स ऐसे सरकारी मकान में रहता है जिसकी रहने की मुद्दत खत्म हो चुकी है और मकान खाली करने का नोटिस भी मिल चुका है, तो तय तारीख के बाद उस मकान में नमाज़ और रोज़े का क्या हुक्म है?

**जवाब-**अगर तय तारीख के बाद संबंधित अधिकारी की तरफ से वहां रहने की इजाज़त न हो, तो उस मकान में रहना ग़सब (जबरन कब्ज़ा) के हुक्म में है और नमाज़ बातिल होगी।

### सहरी देर से खाना अफज़ल है : सुन्नी हेल्पलाइन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रमजान हेल्पलाइन में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोज़ेदारों के सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने दिये।

**हेल्पलाइन नम्बर**

9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677

**सवाल-** सहरी में बहुत से लोग रात में मस्जिद से ज़ोर ज़ोर से पुकारते हैं, नातें पढ़ते हैं, यह कैसा है?

**जवाब -** इस्लाम में किसी को तकलीफ पहुंचाना जायज़ नही है इस लिए रात में मस्जिद के माइक से ज्यादा शोर मचाना मुनासिब नही है। केवल दो तीन बार वक्त का ऐलान कर दें। यह मुनासिब होगा।

**सवाल-** नमाज़ में तरह तरह के ख्यालात और वसवसे आते हैं? क्या किया जाए?

**जवाब-** इन वसवसों और ख्यालात पर अपने जहन को जमने न दिया जाए। अगर नमाज़ में उन पर जहन ठहर गया तो नमाज़ फासिद हो जायेगी।

**सवाल-**सहरी किस वक्त खाना अफज़ल है?

**जवाब-**सहरी देर से करना अफजल है।

**सवाल-** किया औरतें भी तरावीह पढ़ सकती हैं?

**जवाब-** जी हाँ! औरतों के लिए भी तरावीह मसनून है।

**सवाल-** रमजान में कौन कौन से वजायफ ज्यादा पढ़ना चाहिए?

**जवाब-** नबी पाक का इरशाद है कि इस माह में चार काम ज्यादा करो, एक कलमा तय्यब का विर्द, दूसरे इस्तिग़फार, तीसरे ज्यादा से ज्यादा जन्नत की तलब, चौथे जहन्नम से पनाह।